# वर्ष 2017–18 बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्यक्रम

## मिशन 100 शेखावाटी

## मॉडल पेपर एवं प्रश्न कोष

## कक्षा–10

## विषय– सामाजिक विज्ञान

सर्वश्रेष्ठ संकलन, सर्वश्रेष्ठ सफलता प्राप्ति हेतु


| संरक्षक | मार्गदर्शक | सहमार्गदर्शक |
|---|---|---|
| सहमार्गदशक | डॉ. महेन्द्र चौधरी | पितराम काला |
| नथमल डिडेल (आई.ए.एस.) | उप निदेशक, मा.शि.चूरू संभाग | जिला शि.अ.मा. चूरू |
| निदेशक, मा.शि.रा.बीकानेर | | |

| सहमार्गदर्शक | सहमार्गदर्शक | नियंत्रण कक्ष प्रभारी |
|---|---|---|
| सम्पत राम | संतकुमार दहिया | अविनाश कुमार प्राध्यापक |
| जिला शि.अ.प्रा. चूरू | प्रभारी आईएफआईसी डाईट चूरू | रा.आ.उ.मा.वि.सहजूसर, चूरू |

लेखन संकलन व निर्माण

जगवीर सिंह पूनियां अध्यापक

(एम.ए. एम.एड., नेट शिक्षा, नेट  इतिहास, सेट राजनीति विज्ञान)

रा.उ.प्रा.वि, मघाउ, विजयपुरा



कार्यालयः– उपनिदेशक, माध्यमिक शिक्षा, चूरू संभाग, चूरू(राजस्थान)

## माध्यमिक शिक्षा विभाग चुरू द्वारा प्रकाशित होने वाला मॉडल प्रश्न बैंक
## माध्यमिक परीक्षा कक्षा 10
## सामाजिक विज्ञान

---

### अति लघुतरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1. किसने देश की ''नदी–घाटी परियोजनाओं को पुनरूत्थित भारत का नवीन मन्दिर'' बताया है ?

**उत्तर– पंडिण्त जवाहर लाल नेहरू।**

प्रश्न 2. किस नदी को पश्चिम बंगाल का शोक कहा जाता है ?

**उत्तर– दामोदर नदी।**

प्रश्न 3. चाँद बावड़ी कहाँ स्थित है ?

**उत्तर– आभानेरी दौसा।**

प्रश्न 4. एशिया की सबसे बड़ी मानव निर्मित नहर कौनसी है ?

**उत्तर– इन्दिरा गांधी नहर।**

प्रश्न 5. राजस्थान में आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए कौनसी बहुउद्देश्यीय परियोजना है ?

**उत्तर– माही बजाज सागर परियोजना।**

प्रश्न 6. माही बजाज सागर परियोजना किन राज्यों की संयुक्त परियोजना है ?

**उत्तर– राजस्थान एवं गुजरात की संयुक्त परियोजना।**

प्रश्न 7. इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना की लिफ्ट नहरों की संख्या कितनी है ?

**उत्तर– सात।**

प्रश्न 8. भाखड़ा नांगल परियोजना किन राज्यों की संयुक्त परियोजना है ?

**उत्तर– पंजाब, हरियाणा, राजस्थान की संयुक्त परियोजना।**

प्रश्न 9. मेजा बाँध किस जिले में स्थित है व किस नदी पर है ?

**उत्तर– भीलवाड़ा जिले में स्थित है व कोठारी नदी पर है।**

प्रश्न 10. मयूराक्षी व फरक्का परियोजना का सम्बन्ध किस राज्य से है ?

**उत्तर– पश्चिमी बंग।**

प्रश्न 11. राजस्थान में राणा प्रताप सागर बाँध किस जिले में है ?

**उत्तर– चितोड़गढ़।**

प्रश्न 12. तालछापर किस जिले में स्थित है व क्यों प्रसिद्ध हैं ?

**उत्तर– चूरू जिले में स्थित है व काले हिरणों के लिए प्रसिद्ध है।**

प्रश्न 13. सोम अम्बा कमला परियोजना से किन जिलों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होती है ?

**उत्तर– डुगरपुर, उदयपुर।**

प्रश्न 14. राजसमन्द झील का निर्माण किसने करवाया ?

**उत्तर– राणा राजसिंह।**

प्रश्न 15. चन्द्रगुप्त मोर्य ने किस झील का निर्माण करवाया ?

**उत्तर– सुदर्शन झील।**

प्रश्न 16. पांचना बाँध कहाँ स्थित है ?

**उत्तर– करौली।**

प्रश्न 17. तापी बावडी कहाँ स्थित है ?

**उत्तर– जोधपुर।**

प्रश्न 18. विनाता की बावडी कहाँ स्थित है ?

**उत्तर– चितौड़गढ़।**

प्रश्न 19. भाडारेंज बावडी कहाँ स्थित है ?

**उत्तर– दौसा।**

प्रश्न 20. सिटी ऑफ स्टैप वेल्स किस शहर को कहा जाता है ?

**उत्तर– उदयपुर।**

प्रश्न 21. गडीसर व गजरूपसागर किस जिले के प्रसिद्ध तालाब है ?

**उत्तर– जैसलमेर।**

प्रश्न 22. सेनापानी व बानकिया तालाब किस जिले में है ?

**उत्तर– चितौड़गढ़।**

प्रश्न 23. हेमाबास तालाब किस जिले में स्थित है ?

**उत्तर– पाली में।**

प्रश्न 24. सरेरी व मेजा तालाब किस जिले में स्थित है ?

**उत्तर– भीलवाड़ा।**

प्रश्न 25. बाकली बांध किस जिले में स्थित है ?

**उत्तर– जालोर।**

प्रश्न 26. नवलखा झील किस जिले में स्थित है ?

**उत्तर– बूदी।**

प्रश्न 27. नौ चौकी झील किस जिले में स्थित है ?

**उत्तर– राजसमंद।**

प्रश्न 28. पिछौला व फतेहसागर झील किस जिले में स्थित है ?

**उत्तर– उदयपुर।**

प्रश्न 29. सरदारसमन्द झील किस जिले में स्थित है ?

**उत्तर– पाली।**

प्रश्न 30. किसी नदी को उड़ीसा का शोक कहा जाता है ?

**उत्तर– महानदी को।**

प्रश्न 31. टोरडी सागर बाँध किस जिले में स्थित है ?

**उत्तर– टोंक।**

प्रश्न 32. राजस्थान में जल संग्रहण हेतु टांके का निर्माण किन क्षेत्रों में किया जाता है।

**उत्तर– पश्चिमी राजस्थान।**

प्रश्न 33. जल प्रबंधन से क्या तात्पर्य है ?

**उत्तर– जल के वितरण, विकास व सुव्यवस्थित उपयोग के लिए की गई सभी तकनीक, योजनाएं सम्मिलित होती है जो जल की मांग व पूर्ति में सामंजस्य स्थापित करती है।**

प्रश्न 34. बैराज से क्या तात्पर्य है ?

**उत्तर– बैराज से तात्पर्य जहाँ सिचाई के लिए नहरों को निकाला जाता है जैसे हरिके बैराज तथा कोटा बैराज।**

प्रश्न 35. जयपुर शहर को किस परियोजना से पेयजल की आपूर्ति होती है ?

**उत्तर– बिसलपुर परियोजना।**

प्रश्न 36. जैसलमेर जिले में मध्यकाल में पालीवाल ब्रह्मणों द्वारा अपनाई गई जल संरक्षण तथा जल प्रबन्ध की तकनीक है ?

**उत्तर– खड़ीन तकनीक।**

प्रश्न 37. चम्बल घाटी परियोजना किन राज्यों की संयुक्त परियोजना है ?

**उत्तर– राजस्थान व मध्य प्रदेश।**

प्रश्न 38. माही बजाज सागर परियोजना से राजस्थान के किन जिलों में सिंचाई की जाती है ?

**उत्तर– डुंगरपुर, बांसवाड़ा जिले में।**

प्रश्न 39. पृथ्वी के धरातल पर जल का कितने प्रतिशत में खारेपन के रूप में पाया जाता है ?

**उत्तर– 97 प्रतिशत।**

प्रश्न 40. इन्दिरा गांधी नहर कुल लम्बाई कितनी है ?

**उत्तर– 649 किलोमीटर।**

प्रश्न 41. राजस्थान के कितने जिले इन्दिरा गांधी नहर से लाभान्वित है ?

**उत्तर– 9 जिले में (29 कस्बे, 3461 गांव)।**

प्रश्न 42. मुख्यमंत्री जल स्वालम्बन योजना कब व कहां से प्रारम्भ कि गई ?

**उत्तर– 27 जनवरी 2016, गर्दन खेड़ी (पिड़ावा झालावाड़)।**

प्रश्न 43. इन्दिरा गांधी नहर का आरम्भिक व अन्तिम कहां है ?

**उत्तर– मसीतावाली से मोहनगढ़ के अन्तिम बिन्दु तक का भाग (अब इस परियोजना को बाड़मेर के गडरारोड़ तक बढ़ा दिया है।**

प्रश्न 44. मनोहर सागर तालाब किस जिले में स्थित है ?

**उत्तर– कोटा जिले में।**

प्रश्न 45. जोहड़ से क्या अभिप्रायः है ?

**उत्तर– शेखावाटी क्षेत्र सीकर, झुंझुनूं व चूरू में वर्षा के जल संग्रहण का स्वरूप है।**

प्रश्न 46. पिकअप का प्रमुख कार्य क्या है ?

**उत्तर– पिकअप बाँध से विभिन्न बाँधों से छोड़े जाने वाले पानी को रोकने का कार्य करता है इसके बाद समान रूप से वितरित किया जाता है।**

प्रश्न 47. खडीन से क्या अभिप्राय है ?

**उत्तर– खड़ीन वस्तुतः कृषि भूमि होती है जो जैसलमेर जिले में मध्यकाल में पालीवाल ब्राहमणों द्वारा अपनाई गई। जलसंरक्षण, जल प्रबंधन की तकनीक जो कृषि तथा पेयजल के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है।**

प्रश्न 48. जल स्वालम्बन योजना का मुख्य अद्देश्य क्या है ?

**उत्तर– जल स्वालम्बन में भू–जल तथा सतही जल का स्थानीय स्तर पर जल का प्रबंधन व संरक्षण कर आत्मनिर्भर होना है।**

प्रश्न 49. नाडी क्या है ?

**उत्तर– सामान्यतः तालाब का छोटा रूप होता है। नाडी में रेतीले मैदानी भाग में वर्षाजल को एकत्रित किया जाता है। जो प्रायः पश्चिमी राजस्थान में अधिकाशतः पायी जाती है।**

प्रश्न 50. मिट्टी से निर्मित बांध कौनसा है ?

**उत्तर– पाँचना बाँध।**

प्रश्न 51. जाखम परियोजना से लाभान्वित किन्हीं जिलों का नाम बताइयें।

**उत्तर– चित्तौड़गढ तथा उदयपुर व प्रतापगढ़**

प्रश्न 52 भारत में कुल जनसंख्या का कितने प्रतिशत भाग प्रत्यक्ष रूप से कृषि पर आश्रित है?

**उत्तर– 54.6 प्रतिशत**

प्रश्न 53. देश के सकल घरेलू उत्पाद का कितने प्रतिशत भाग कृषि से प्राप्त होता है?

**उत्तर– 17.4**

प्रश्न 54. भारत में कृषि को ऋतुओं के आधार पर कितने भागों में बांटा गया है?

**उत्तर– तीन भागों में बाटाँ गया है– 1खरीफ फसल, 2रबी फसल, 3जायद की फसल**

प्रश्न 55. खरीफ की फसल कब बोयी जाती है तथा कब काटी जाती है?

**उत्तर– खरीफ की फसल जून–जुलाई में बोयी जाती है तथा अक्टूबर–नवम्बर में काटी जाती है।**

प्रश्न 56. रबी की फसल कब बोयी जाती है तथा कब काटी जाती है?

**उत्तर– रबी की फसल अक्टूबर–नवम्बर में बोयी जाती है तथा मार्च–अप्रेल में काटी जाती है।**

प्रश्न 57. जायद की फसल कब बोयी जाती है तथा कब काटी जाती है?

**उत्तर– जायद की फसल फरवरी–अप्रेल में बोयी जाती है जून–जुलाई में काटी जाती है।**

प्रश्न 58. भारत की कोई दो प्रमुख खरीफ की फसलों के नाम लिखों।

**उत्तर– खरीफ की फसले चावल, मक्का, बाजरा, मुंगफली, मूँग, उड़द आदि।**

प्रश्न 59. भारत की कोई दो प्रमुख रबी की फसलों के नाम बताइये।

**उत्तर– रबी की फसलें गैहू, सरसों, चना, अलसी आदि ।**

प्रश्न 60. भारत की कोई दो प्रमुख जायद फसलों के नाम बताओं?

**उत्तर– जायद की फसलें तरबूज, लौकी, ककड़ी, खीरा आदि ।**

प्रश्न 61. भारत का विश्व में गेंहू उत्पादन की दृष्टि से कौनसा स्थान है?

**उत्तर– तीसरा स्थान**

प्रश्न 62. गेहूं उत्पादन में राजस्थान में प्रथम स्थान किस जिले का है?

**उत्तर– गंगानगर**

प्रश्न 63. भारत का चावल उत्पादन में विश्व में कौनसा स्थान है?

**उत्तर– दूसरा स्थान**

प्रश्न 64. भारत की प्रमुख दो दलहनों के नाम बताइये?

**उत्तर– चना व अरहर**

प्रश्न 65. भारत में मूंग उत्पादन में प्रथम स्थान किस राज्य का है?

**उत्तर– राजस्थान**

प्रश्न 66. भारत की प्रमुख व्यावसायिक फसलों के नाम लिखिए?

**उत्तर– गन्ना, कपास, तिलहन, जूट, तम्बाकू**

प्रश्न 67. भारत में गन्ने का सर्वाधिक उत्पादन राज्य कौनसा है?

**उत्तर– उत्तरप्रदेश**

प्रश्न 68. भारत में हरित क्रांति किस फसल की क्रांति है?

**उत्तर– गेहू की फसल**

प्रश्न 69. भारत मे खाद्यान्न फसलें कौन–कौनसी है?

**उत्तर– चावल व गेहू**

प्रश्न 71. भारत की प्रमुख मुद्रादायिनी फसलों के नाम बताइये?

**उत्तर– गन्ना, कपास, तिलहन, जूट**

प्रश्न 72. भारत की दो प्रमुख बागाती फसलों के नाम बताइये?

**उत्तर– चाय, कॉफी, रबड़**

प्रश्न 73. भारत में चावल उत्पादक प्रमुख राज्यों के नाम बताइये?

**उत्तर– पं.बंगाल, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उड़ीसा, बिहार, तमिलनाडु आदि।**

प्रश्न 74. भारत में मक्का उत्पादक प्रमुख राज्यों के नाम बताइये?

**उत्तर– आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, गुजरात, आदि।**

प्रश्न 75. भारत में बाजरा उत्पादक प्रमुख राज्यों के नाम बताइये?

**उत्तर– राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तरप्रदेश आदि।**

प्रश्न 76. भारत में दलहन उत्पादक प्रमुख राज्यों के नाम बताइये?

**उत्तर– पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र**

प्रश्न 77. भारत में गन्ना उत्पादक प्रमुख राज्यों के नाम बताइये?

**उत्तर– उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, गुजरात प्रमुख है।**

प्रश्न 78. भारत में कपास उत्पादक प्रमुख राज्यों के नाम बताइये?

**उत्तर– गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु आदि।**

प्रश्न 79. भारत में मूंगफली उत्पादक प्रमुख राज्यों के नाम बताइये?

**उत्तर– गुजरात, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, आदि।**

प्रश्न 80. भारत में सरसों उत्पादक प्रमुख राज्यों के नाम बताइये?

**उत्तर– राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात आदि।**

प्रश्न 81. भारत में मक्का किसके द्वारा लायी गई?

**उत्तर– 17वीं. सदी में पुर्तगालियों के द्वारा भारत में लाया गया था।**

प्रश्न 82. भारत में गन्ने का उपयोग किसमें किया जाता है?

**उत्तर– भारत में गन्ने का उपयोग गुड़, चीनी, व एल्कोहल बनाने के लिए किया जाता है।**

प्रश्न 83. लम्बे व महीन रेशे वाली अमेरिकन कपास का उत्पादन किन राज्यों में होता है?

**उत्तर– पंजाब, हरियाणा, राजस्थान,**

प्रश्न 84. मूँगफली किस देश की मूल फसल है?

**उत्तर– ब्राजील की मूल फसल है।**

प्रश्न 85. भारत में सरसों उत्पादन में प्रथम स्थान किस राज्य का है?

**उत्तर– सरसों उत्पादन में राजस्थान का प्रथम स्थान है।**

प्रश्न 86. अरण्डी का उपयोग किसमें किया जाता है?

**उत्तर– अरण्डी का उपयोग मशीनों में स्नेहक, साबुन बनाने, चमड़ा शोधन आदि में किया जाता है।**

प्रश्न 87. भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि के कोई दो महत्त्व बताइये?

**उत्तर– 1.रोजगार का साधन 2.उद्योगों के लिये कच्चे माल की आपूर्ति।**

प्रश्न 88. गन्ने की उत्पादकता दक्षिणी भारत में अधिक क्यों है?

**उत्तर– दक्षिण भारत में आर्द्र जलवायु के कारण गन्ने की उत्पादकता वहाँ अधिक है।**

प्रश्न 89. नरमा से आप क्या समझते है?

**उत्तर– नरमा लम्बे व महीन रेशे वाली अमेरिकन कपास है।**

प्रश्न 90. अरहर का सर्वाधिक उत्पादन किस राज्य में होता है?

**उत्तर– अरहर के उत्पादक में महाराष्ट्र का प्रथम स्थान है।**

प्रश्न 91. मुद्रादायिनी फसलों से क्या आशय है?

**उत्तर– मुद्रादायिनी फसलें वे फसलें हैं जिनका उपयोग व्यावसायिक ऋतुओं के कार्यो के लिए या उद्योग में कच्चे माल के रूप में प्रयोग किया जाता है।**

प्रश्न 92. राजस्थान में शुष्क कृषि किन जिलों में की जाती है?

**उत्तर– राजस्थान में शुष्क कृषि मुख्यतः पश्चिमी राजस्थान के रेगिस्तानी जिलों में की जाती है।**

प्रश्न 93. मक्का किन उद्योगों के लिए कच्चा माल प्रदान करती है।

**उत्तर– मक्का स्टार्च व ग्लूकोज निर्माण करने वाले उद्योगों को कच्चा माल प्रदान करती है।**

प्रश्न 94. कपास की फसल के लिए तापमान एवं वर्षा की कितनी आवश्यकता होती है।

**उत्तर– कपास के लिए $20^0$ से $35^0$ सेन्टीग्रेड तापमान एवं 80 से 150 सेन्टीग्रेड वर्षा की आवश्यकता होती है।**

प्रश्न 95. भारत में चावल की कितनी फसलें ली जाती है?

**उत्तर– भारत में तीन फसलें अमन ओस एवं बोरो ली जाती है।**

प्रश्न 96. स्थानान्तरित अथवा झूंमिग कृषि किसे कहते है?.

**उत्तर– भारत के आदिवासी क्षेत्रों में जहा जंगलों को जला कर उस स्थान पर कृषि कार्य किया जाता है।**

प्रश्न 97. सिंचित कृषि से क्या तात्पर्य है?

**उत्तर– ऐसी कृषि जिसमें सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो तथा सिंचाई द्वारा कृषि हो उसे सिंचित कृषि कहा जाता है।**

प्रश्न 98. चावल की फसल के लिए कितने तापमान एवं वर्षा की आवश्यकता होती है?

**उत्तर– चावल के लिए $19^0$ से $27^0$ सेन्टीग्रेड तापमान एवं 75 से 200 सेन्टीमीटर वर्षा की आवश्यकता होती है।**

प्रश्न 99. गेहूँ की फसल के लिए कितने तापमान एवं वर्षा की आवश्यकता होती है?

**उत्तर– गेहूँ की फसल हेतु $10^0$ से $25^0$ सेन्टीग्रेड तापमान एवं 25 से 75 सेन्टीमीटर वर्षा की आवश्यकता होती है।**

प्रश्न 100. गन्ने की फसल के लिए किस प्रकार की मिट्टी उपयुक्त है?

**उत्तर– नमी युक्त चिकनी दोमट व कच्छारी मिट्टी उपयुक्त है।**

प्रश्न 101. सिंचाई किसे कहते है?

**उत्तर– मिट्टी में नमी बनाए रखने के लिए कृत्रिम रूप से फसलों को जल प्रदान किया जाता है।**

प्रश्न 102. किस फसल को सुनहरी रेशा कहा जाता है?

**उत्तर– कपास**

प्रश्न 103. खनिज संसाधन किसे कहते है?

**उत्तर– खनिज से तात्पर्य भूमि से खनन क्रिया के द्वारा निकाले गये रासायनिक तथा भौतिक गुण पदार्थ होते है, जो मानव के लिए उपयोगी होते हैं उन्हें खनिज संसाधन कहा जाता है।**

प्रश्न 104. भारत में अधिकांश खनिज भण्डार किस क्षेत्र में स्थित है?

**उत्तर– भारत में अधिकांश खनिज भण्डार प्रायद्वीपीय पठारी भाग, अरावली पर्वतीय क्षेत्र, ब्रह्मपुत्र घाटी, हिमालय क्षेत्र तथा दक्षिण तटीय प्रदेश में स्थित है।**

प्रश्न 105. भारत में प्रथम औद्योगिक नीति कब जारी की गई है ?

**उत्तर– स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद 1948 में प्रथम औद्योगिक नीति जारी की गई।**

प्रश्न 106. भारत में पाए जाने वाले दो धात्विक खनिजों के नाम बताइए?

**उत्तर– (1) लौह अयस्क (2) ताँबा।**

प्रश्न 107. भारत में पाए जाने वाले कोई अधात्विक खनिजों के नाम बताइए।

**उत्तर– (1) अभ्रक (2) जिप्सम।**

प्रश्न 108. एशिया की सबसे बड़ी लौह अयस्क की खान कौनसी है?

**उत्तर– बेलाडिला खान एशिया की सबसे बड़ी लौह अयस्क की खान है।**

प्रश्न 109. भारत में प्रमुख चार लौह अयस्क उत्पादक राज्यों के नाम बताइए।

**उत्तर– भारत में लौह अयस्क उड़ीसा, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ गोवा, झारखण्ड, तमिलनाडु, राजस्थान में पाया जाता है।**

प्रश्न 110. राजस्थान में ताम्रनगरी के रूप में प्रसिद्ध है ?

**उत्तर– खेतड़ी (झुन्झुनू )**

प्रश्न 111. भारत में तांबें के शोधन किसके पास है?

**उत्तर– भारत में तांबे का शोधन का एकमात्र अधिकार सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनी हिन्दुस्थान कॉपर लिमिटेड के पास है।**

प्रश्न 112. विश्व में अभ्रक उत्पादन में प्रथम स्थान किस देश का है?

**उत्तर– भारत का अभ्रक उत्पादन में प्रथम स्थान है।**

प्रश्न 113. अभ्रक का उपयोग लिखिए।

**उत्तर– यह उच्च ताप सहन करने तथा कुचालक प्रकृति का परतदार तथा चमकीला खनिज होता है जो कि विद्युत कार्य, वायुयान उद्योग, सैन्य साज सामान में प्रयोग में आता है।**

प्रश्न 114. राजस्थान में जावर की खान किस जिले में स्थित है यह क्यो प्रसिद्ध है?

**उत्तर– उदयपुर जिले में स्थित है सीसा व जस्ता उत्पादन हेतू प्रसिद्ध है।**

प्रश्न 115. हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड कहां स्थित है?

**उत्तर– उदयपुर में स्थित है।**

प्रश्न 116. भारत में सर्वप्रथम कोयला कब व कहां निकाला गया था?

**उत्तर– 1814 में रानीगंज में निकाला गया था।**

प्रश्न 117. राजस्थान में किस किस्म का कोयला पाया जाता है?

**उत्तर– राजस्थान में लिग्नाइट किस्म का कोयला पाया जाता है।**

प्रश्न 118. कार्बन मात्रा के आधार पर कोयले के चार प्रकारों के नाम बताइए?

**उत्तर– (1) एन्थ्रेसाइट (2) बिटुमिनस (3) लिग्नाइट (4) पीट**

प्रश्न 119. सीसा–जस्ता का उपयोग लिखिए?

**उत्तर– जिसका उपयोग जस्ता, रसायन, शुष्क बैटरी बनाने जंग रोधक कार्यो के लिए तथा सीसे का उपयोग पीतल बनाने, सैन्य सामग्री, रेल इंजन सहित कई कार्यो में होता है।**

प्रश्न 120. चार परमाणु खनिजों के नाम बताइये?

**उत्तर– परमाणु खनिज यूरेनियम 338, 235, 233, प्लूटोनियम–239 तथा थोरियम बैरिलियम जिरकन हैं।**

प्रश्न 121. अकंलेश्वर क्षैत्र किसके लिए प्रसिद्व है?

**उत्तर– खनिज तेल के लिए तेल के लिए प्रसिद्ध है।**

प्रश्न 122. राजस्थान में खेतड़ी–सिंघाना क्षेत्र किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है ?

**उत्तर– तांबा खनन के लिए प्रसिद्ध है।**

प्रश्न 123. राजस्थान की संगमरमर नगरी किसे कहते हैं ?

**उत्तर– किशनगढ**

प्रश्न 124. एल्युमिनियम बनाने में जिस अयस्क का प्रयोग होता है, वह है ?

**उत्तर– बाक्साइड**

प्रश्न 125. जीवाश्म खनिज से क्या तात्त्पर्य है ?

**उत्तर– पेट्रोलियम पदार्थ अवसादी चट्टानों में जीवाश्मों, रासायनिक एवं तापीय क्रिया से निर्मित होने के कारण जीवाश्म खनिज कहलाते है।**

प्रश्न 126. परमाणु ऊर्जा आयोग का गठन कब किया गया ?

**उत्तर– 1948 में परमाणु ऊर्जा आयोग का गठन किया गया।**

प्रश्न 127. डेगाना भाखरी किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है ?

**उत्तर– टगंस्टन उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है।**

प्रश्न 128. जामसर, गोठमांगलोद किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है ?

**उत्तर– जिप्सम उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है।**

प्रश्न 129. मोरिजा बानोल, डाबला, नाथरा की पोल, थूर हुन्डैर किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है ?

**उत्तर– लौह अयस्क के लिए**

प्रश्न 130. भारत में कोयला किस प्रकार की चट्टानों में पाया जाता है?

उत्तर— **भारत में गोंडवाना कालीन अवसादी चट्टानों में पाया जाता है।**

प्रश्न 131. राजस्थान में लौह अयस्क का उत्पादन किन जिलों में होता है ?

उत्तर— **राजस्थान में लौह का उत्पादन उदयपुर, जयपुर, भीलवाड़ा एवं अलवर जिलों में होता है।**

प्रश्न 132. राजस्थान में वस्त्र नगरी कहलाता है?

उत्तर— **भीलवाड़ा**

प्रश्न 133. भारत में अभ्रक के अयस्क कौनसे पाये जाते हैं?

उत्तर— **भारत में रूबी अभ्रक व गुलाबी अभ्रक अयस्क पाया जाता है।**

प्रश्न 134. देश में कोयले का सर्वाधिक उत्पादन किस राज्य में होता है?

उत्तर— **झारखण्ड राज्य में होता है।**

प्रश्न 135. भारत में लौह के अयस्क कौनसे पाये जाते है?

उत्तर— **मैग्नेटाइट, हेमेटाइट, लिमोनाइट, सिडेराइट, लेटेराइट आदि ।**

प्रश्न 136. शाहगढ़ तनौट, मनिहारीटिबा, चिमनेवाला घोटाडू व गुमानेवाला, बाघेवाला किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है?

उत्तर— **प्राकृतिक गैस के लिए प्रसिद्ध है।**

प्रश्न 137. रामपुरा आगूचा किस के लिए प्रसिद्ध है? कहां है?

उत्तर— **सीसा,जस्ता उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है व भीलवाड़ा जिले में स्थित ळें**

प्रश्न 138. भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् प्रथम औद्यौगिक नीति किस वर्ष घोषित की गई?

उत्तर— **1948 ई.**

प्रश्न 139. भारत में लौह इस्पात उद्योग का प्राचीनतम प्रमाण कौन सा है?

उत्तर— **महरौली लौह स्तम्भ दिल्ली भारतीय इस्पात उद्योग का प्राचीनतम प्रमाण है।**

प्रश्न 140. द्वितीय पंचवर्षीय योजना में किन–किन इस्पात कारखानों की स्थापना की गई?

उत्तर— **द्वितीय पंचवर्षीय योजना में ब्रिटिश सहयोग से दुर्गापुर (प.बंग) में जर्मनी के सहयोग से, राउरकेला (ओडिसा) तथा रूस के सहयोग से भिलाई इस्पात कारखाने स्थापित किये गये।**

प्रश्न 141. भारत में प्रथम सूती वस्त्र कारखाना कहाँ तथा कब स्थापित हुआ है?

उत्तर— **भारत में प्रथम सूती वस्त्र कारखाना 1845 मुम्बई (महाराष्ट्र) में स्थापित किया गया।**

प्रश्न 142. एशिया का सबसे बड़ा इस्पात कारखाना कौनसा है?

उत्तर— **बोकारो इस्पात (झारखण्ड) एशिया का सबसे बड़ा इस्पात कारखाना है।**

प्रश्न 143. भारत में पहला लौह इस्पात कारखाना कहाँ स्थापित किया था?

उत्तर— **भारत में पहला लौह इस्पात कारखाना प. बंगाल में कुल्टी नामक नगर में बाराकर आयरन वर्क्स के नाम से स्थापित किया गया।**

प्रश्न 145. स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया का क्या कार्य है?

उत्तर— **देश के सार्वजनिक क्षेत्र के सभी कारखानों का प्रशासनिक कार्य करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया।**

प्रश्न 146. राजस्थान में सूती वस्त्र उद्योग किन जिलों में है?

उत्तर— **भीलवाड़ा, उदयपुर, कोटा, गंगानगर पाली में सूती मिले स्थापित है।**

प्रश्न 147. भारत में नोट छापने का कारखाना कहाँ है?

उत्तर— **होशगांबाद (मध्यप्रदेश) में नोट छापने का सरकारी कारखाना है।**

प्रश्न 148. भारत में सर्वाधिक रोजगार उपलब्ध करवाने वाला उद्योग कौनसा है?

उत्तर— **सूतीवस्त्र उद्योग**

प्रश्न 149. सूती वस्त्र उत्पादन में प्रथम स्थान किस राज्य का है?

**उत्तर– महाराष्ट्र सूती वस्त्र उत्पादन में प्रथम स्थान है।**

प्रश्न 150. पूर्व का बोस्टन के नाम से किसे पुकारा जाता है?

**उत्तर– अहमदाबाद (गुजरात) पूर्व के बोस्टन के नाम से जाना जाता है।**

प्रश्न 151. मैग्नेशियम सल्फेट तथा सोडियम के कारखाने कहाँ पर है?

**उत्तर– मैग्नेशियम सल्फेट पंचपदरा बाडमेर (राज.) तथा सोडियम सल्फेट का कारखानों डीडवाना नागौर राजस्थान में स्थित है।**

प्रश्न 152. सीमेंट का आविष्कार किसने किया था?

**उत्तर– सीमेंट का आविष्कार 1824 ई. में इग्लैण्ड के पोर्टलैण्ड में जोसेफ नामक व्यक्ति द्वारा किया गया।**

प्रश्न 153. भारत में पहला सीमेंट कारखाना कहाँ स्थापित किया गया?

**उत्तर– भारत का पहला सीमेंट कारखाना 1940 चेन्नई तमिलनाडु में खोला गया परन्तु यह विफल रहा।**

प्रश्न 154. सीमेंट का सर्वाधिक उत्पादन किस राज्य में होता है?

**उत्तर– सीमेंट का सर्वाधिक उत्पादन राजस्थान राज्य में होता है।**

प्रश्न 155. उत्पादन एवं रोजगार की दृष्टि से भारत का दूसरा सबसे बड़ा उद्योग कौनसा है?

**उत्तर– सीमेंट उद्योग उत्पादन तथा रोजगार की दृष्टि सें देश में इस उद्योग का दूसरा स्थान है।**

प्रश्न 156. सीमेंट बनाने के लिए किस कच्चे माल की आवश्यकता पड़ती है?

**उत्तर– सीमेंट बनाने में चूना पत्थर, जिप्सम, कोयले की आवश्यकता पड़ती है।**

प्रश्न 157. राजस्थान में सफेद सीमेंट के कारखाने कहाँ स्थित है?

**उत्तर– राजस्थान में सफेद सीमेंट का कारखानें गोटन (नागौर) तथा खारिया खंगार (जोधपुर) में स्थित है।**

प्रश्न 158. भारत में पहली कागज की भारतीय मिल कहाँ स्थापित की गई?

**उत्तर– 1879 लखनऊ (उत्तरप्रदेश) इण्डियन पेपर मिल के नाम से स्थापित की गई।**

प्रश्न 159. भारत में कागज का सर्वाधिक उपयोग किस कार्य में किया जाता है?

**उत्तर– भारत में उत्पादित 65% अखबारी कागज के रूप में उपयोग होता है।**

प्रश्न 160. सूती वस्त्र की राजधानी किसे कहा जाता है?

**उत्तर– मुम्बई को सूती वस्त्र की राजधानी कहा जाता है।**

प्रश्न 161. गंगा एवं यमुना नदियों में प्रदूषण हेतु जिम्मेदार दो उद्योगों का नाम बताइये?

**उत्तर– चमड़ा उद्योग व औषधी उद्योग।**

प्रश्न 162. राजस्थान में ऐसे दो जिलें बताइये जहाँ सीसा–जस्ता उद्योग अवस्थित है?

**उत्तर– जावर, देबारी (उदयपुर) व चन्देरिया (चितौड़गढ) में स्थित है।**

प्रश्न 163. राजस्थान में किस सीमेंट का उत्पादन अधिक होता है?

**उत्तर– पोर्टलैण्ड सीमेंट का उत्पादन अधिक होता है।**

प्रश्न 164. राजस्थान में मूर्ति एवं कलात्मक सामान हेतु कौनसे जिले प्रसिद्ध है ?

**उत्तर– मूर्ति एवं कलात्मक समान हेतु जयपुर, जोंधपुर, उदयपुर जिले स्थित है।**

प्रश्न 165. विनिर्माण उद्योग से क्या अभिप्राय है?

**उत्तर– विनिर्माण उद्योग में प्रकृति प्रदत पदार्थो से मानव उपयोगी पदार्थो या वस्तुओं का निर्माण करना विनिर्माण उद्योग कहलाता है।**

प्रश्न 166. महाराष्ट्र में सूती वस्त्र उद्योग के विकसित होने के दो कारण बताइए।

**उत्तर– (1) समुन्द्र की नम जलवायु (2) मुम्बई बन्दरगाह**

प्रश्न 167. राजस्थान के ऐसे दो स्थलो के नाम लिखिए जो रंगाई–छपाई व बन्धेज उद्योग के लिए प्रसिद्ध है?

**उत्तर– बाडमेर, सांगानेर (जयपुर)**

प्रश्न 168. औद्योगिक प्रदूषण से होने वाले कोई दो नकारात्मक प्रभाव बताइए।

उत्तर– **(1) इससे मानव एवं पशुओं में कई प्रकार की बीमारियाँ हो जाती हैं।**
**(2) इससे समुद्री पारिस्थितिकी तन्त्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।**

प्रश्न 169. राजस्थान में सीमेण्ट उद्योग की स्थापना सर्वप्रथम कहाँ की गई थी?

उत्तर– **राजस्थान में सीमेण्ट उद्योग की स्थापना 1912–13 में लाखेरी में की गई थी।**

प्रश्न 170. दो जिलों के नाम बताइए जो ऊनी कम्बल एवं चमड़े बनाने के लिए प्रसिद्ध हैं।

उत्तर– **(1) बीकानेर (2) पाली।**

प्रश्न 171. देश का सर्वाधिक नमक किस झील के खारे पानी से बनाया जाता है?

उत्तर– **सांभर झील**

प्रश्न 172. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या कितनी है?

उत्तर– **भारत की कुल जनसंख्या 1,21,01,93,422 है।**

प्रश्न 173. विश्व में जनसंख्या की दृष्टि से भारत का कौनसा स्थान है?

उत्तर– **विश्व में जनसंख्या की दृष्टि से भारत का दूसरा स्थान है।**

प्रश्न 174. विश्व की कुल जनसंख्या का भारत में कितने प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है?

उत्तर– **विश्व की कुल जनसंख्या का भारत में 2.4 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है।**

प्रश्न 175. भारत में सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य कौनसा है?

उत्तर– **भारत में सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य उत्तरप्रदेश (19,9581,477) है।**

प्रश्न 176. भारत में सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य कौनसा है?

उत्तर– **सिक्किम (6,07,688)**

प्रश्न 177. भारत में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य कौनसा है?

उत्तर– **बिहार (1102) प्रतिवर्ग कि.मी.**

प्रश्न 178. भारत में सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य कौनसा है?

उत्तर– **अरूणाचल प्रदेश**

प्रश्न 179. भारत में जनगणना कितने वर्षों के अन्तराल में होती है?

उत्तर– **भारत में जनगणना 10वर्षो के अन्तराल से होती है।**

प्रश्न 180. भारत में सर्वाधिक साक्षरता वाला राज्य कौनसा है?

उत्तर– **केरल**

प्रश्न 181. भारत में सबसे कम साक्षरता वाला राज्य कौनसा है?

उत्तर– **बिहार**

प्रश्न 182. जनसंख्या की दृष्टि से राजस्थान का भारत में कौनसा स्थान है?

उत्तर– **8 वॉ स्थान है।**

प्रश्न 183. राजस्थान में सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला कौनसा है?

उत्तर– **जयपुर (6626178)**

प्रश्न 184. राजस्थान में सबसे कम जनसंख्या वाला जिला कौनसा है?

उत्तर– **जैसलमेर (669919)**

प्रश्न 185. राजस्थान में सर्वाधिक लिंगानुपात वाला जिला कौनसा है?

उत्तर– **डुगरपुर (990)**

प्रश्न 186. राजस्थान में सबसे कम लिंगानुपात वाला जिला कौनसा है?

उत्तर– **धोलपुर (845)**

प्रश्न 187. राजस्थान में सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि दर वाला जिला कौनसा है?

उत्तर– **बाडमेर (32.5 प्रतिशत )**

प्रश्न 188. राजस्थान में सबसे कम जनसंख्या वृद्धि दर वाला जिला कौनसा है?

उत्तर– **श्री गंगानगर**

प्रश्न 189. राजस्थान में सर्वाधिक जनघनत्व वाला जिला कौनसा है?

उत्तर– **जयपुर (595 प्रतिवर्ग कि.मी.)**

प्रश्न 190. राजस्थान में सबसे कम जन घनत्व वाला जिला कौनसा है?

उत्तर– **जैसलमेर (17)**

प्रश्न 191. 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की कुल जनसंख्या है?

उत्तर– **2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की कुल जनसंख्या 6,86,21,012 है।**

प्रश्न 192. राजस्थान की साक्षरता दर कितनी है ?

उत्तर– **2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की साक्षरता दर 67.07 प्रतिशत है।**

प्रश्न 193. राजस्थान में सर्वाधिक साक्षरता वाला जिला कौनसा है?

उत्तर– **कोटा (77.48 प्रतिशत )**

प्रश्न 194. राजस्थान मे सबसे कम साक्षरता वाला जिला कौनसा है?

उत्तर– **जालोर (55.58 प्रतिशत)**

प्रश्न 195. राजस्थान मे सर्वाधिक पुरूष साक्षरता वाला जिला कौनसा है?

उत्तर– **झुन्झुनूं**

प्रश्न 196. राजस्थान में सबसे कम पुरूष वाला जिला कौनसा है?

उत्तर– **प्रतापगढ**

प्रश्न 197. राजस्थान मे सर्वाधिक महिला साक्षरता वाला जिला कौनसा है?

उत्तर– **कोटा**

प्रश्न 198. राजस्थान में सबसे कम महिला वाला जिला कौनसा है?

उत्तर– **जालोर**

प्रश्न 199. राजस्थान का लिंगानुपात कितना है?

उत्तर– **2011 की जनगणना के अनुसार 940 महिलायें प्रति हजार पुरूष**

प्रश्न 200. जनसंख्या वृद्धि या परिवर्तन के तीन प्रमुख घटक कौन–कौनसे है?

उत्तर– **जनसंख्या में होने वाली वृद्धि या परिवर्तन के तीन प्रमुख घटक जन्म दर, मृत्यु दर व प्रवास है।**

प्रश्न 201. परिवारों के आकार को सीमित रखने हेतु सरकार ने कौन सा कार्यक्रम प्रारम्भ किया?

उत्तर– **भारत सरकार ने 1952 मे परिवार नियोजन कार्यक्रम प्रारम्भ किया।**

प्रश्न 202. मानव संसाधन मंत्रालय की स्थापना कब की गई ?

उत्तर– **मानव संसाधन मंत्रालय की स्थापना 1985 में की गई।**

प्रश्न 203. राजस्थान में साक्षरता दर में वृद्धि हेतु चलाए गए कोई दो कार्यक्रमों के नाम बताइये।

उत्तर– **(1) साक्षरता अभियान (2) सतत् साक्षरता कार्यक्रम**

प्रश्न 204. राजस्थान में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही दो योजनाओं के नाम बताइये।

उत्तर– **गार्गी पुरस्कार, देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण योजना।**

प्रश्न 205. मानव संसाधन से क्या अभिप्राय है?

उत्तर– **मानव संसाधन वह अवधारणा है जो जनसंख्या को अर्थव्यवस्था पर दायित्व से अधिक परिसम्पत्ति के रूप में देखती है।**

प्रश्न 206. नगरीकरण का क्या अर्थ है?

उत्तर– **नगरीकरण से तात्पर्य जनसंख्या का ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्र की और पलायन करना है।**

प्रश्न 207. जन्म दर किसे कहते है?

उत्तर– **एक वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों पर जितने जीवित बच्चों का जन्म होता है उसे जन्म–दर कहा जाता है।**

प्रश्न 208. मृत्यु दर किसे कहते है?

उत्तर– **एक वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों पर मरने वालों की संख्या को मृत्यु पर कहा जाता है।**

प्रश्न 209. राजस्थान में जनसंख्या वृद्धि के दो कारण बताइये?

उत्तर– **(1) महिला साक्षरता दर का निम्न होना।**

**(2) बच्चे के स्वस्थ व कम जीवित होना ।**

प्रश्न 210. राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 का मुख्य उद्देश्य बताइये

उत्तर– **(1) 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना।**

**(2) शिशु मृत्यु दर को प्रति हजार 30 से कम करना।**

प्रश्न 211. नगरीकरण के दो लाभ बताइये?

उत्तर– **(1) रोजगार के अवसरों में वृद्धि।**

**(2) बेहतर शिक्षा एवं चिकित्सा सुविधाएँ।**

प्रश्न 212. देश में प्रमुख चार महानगरों को आपस में जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग का नाम बताइये

उत्तर– **स्वर्णिम चतुर्भुज महाराज मार्ग।**

प्रश्न 213. राजस्थान से कितने राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं?

उत्तर– **राजस्थान से होकर कुल सात राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते है।**

प्रश्न 214. भारत की पहली विद्युत रेल का नाम लिखिए?

उत्तर– **भारत की पहली विद्युत रेल का नाम 'डेकन क्वीन' भा।**

प्रश्न 215. मालगाडियों के संचालन हेतु पृथक से निर्माणधीन रेल परियोजनाओं का नाम लिखिए?

उत्तर– **मालगाडियों के संचालन हेतु पृथक से निर्माणाधीन रेल परियोजना का नाम लिखिए।**

प्रश्न 216. सबसे सस्ते परिवहन साधन का नाम लिखिए?

उत्तर– **जल परिवहन देश का सबसे सस्ता परिवहन का साधन है।**

प्रश्न 217. सबसे तीव्रतम परिवहन कौनसा है?

उत्तर– **सबसे तीव्रतम परिवहन वायु परिवहन है।**

प्रश्न 218. ई–मेल का पूरा नाम बताइये।

उत्तर– **इलेक्ट्रॉनिक मेल।**

प्रश्न 219. वीडियो कॉलिंग हेतु आवश्यक प्रमुख संचार सेवा का नाम लिखिए।

उत्तर– **इन्टरनेट वीडियों कॉलिंग हेतु आवश्यक संचार सेवा है।**

प्रश्न 220. भारत की प्रथम रेलगाड़ी कब व किन शहरों के मध्य चलाई गई?

उत्तर– **भारत की प्रथम रेलगाड़ी 16 अप्रैल, 1853 को मुम्बई से ठाणे के बीच चलाई गई।**

प्रश्न 221. जवाहरलाल नेहरू विमान पत्तन कहाँ स्थित है?

उत्तर– **मुम्बई**

प्रश्न 222. सुभाष चन्द्र बोस विमान पत्तन कहाँ स्थित है?

उत्तर– **कोलकता**

प्रश्न 223. इन्दिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय विमान पत्तन कहाँ है?

उत्तर– **दिल्ली**

प्रश्न 224. राष्ट्रीय राजमार्गों का प्रबंध किसके द्वारा किया जाता है?

उत्तर– **केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग**

प्रश्न 225. राष्ट्रीय राजमार्गों का चौराहा कौनसा शहर है ?

उत्तर– **कानपुर**

प्रश्न 226. डबोक हवाईअड्डा कहाँ है ?

उत्तर– **उदयपुर**

प्रश्न 227. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क परियोजना की घोषणा कब की गई।

उत्तर– **दिसम्बर 2000**

प्रश्न 228. भारत में वायु परिवहन का प्रारम्भ कब हुआ?

उत्तर– **1911 में वायु परिवहन का प्रारम्भ इलाहबाद से नैनी के बीच प्रारम्भ की गई।**

प्रश्न 229. राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 1 किन शहरों को जोड़ता है?

उत्तर– **राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 1 दिल्ली को अमृतसर जोड़ता है।**

प्रश्न 230. भारतीय रेल का प्रथम रेलगाड़ी कब चलाई गई तथा कहाँ से कहा तक चलाई गई ?

उत्तर– **भारत में प्रथम रेलगाड़ी 16 अप्रैल, 1853 को मुम्बई से ठाणे के बीच चलाई गई।**

प्रश्न 231. पारादीप बंदरगाह कहाँ है?

उत्तर– **पारादीप बंदरगाह ओडिसा में स्थित है।**

प्रश्न 232. हल्दिया बंदरगाह कहाँ है?

उत्तर– **हल्दिया बंदरगाह कोलकता में स्थित है।**

प्रश्न 233. तूतीकोरन बंदरगाह कहां है?

उत्तर– **तमिलनाडु में स्थित है।**

प्रश्न 234. राजस्थान के निकटतम बंदरगाह कौनसे हैं?

उत्तर– **कांडला बंदरगाह**

प्रश्न 235. ग्रांड ट्रक रोड किसने बनवाया?

उत्तर– **ग्रांड ट्रक रोड का निर्माण शेरशाह सूरी ने करवाया।**

प्रश्न 236. भारत में किसी एक ज्वारीय बंदरगाह का नाम बताइये?

उत्तर– **कांडला बंदरगाह**

प्रश्न 237. कोलकाता पत्तन के बढ़ते दबाव को कम करने हेतु कौनसा पत्तन विकसित किया गया?

उत्तर– **हल्दियां बंदरगाह**

प्रश्न 238. राष्ट्रीय राजमार्ग–8 किन शहरों का जोड़ता है?

उत्तर– **दिल्ली से मुम्बई तक बना है।**

प्रश्न 239. कौनसा राष्ट्रीय राजमार्ग सुरक्षात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है?

उत्तर– **राष्ट्रीय राजमार्ग–11 सुरक्षात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।**

प्रश्न 240. मुख्य जिला सड़कें किसे कहते है?

उत्तर– **विभिन्न तहसीलों, मुख्य नगरों तथा औद्योगिक क्षेत्रों को जिला मुख्यालय से अथवा आपस में जोड़ने वाली सड़कों को मुख्य जिला सड़क कहते है।**

प्रश्न 241. सीमा सड़क संगठन की स्थापना कब की गई?

उत्तर– **सीमा सड़क संगठन की स्थापना 1960 में की गई।**

प्रश्न 242. भारत में रेल मार्ग की लम्बाई कितनी है?

उत्तर– **मार्च, 2016 को देश में रेल परिवहन मार्ग की लम्बाई 67,312 कि.मी. थी**

प्रश्न 243. भारतीय रेलवे द्वारा यूनि गेज प्रोजेक्ट कब चलाया गया?

उत्तर– **भारतीय रेलवे द्वारा यूनि गेज प्रोजेक्ट 1992 में प्रारम्भ किया गया।**

प्रश्न 244. मालगाड़ियों के संचालन को समर्पित मालभाड़ा कोरिडोर परियोजना किन दो शहरों के मध्य बनाई जा रही है?

उत्तर– **मालभाड़ा कोरिडोर परियोजना में मुम्बई से रेवाड़ी के मध्य रेलमार्ग बनाया जा रहा है।**

प्रश्न 245. देश के कोई दो प्राकृतिक पोताश्रयों के नाम लिखिए?

उत्तर– **(1) तूतीकोरन पत्तन। (2) कोच्ची पत्तन ।**

प्रश्न 246. ईमेल का क्या उपयोग है?

उत्तर– **ईमेल सेवाओं की सहायता से सन्देश एक स्थान से दूसरे स्थान पर तुरन्त पहुँचाया जा सकता है।**

प्रश्न 247. नीति आयोग के अध्यक्ष कौन हैं?

**उत्तर – प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**

प्रश्न 248. भारत में वित्त वर्ष का प्रारम्भ होता है ?

**उत्तर– 1 अप्रेल से 31 मार्च मानी गई है।**

प्रश्न 249. भारत में राष्ट्रीय आय की गणना सर्वप्रथम कब व किसने की थी?

**उत्तर– भारत में स्वतन्त्रता प्राप्ति से पूर्व सर्वप्रथम राष्ट्रीय आय की गणना दादाभाई नौरोजी ने की थी। दादाभाई नौरोजी द्वारा 1868 ई. में राष्ट्रीय आय की गणना की गई थी।**

प्रश्न 250. श्री एम0 विश्वेश्वरैया की पुस्तक का नाम लिखिए ?

**उत्तर– पुस्तक का नाम 'प्लान्ड इकॉनॉमी ऑफ इंडिया' है।**

प्रश्न 251. तृतीयक क्षेत्र में शामिल की जाने वाली तीन सेवाओं के नाम लिखिए ?

**उत्तर– (1) भण्डारण (2) परिवहन (3) बैंकिंग।**

प्रश्न 252. राष्ट्रीय आय परिभाषा बताइये ?

**उत्तर– एक देश में सभी साधनों द्वारा एक वर्ष में उत्पादन प्रक्रिया में योगदान के फलस्वरूप अर्जित आय का योग राष्ट्रीय आय कहलाता है।**

प्रश्न 253. राष्ट्रीय आय की गणना हेतु राष्ट्रीय आय समिति का गठन कब किया गया?

**उत्तर– राष्ट्रीय आय समिति का गठन अगस्त 1949 में किया गया।**

प्रश्न 254. कौनसी पंचवर्षीय योजना को समय से एक वर्ष पूर्व ही समाप्त कर दिया गया था ?

**उत्तर– चौथी पंचवर्षीय योजना**

प्रश्न 255. 12वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि क्या थी ?

**उत्तर– 1 अप्रेल 2012 से 31 मार्च 2017 तक**

प्रश्न 256. मानव विकास सूचकांक किस की देन है ?

**उत्तर– महबूब–उल–हक**

प्रश्न 257. नीति आयोग का गठन कब किया गया ?

**उत्तर– 1 जनवरी 2015**

प्रश्न 258. योजना आयोग का गठन कब किया गया ?

**उत्तर– 1 मार्च 1950**

प्रश्न 259. ''गरीबी हटाओ'' कोनसी पंचवर्षीय योजना का नारा है ?

**उत्तर– पांचवी पंचवर्षीय योजना**

प्रश्न 260. राष्ट्रीय आय की कोई दो अवधारणाओं का नाम लिखिए?

**उत्तर– (1) सकल घरेलू उत्पाद। (2) शुद्ध घरेलू उत्पाद।**

प्रश्न 261. अगस्त 1949 में गठित राष्ट्रीय आय समिति के अध्यक्ष का नाम लिखिए।

**उत्तर– पी.सी. महालनोबिस।**

प्रश्न 262. केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन किस वर्ष से देश की राष्ट्रीय आय की गणना कर रहा है?

**उत्तर– केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन 1955 से देश की राष्ट्रीय आय की गणना कर रहा है।**

प्रश्न 263. रोजगार की दृष्टि से भारत का कौनसा क्षेत्र महत्वपूर्ण है?

**उत्तर– रोजगार की दृष्टि से प्राथमिक क्षेत्र अभी भी सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र है।**

प्रश्न 264. मानव विकास सूचकांक में शामिल तीन आयाम कौनसे है?

**उत्तर– (1) ज्ञान (2) स्वास्थ्य (जीवन प्रत्याशा) (3) जीवन स्तर (प्रति व्यक्ति आय)**

प्रश्न 265. आर्थिक नियोजन को परिभाषित कीजिए?

उत्तर– **उपलब्ध आर्थिक संसाधनों के उपयोग से, निर्धारित सामाजिक लक्ष्यों को प्राप्त करने का विज्ञान ही आर्थिक नियोजन है।**

प्रश्न 266. राष्ट्रीय विकास परिषद् की स्थापना कब की गई?

उत्तर– **राष्ट्रीय विकास परिषद् की स्थापना अगस्त 1952 में की गई।**

प्रश्न 267. भारत में आर्थिक नियोजन के कोई दो उद्देश्य बताइए?

उत्तर– **(1) आर्थिक विकास के लक्ष्य को प्राप्त करना। (2) गरीबी की समस्या का समाधान करना।**

प्रश्न 268. बारहवीं पंचवर्षीय योजना में विकास दर का लक्ष्य कितना रखा गया है?

उत्तर– **8 प्रतिशत**

प्रश्न 269. किस आयोग को भारत सरकार के थिंक टेंक की संज्ञा दी गई है?

उत्तर– **नीति आयोग को भारत के थिंक टेंक की संज्ञा दी गई है।**

प्रश्न 270. वर्तमान में भारत में सकल घरेलू उत्पादन में सर्वाधिक योगदान किस क्षेत्र का है?

उत्तर– **सेवा अथवा तृतीयक क्षेत्र का।**

प्रश्न 271. रोजगार की दृष्टि से भारत का कौनसा क्षेत्र महत्त्वपूर्ण है?

उत्तर– **रोजगार की दृष्टि से प्राथमिक क्षेत्र अभी भी सबसे महत्त्वपूर्ण है।**

प्रश्न 272. अर्थव्यवस्था किसे कहते है ?

उत्तर– **एक देश या क्षेत्र की वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन, व्यापार, उपभोग आदि क्रियाओं से जुड़ा तंत्र अर्थव्यवस्था कहलाता है।**

प्रश्न 273. वर्ष 2015 में भारत की प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय कितनी है ?

उत्तर– **भारत की प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय 1590 अमेरिकी डॉलर थी।**

प्रश्न 274. जीवन की गुणवत्ता का माप किन कारकों की सहायता से तय किया जाता है ?

उत्तर– **शिक्षा और स्वास्थ्य जीवन की गुणवता के दो सबसे प्रभावी निर्धारक और संकेत है।**

प्रश्न 275. ब्रेटनवुड्स सम्मेलन कब आयोजित हुआ था ?

उत्तर– **1944 ई.**

प्रश्न 276. स्वदेशी की अवधारणा का अर्थ स्पष्ट कीजिए ?

उत्तर– **स्वदेशी की अवधारणा भारतीय कम्पनी के उत्पादों को अपनाने तथा विदेशी कम्पनियों द्वारा उत्पादित एवं आयातित माल का त्याग करने पर बल देती है।**

प्रश्न 277. जीवन की प्रत्याशा का क्या अभिप्राय है?

उत्तर– **जन्म के समय जीवन प्रत्याक्षा–चालू जनांकिकीय स्थितियों में एक नवजात की प्रत्याशित औसत आयु का सांख्यिकीय माप जन्म के समय जीवन प्रत्याशा कहलाती है।**

प्रश्न 278. सम्पूर्ण विश्व के लिए मानव विकास रिपोर्ट कौन–सी संस्था द्वारा तैयार की जाती है ?

उत्तर– **मानव विकास रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा तैयार की जाती है।**

प्रश्न 279. हिन्दू विकास दर क्या है?

उत्तर– **डॉ. राजकृष्णा ने 1950–1980 के बीच भारत में हुई विकास दर 3.5 प्रतिवर्ष को हिन्दू विकास दर की संज्ञा दी थी।**

प्रश्न 280. विश्व बैंक का मुख्यालय कहाँ है?

उत्तर– **वाशिगटन डिसी**

प्रश्न 281. राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन कब प्रारम्भ किया गया ?

उत्तर– **राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन 15 जुलाई, 2015 को प्रारम्भ किया गया।**

प्रश्न 282. विश्व व्यापार संगठन मुख्यालय कहां है?

उत्तर– **विश्व व्यापार संगठन का मुख्यालय जेनेवा में है।**

प्रश्न 283. आर्थिक वृद्धि दर से क्या अभिप्राय है ?

उत्तर– **सामान्यतः वास्तविक राष्ट्रीय आय या वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर को आर्थिक वृद्धि की दर कहा जाता है।**

प्रश्न 284. भुगतान–संतुलन का क्या अभिप्राय है?

उत्तर– **एक देश का शेष विश्व के साथ, एक वर्ष में समस्त लेन–देन का संक्षिप्त विवरण भुगतान–संतुलन कहलाता है।**

प्रश्न 285. उदारीकरण से क्या अभिप्राय है?

उत्तर– **अर्थशास्त्र में उदारीकरण का आशय आर्थिक नीतियों, नियमों तथा कानूनों के सरलीकरण की प्रक्रिया से है।**

प्रश्न 286. निजीकरण से क्या अभिप्राय है?

उत्तर– **अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र की भूमिका में वृद्धि करने की प्रक्रिया निजीकरण कहलाती है।**

प्रश्न 287. वैश्वीकरण से क्या अभिप्राय है?

उत्तर– **घरेलू अर्थव्यवस्था का विश्व अर्थव्यवस्था के साथ एकीकरण वैश्वीकरण कहलाता है।**

प्रश्न 288. जनांकिकी किसे कहते है?

उत्तर– **मानव जनसंख्या का वैज्ञानिक तथा सांख्यिकीय अध्ययन जनांकिकी कहलाता है।**

प्रश्न 289. भारत में सर्वाधिक छिपी हुई बेरोजगारी किस क्षेत्र में है?

उत्तर– **भारत में सर्वाधिक छिपी हुई बेरोजगारी प्राथमिक क्षेत्र में पाई जाती है।**

प्रश्न 290. भारतीय अर्थव्यवस्था के अविकसित स्वरूप को व्यक्त करने वाली कोई दो विशेषताएँ बताइए?

उत्तर– **(1) निम्न प्रति व्यक्ति आय**

**(2) जीवन की निम्न गुणवत्ता**

प्रश्न 291. भारत सरकार द्वारा नई आर्थिक नीति कब घोषित की गई?

उत्तर– **भारत सरकार द्वारा जुलाई 1991 में नई आर्थिक नीति घोषित की थी।**

प्रश्न 292. विश्व व्यापार संगठन की स्थापना कब हुई?

उत्तर– **विश्व व्यापार संगठन की स्थापना 1 जनवरी 1995 को हुई थी**

प्रश्न 293. भारत में कौशल विकास हेतु चलाए गए किन्हीं दो कार्यक्रमों के नाम लिखिए?

उत्तर– **(1) राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन**

**(2) प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना।**

प्रश्न 294. राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन कब प्रारम्भ किया गया?

उत्तर– **राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन 15 जुलाई, 2015 को प्रारम्भ किया गया।**

प्रश्न 295. आर्थिक सुधारों के भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले कोई दो अनुकूल प्रभाव बताइए?

उत्तर– **(1) भारतीय अर्थव्यवस्था की संरचना में सुधार हुआ है।**

**(2) देश के आर्थिक विकास की दर में वृद्धि हुई है।**

प्रश्न 296. भारत में गरीबी तथा बेरोजगारी संकलन करने वाली संस्था कौनसी है?

उत्तर– **गरीबी तथा बेरोजगारी के समंको का संकलन करने वाली संस्था राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन है।**

प्रश्न 297. ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन कितने कैलोरी से नीचे उपभोग को गरीबी रेखा से नीचे माना जाता है?

उत्तर– **2400 कैलोरी प्रतिदिन।**

प्रश्न 298. दुष्चक्र की परिकल्पना किस की देन है?

उत्तर– **रेग्नार नर्क्से**

प्रश्न 299. 'मनरेगा ' का पूरा नाम क्या है?

उत्तर– **महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गांरटी योजना**

प्रश्न 300. एन.एस.एस.ओ. का पूरा नाम है?

उत्तर– **राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन**

प्रश्न 301. भारत में मुद्रास्फीति को मापने हेतु तैयार कोई दो सूचकांकों का नाम लिखिए?

उत्तर– **(1) थोक मूल्य सूचकांक**
**(2) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक**

प्रश्न 302. लागत प्रेरित मुद्रास्फीति किसे कहते हैं?

उत्तर– **लागतों में वृद्धि के कारण समग्र पूर्ति में गिरावट से जो मुद्रास्फीति उत्पन्न होती है उसे लागत प्रेरित मुद्रास्फीति कहते हैं।**

प्रश्न 303. मुद्रास्फीति के कोई दो स्वरूपों के नाम बताइए?

उत्तर– **(1) माँग प्रेरित मुद्रास्फीति**
**(2) लागत प्रेरित मुद्रास्फीति।**

प्रश्न 304. भारत में किस प्रकार की बेरोजगारी अधिक पायी जाती है?

उत्तर– **भारत में छिपी हुई बेरोजगारी एवं संरचनात्मक बेरोजगारी अधिक पायी जाती है।**

प्रश्न 305. मुद्रास्फीति के तीन कारण लिखिए?

उत्तर– **(1) मुद्रा की पूर्ति में तेज वृद्धि (2) औद्योगिक तथा कृषिगत उत्पादन में धीमी वृद्धि**
**(3) सार्वजनिक व्यव का उच्च स्तर**

प्रश्न 306. भारतीय रूपये का प्रतीक चिह्न किसने तैयार किया?

उत्तर– **उदय कुमार**

प्रश्न 307. संयुक्त राज्य अमेरिका की मुद्रा का नाम बताइये?

उत्तर– **संयुक्त राज्य अमेरिका की मुद्रा डॉलर है।**

प्रश्न 308. ब्रिटेन की मुद्रा का नाम बताइये?

उत्तर– **पोड**

प्रश्न 309. भारत का केन्द्रीय बैंक कौनसा है?

उत्तर– **भारतीय रिजर्व बैंक**

प्रश्न 310. भारत में पहला 'रूपया' किसके द्वारा जारी किया गया?

उत्तर– **शेरशाह सूरी**

प्रश्न 311. एक रूपये के नोट पर कौन हस्ताक्षर करता है?

उत्तर– **भारत सरकार वित्त सचिव**

प्रश्न 312. हाल ही में भारत में नोटों के विमुद्रीकरण की घोषणा प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने कब की ?

उत्तर– **8 दिसम्बर 2016**

प्रश्न 313. भारतीय रिजर्व बैंक मुख्यालय कहां है?

उत्तर– **मुम्बई**

प्रश्न 314. रोम की पहली टकसाल कहाँ स्थापित की गई थी?

उत्तर– **रोम में पहली टकसाल देवी मोनेटा के मन्दिर में स्थापित की गई थी।**

प्रश्न 315. वर्तमान में रिजर्व बैंक द्वारा किस मूल्य वर्ग के नोट जारी किए जा रहे है?

उत्तर– **रिजर्व बैंक द्वारा वर्तमान में 5रू., 10रू., 20रू., 50रू., 100रू. 200रू., 500रू., 1000रू., 2000रू.**

प्रश्न 316. विमुद्रीकरण किसे कहते है?

उत्तर– **प्रचलित मुद्रा की कानूनी वैधता समाप्त करके उसे प्रचलन से हटाना विमुद्रीकरण कहलाता है।**

प्रश्न 317. वित्तीय समावेशन क्या है?

उत्तर– **समाज में गरीब, पिछड़े व निम्न मध्य वर्ग को वित्तीय सेवाएँ प्रदान कर उन्हें वित्तीय सेवाओं से जोड़ना वित्तीय समावेशन कहलाता है।**

प्रश्न 318. मुद्रा को परिभाषित कीजिए?

उत्तर– **वाकर तथा हार्टले विदर्स के अनुसार, "मुद्रा वह है जो मुद्रा का कार्य कर।"**

प्रश्न 319. श्रम विभाजन तथा विशिष्टीकरण के कोई दो लाभ बताइए?

उत्तर– **(1) उत्पादकीय कुशलता में वृद्धि होती है।**

**(2) उत्पादन का उच्च स्तर प्राप्त होता है।**

प्रश्न 320. वाणिज्यिक बैंक किसे कहते है?

उत्तर– **वाणिज्यिक बैंक वह वित्तीय संस्थान है जो जमाएँ स्वीकार करना, व्यावसायिक ऋण प्रदान करना आदि सेवाएँ प्रदान करता है।**

प्रश्न 321. बैंक सर्वाधिक ब्याज किस प्रकार की जमाओं पर देता है?

उत्तर– **बैंक सर्वाधिक ब्याज स्थायी जमाओं पर प्रदान करते है।**

प्रश्न 322. अधिविकर्ष किसे कहते है?

उत्तर– **खाताधारक को खाते में जमा राशि से अधिक राशि से अधिक राशि निकालने की छुट देकर ऋण प्रदान करना अधिविकर्ष कहलाता है।**

प्रश्न 323. इलाहाबाद प्रशस्ति' का लेखक कौन था? वह किस शासक का दरबारी कवि था?

उत्तर– **'इलाहाबाद प्रशस्ति' का लेखक हरिषेण था। वह समुद्रगुप्त का दरबारी कवि था।**

प्रश्न 324. स्कन्दगुप्त ने मौर्यों द्वारा निर्मित किस झील का जीर्णोद्धार करवाया?

उत्तर– **स्कन्दगुप्त ने मौर्यों द्वारा निर्मित सुदर्शन झील का जीर्णोद्धार करवाया।**

प्रश्न 325. हर्षवर्धन की साहित्यिक रचनाओं के नाम बताइये?

उत्तर– **हर्षवर्धन की साहित्यिक रचनायें–रत्नावली, प्रियदर्शिका और नागानन्द हैं।**

प्रश्न 326. पालवंशी राजा किस धर्म के अनुयायी थे?

उत्तर– **पालवंशी राजा बौद्ध धर्म के अनुयायी थे।**

प्रश्न 327. महमूद गजनवी के समय कन्नौज का शासक कौन था?

उत्तर– **महमूद गजनवी के समय कन्नौज का शासक राजपाल था।**

प्रश्न 328. शक संवत् किसने ने चलाया?

उत्तर– **शक संवत् कनिष्क ने चलाया।**

प्रश्न 329. 'क्षहरात वंश उन्मूलक' किस शासक को कहा गया?

उत्तर– **'क्षहरात वंश उन्मूलक' सातवाहन वंश के शासक गौतमीपुत्र शातकर्णी को कहा है।**

प्रश्न 330. विल्हण ने किस ग्रन्थ की रचना की?

उत्तर– **विल्हण ने विक्रमांकदेवचरित ग्रन्थ की रचना की।**

प्रश्न 331. शिवाजी का राज्याभिषेक कहाँ और कब हुआ था?

उत्तर– **शिवाजी का राज्याभिषेक 1674 ई. में 'रायगढ़' के दुर्ग में हुआ था।**

प्रश्न 332. हेमू ने कौनसी उपाधि धारण की थी?

उत्तर– **हेमू ने राजा विक्रमजीत की उपाधि धारण की थी।**

प्रश्न 333. गुलाम वंश का अन्य नाम क्या है?

उत्तर– **गुलाम वंश का अन्य नाम इल्बरी है।**

प्रश्न 334. रजिया सुल्तान ने याकूत को किस पद पर नियुक्त किया था?

उत्तर– **रजिया सुल्तान ने याकूत को अमीर अरबूर (अश्वशाला का प्रधान) के पद नियुक्त किया था।**

प्रश्न 335. 'लौह एवं रक्त' की नीति को लागू करने वाला शासक कौन था?

उत्तर– **'लौह एवं रक्त' की नीति को लागू करने वाला शासक (बलबन) था।**

प्रश्न 336. दीन–ए–इलाही धर्म का प्रधान पुरोहित कौन था?

उत्तर– **दीन–ए–इलाही धर्म का प्रधान पुरोहित अबुल फज़ल था।**

प्रश्न 337. खिलजी वंश की स्थापना किसने की?

उत्तर– **खिलजी वंश की स्थापना जलालुद्दीन फिरोज खिलजी ने की थी।**

प्रश्न 338. पानीपत का प्रथम युद्ध किस–किसके मध्य लड़ा गया?

उत्तर– **पानीपत का प्रथम युद्ध इब्राहिम लोदी व बाबर के मध्य लड़ा गया।**

प्रश्न 339. बाबर की मृत्यु कब हुई?

उत्तर– **बाबर की मृत्यु 26 दिसम्बर, 1530 में हुई।**

प्रश्न 340. कांग्रेस ने किस अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज्य' की माँग की ?

उत्तर– **कांग्रेस ने लाहौर अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज्य' की माँग की।**

प्रश्न 341. यह किसने कहा था कि ''हम बम और पिस्तौल की उपासना नही बल्कि समाज में क्रान्ति चाहते हैं।

उत्तर– **भगतसिंह ने।**

प्रश्न 342. 1929 में कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे?

उत्तर– **1929 में कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन के अध्यक्ष पं. जवाहरलाल नेहरू थे।**

प्रश्न 343. 'स्वराज पार्टी' के निर्माता कौन थे?

उत्तर– **'स्वराज पार्टी' के निर्माता देशबन्धु चितरंजन दास और मोतीलाल नेहरू थे।**

प्रश्न 344. खिलाफत आन्दोलन के दो प्रसिद्ध नेताओं के नाम लिखिए।

उत्तर– **(1)मोहम्मद अली (2) शौकत अली।**

प्रश्न 345. जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड कब और कहाँ हुआ ?

उत्तर– **जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड 13 अप्रेल, 1919 को अमृतसर (पंजाब) में हुआ।**

प्रश्न 346. 'इरविन समझौता' किस वर्ष हुआ और किनसे मध्य हुआ था ?

उत्तर– **'इरविन समझौता' 5 मार्च, 1931 को कांग्रेस की ओर से महात्मा गाँधी तथा ब्रिटिश सरकार की ओर से वायसराय लार्ड इरविन के मध्य हुआ था।**

प्रश्न 347. रॉलट एक्ट क्या था ?

उत्तर– **1919 के रॉलट एक्ट के अनुसार ब्रिटिश सरकार को राजनीतिक गतिविधियों का दमन करने और राजनीतिक बन्दियों को दो वर्ष तक बिना मुकदमा चलाए जेल में बन्द रखने का अधिकार मिल गया।**

प्रश्न 348. 'यंग इटली' की स्थापना किसने और कब की ?

उत्तर– **'यंग इटली' की स्थापना ज्यूसेपे मेत्सिनी ने सन् 1831 में की।**

प्रश्न 349. विलियम प्रथम ने युद्ध मंत्री किसे बनाया था ?

उत्तर– **विलियम प्रथम ने युद्ध मंत्री बानरून को बनाया था।**

प्रश्न 350. गेस्टाइन समझौता किन देशों के मध्य हुआ?

उत्तर– **गेस्टाइन समझौता आस्ट्रिया और प्रशा के मध्य हुआ।**

प्रश्न 351. कार्बोनरी की स्थापना कब और कहाँ हुई ?

उत्तर– **कार्बोनरी की स्थापना 1810 ई.मे नेपल्स में हुई थी।**

प्रश्न 352. इटली के एकीकरण के प्रमुख निर्माता कौन–कौन थे?

उत्तर– **ज्युसेपे मेत्सिनी, शासक विक्टर इमेनुएल तथा काबूर।**

प्रश्न 353. 1871 में जर्मनी का सम्राट किसे घोषित किया गया?

उत्तर– **प्रशा का राजा विलियम प्रथम।**

प्रश्न 354. कताई की मशीन का आविष्कार किसने किया ?

उत्तर– **कताई की मशीन का आविष्कार जेम्स हरग्रीव्ज ने 1765 ई. में किया।**

प्रश्न 355. टेलीफोन का आविष्कार किसने किया ?

उत्तर– **टेलीफोन का आविष्कार ग्राहम बैल ने 1876 ई. में किया।**

प्रश्न 356. श्वास द्वारा शराब की मात्रा की जाँच करने वाली मशीन का क्या नाम है?

उत्तर– **श्वास विश्लेषक यन्त्र (ब्रेथ एनालाइजर)।**

प्रश्न 357. गाड़ी चलाते समय हमारे पास कौन–कौनसे कागज होने चाहिए?

उत्तर– **गाड़ी चलाते समय हमारे पास गाड़ी का रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा तथा प्रदूषण नियन्त्रण से सम्बन्धित कागज होने चाहिए।**

प्रश्न 358. सड़क पर कोई दुर्घटना होने पर हमारा क्या कर्त्तव्य बनता है?

उत्तर– **हमें सड़क स्थल से बचकर निकलने की जगह घायलों की सहायता करनी चाहिए।**

प्रश्न 359. सड़क परिवहन हेतु नियम एवं संकेत व प्रतीक किसने बनाए हैं?

उत्तर– **सड़क परिवहन हेतु नीतियां, नियम और संकेत व प्रतीक सड़क परिवहन और राजमार्ग मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा बनाए गए हैं।**

प्रश्न 360. सड़क सुरक्षा किसे कहते हैं?

उत्तर– **नीतियों, नियमों एवं संकेतों का पालन करते हुए सड़क पर यात्रा करना सड़क सुरक्षा कहलाता है?**

प्रश्न 361. वर्तमान में किस कारण से सड़क यातायात में वृद्धि हुई है?

उत्तर– **वर्तमान में आर्थिक विकास, तकनीकी उन्नति और आवागमन की जरूरतों के कारण सड़क यातायात में वृद्धि हुई है?**

प्रश्न 362. सड़क दुर्घटनाओं के कोई दो कारण बताइए।

उत्तर– **बहुत तेज गति से वाहन चलाना। 2. नशे में गाड़ी चलाना।**

प्रश्न 363. सुरक्षित साइकिल चलाने के बारे में चालकों को कोई दो सुझाव दीजिए।

उत्तर– **यातायात के नियामों का पालन करना चाहिए। 2. सड़क पर कलाबाजी नहीं करनी चाहिए।**

प्रश्न 363. सड़क पर हमेशा किस तरफ चलना चाहिए।

उत्तर– **सड़क पर हमेशा बायीं तरफ चलना चाहिए।**

प्रश्न 364. सड़क दुर्घटनाओं से बचने के कोई दो उपाय बताइए।

उत्तर– **यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। 2. नियन्त्रित गति से गाड़ी चलानी चाहिए।**

प्रश्न 365. ट्रेफिक पुलिस का कार्य बताइए।

उत्तर– **ट्रेफिक पुलिस यातायात को नियन्त्रित करने का कार्य करती है।**

प्रश्न 366. बड़े शहरों में सड़क यातायात के दबाव को कम करने के लिए किस अन्य परिवहन साधन का प्रयोग किया जाना चाहिए।

उत्तर– **बड़े शहरों में सड़क यातायात के दबाव को कम करने के लिए मैट्रो रेल का विकास किया जाना चाहिए।**

प्रश्न 367. क्या शहरों में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध होना चाहिए?

उत्तर– **हाँ, भारी यातायात की समय अवधि में शहर में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध कर देना चाहिए।**

प्रश्न 368. रात के समय साइकिल सवार द्वारा रखी जाने वाली कोई दो सावधानियाँ बताइए।

उत्तर– **(1) उसे अपने पास चमकती लाइट रखनी चाहिए।**

**(2) उसे साइकिल पर रिफ्लेक्टिव (परावर्तक) टेप लगानी चाहिए।**

प्रश्न 369. हरी बत्ती क्या संकेत देती है?

**उत्तर– हरी बत्ती ट्रैफिक को चलने का संकेत देती है?**

प्रश्न 370. लाल बत्ती क्या संकेत देती है?

**उत्तर– यह ट्रैफिक को रूकने का संकेत देती है।**

प्रश्न 371. ट्रैफिक लाइटों का क्या प्रयोग है?

**उत्तर– ट्रेफिक को नियन्त्रित करने तथा उसे चलने व रोकने के लिए ट्रैफिक लाइट का उपयोग किया जाता है।**

प्रश्न 372. रात में साइकिल दिखाई दे इसके लिए किसका प्रयोग करना चाहिए?

**उत्तर– रात में साइकिल दिखाई दे इसके लिए साइकिल पर रिफ्लेक्टिव (परावर्तक) टेप लगानी चाहिए।**

प्रश्न 373. सड़क पार करने हेतु पैदल यात्रियों को किस पट्टी का प्रयोग करना चाहिए?

**उत्तर– पैदल यात्रियों को सड़क पार करने हेतु जेब्रा क्रोसिंग का इस्तेमाल करना चाहिए।**

प्रश्न 374. साइकिल अधिकतम किने व्यक्तियों के बैठने के लिए होती है?

**उत्तर– साइकिल अधिकतम दो व्यक्तियों के बैठने के लिए होती है।**

प्रश्न 375. वर्तमान में बढ़ते यातायात से शहरों में उत्पन्न होने वाली कोई दो समस्याएं बताइए।

**उत्तर– 1. पार्किंग की समस्या 2. प्रदूषण की समस्या।**

प्रश्न 376. प्रमुख मार्गों की सुरक्षा हेतु कोई दो उपाय बताइए।

**उत्तर– 1. पुलिस गश्ती दल द्वारा लगातार गश्त की व्यवस्था की जाये।**
**2. सभी प्रमुख मार्गों व सुनसान जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाएं।**

प्रश्न 377. सड़क पर होने वाले कोई दो अपराध बताइए।

**उत्तर– 1. बाइक सवार द्वारा चैन तोड़कर भागना। 2. राजमार्गों पर लूटने की घटना होना।**

प्रश्न 378. बारिश में सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए कोई एक उपाय बताइए।

**उत्तर– बारिश में सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए बारिश से पहले सड़कों के गड्ढों की मरम्मत करनी चाहिए।**

प्रश्न 379. बारिश के समय अधिक दुर्घटनाएं क्यों होती हैं?

**उत्तर– बारिश के समय शहरों में सड़कों पर पानी भर जाता है जिससे दुर्घटनाएं अधिक होती है?**

प्रश्न 380. सड़क दुर्घटना से व्यक्ति के किस अधिकार का उल्लंघन होता है?

**उत्तर– जीने के अधिकार का उल्लघंन होता है।**

प्रश्न 381. यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा हेतु उनके चढ़ने–उतरने के लिए किस प्रकार की व्यवस्था होनी चाहिए।

**उत्तर– यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा हेतु उनके चढ़ने–उतरने के लिए रेम्प ऐस्केलेटर (स्वचालित सीढ़ियों) की व्यवस्था होनी चाहिए।**

प्रश्न 382. क्या बाईं तरफ 'यू टर्न ' लेने की अनुमति है?

**उत्तर– नहीं, बाईं तरफ यू टर्न लेने की अनुमति नहीं है।**

प्रश्न 383. सड़क पर लापरवाही व खतरनाक घटनाओं को कैसे कम किया जा सकता है?

**उत्तर– सड़क पर लापरवाही व खतरनाक घटनाओं के दोषी लोगों को कठोर दण्ड देकर उदाहरण स्थापित करके कम किया जा सकता है।**

प्रश्न 384. ऐलीस्टेअर एन्थनी परेरा को किस केस में दोषी पाया गया है?

**उत्तर– ऐलीस्टेअर एन्थनी परेरा को टक्कर मारकर भागने के प्रकरण में दोषी पाया गया।**

प्रश्न 385. सड़क दुर्घटानाओं और टक्कर का प्रमुख कारण क्या है?

**उत्तर– सड़क दुर्घटनाओं और टक्कर का प्रमुख कारण मानवीय भूलें है।**

प्रश्न 386. सड़क सुरक्षा का उद्देश्य क्या है?

**उत्तर– सुरक्षित यात्रा ही सड़क सुरक्षा का उद्देश्य है।**

प्रश्न 387. सड़कों पर यातायात बढ़ने के क्या कारण है?

उत्तर– **आर्थिक विकास, तकनीकी उन्नति**

प्रश्न 388. सड़क उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए चुनौती कौन प्रस्तुत करता है?

उत्तर– **बढ़ा हुआ यातायात**

प्रश्न 389. स्वच्छता क्या है?

उत्तर– **सभी प्रकार की गन्दगी को दूर कर, निरोग व आरामदायक जीवन जीना स्वच्छता है।**

प्रश्न 390. प्यरोलीसिस की कोई एक विशेषता बताइए।

उत्तर– **यह वायु प्रदूषण किए बिना ऊर्जा का पुनः भरण करता है।**

प्रश्न 391. राजीव आवास योजना का क्या उद्देश्य है?

उत्तर– **इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहरों में स्लमवासियों को सम्पत्ति का अधिकार प्रदान करना है।**

प्रश्न 392. ग्रामीण स्वच्छता एवं शहरी स्वच्छता अभियान कार्यक्रम किसने शुरू किया है?

उत्तर– **भारत सरकार ने।**

प्रश्न 393. कचरा प्रबंधन कार्यक्रम किस सिद्धान्त पर काम करता है?

उत्तर– **कचरा प्रबंधन कार्यक्रम तीन आर सिद्धान्त पर काम करता है जो हैं– Reduce, Reuse, Recyle**

प्रश्न 394. ठोस कचरा प्रबंधन के कोई दो लाभ बताइए।

उत्तर– **1. जहरीले पदार्थों के निष्कासन में कमी से जल प्रदूषण नहीं होता है।**

**2. बिजली उत्पादन के लिए सस्ती ऊर्जा प्राप्त होती है।**

प्रश्न 395. गैसीकरण और प्यरोलीसिस में कोई एक अन्तर बताइए।

उत्तर– **गैसीकरण में कचरे का दहन कम ऑक्सीजन के क्षेत्रों में किया जाता है जबकि प्यरोलीसिस में कचरे का दहन ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में किया जाता है।**

प्रश्न 396. कोई एक ग्रीन हाउस गैस का नाम बताइए।

उत्तर– **मीथेन**

प्रश्न 397. भस्मीकरण क्या है?

उत्तर– **यह एक थर्मल प्रक्रिया है जिसमें कचरे का दहन ऑक्सीजन की उपस्थिति में किया जाता है।**

प्रश्न 398. ठोस कचरा निस्तारण के कोई दो उपाय बताइए।

उत्तर– **1. कचरा न्यूनीकरण एवं पुनः प्रयोग। 2. कचरे का पुनः चक्रण।**

प्रश्न 399. लंदन में जन–स्वास्थ्य एवं सफाई नियन्त्रण कानून कब बनाया गया था?

उत्तर– **1857 में।**

प्रश्न 400. स्वच्छता प्रबंधन का कोई एक मापदण्ड बताइए।

उत्तर– **कच्चे माल का प्रोसेसिंग रूम, उत्पादन प्रक्रिया रूम और पैंकिग रूम अलग–अलग होना चाहिए।**

प्रश्न 401. शहरी निर्धनों को बुनियादी सेवाएं कार्यक्रम में क्या कार्य किए जाते हैं?

उत्तर– **यह कार्यक्रम शहरों में आवास और गंदी बस्ती उन्नयन के कार्यक्रम आयोजित कर रहा है?**

प्रश्न 402. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण ) में प्रत्येक परिवार को शौचालय हेतु कितनी प्रोत्साहन राशि दी जाती है?

उत्तर– **12,000 रूपये**

प्रश्न 403. भारतीय दर्शन में मानव जीवन का महत्वपूर्ण कार्य क्या बताता है?

उत्तर– **भारतीय दर्शन में शरीर, आत्मा, मन बुद्धि तथा पर्यावरण को शुद्ध रखना मानव जीवन का महत्वपूर्ण कार्य बताया है।**

प्रश्न 404. कचरा द्वारा मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कोई दो दुष्प्रभाव बताइए।

उत्तर– **1. पीने के पानी के दूषित होने से बीमारियां फैलना।**

**2. मक्खियों एवं अन्य कीटों के बढ़ने से बीमारी फैल जाना।**

प्रश्न 405. सामुदायिक स्वच्छता का सम्बन्ध किससे है?

उत्तर– **सामुदायिक स्वच्छता का सम्बन्ध ग्रामीण लोगों की सहज और लापरवाहीपूर्ण तरीके से खुले में मल त्याग प्रक्रिया से है।**

प्रश्न 406. पारिस्थितिक स्वच्छता किसमें सम्बन्ध बताती है?

उत्तर– **पारिस्थितिक स्वच्छता सुरक्षित कृषि उपायों व स्वच्छता में सम्बन्ध बताती है।**

प्रश्न 407. पर्यवरण स्वच्छता के कोई दो अंगों के नाम लिखिए।

उत्तर– **1. ठोस कचरा प्रबंधन 2. पानी व दूषित जल का उपचार।**

प्रश्न 408 पूर्ण स्वच्छता अभियान कब प्रारम्भ किया गया?

उत्तर– **1 अप्रेल, 1999 को।**

प्रश्न 409. निर्मल भारत अभियान के कोई दो उद्देश्य बताइए।

उत्तर– **1. ग्रामीण भारत को निर्मल भारत में परिवर्तन करना।**

**2. 2022 तक सभी ग्रामीण परिवारों को 10 प्रतिशत स्वच्छ करना।**

प्रश्न 410. गंदगी को हमारे तक पहुँचाने वाला कीट कौनसा है?

उत्तर– **गंदगी को हमारे तक पहुँचाने वाला कीट मक्खियां हैं।**

प्रश्न 411. घनी आबादी क्षेत्र किस समस्या से अधिक पीड़ित है?

उत्तर– **घनी आजादी क्षेत्र गंदगी या कचरे के निस्तारण की समस्या से अधिक पीड़ित है।**

प्रश्न 412. मानव के लिए स्वच्छता की क्यों आवश्यकता है?

उत्तर– **भारतीय दर्शन में शरीर, आत्मा, मन, बुद्धि तथा पर्यावरण को शुद्ध रखना मानव जीवन का महत्वपूर्ण कार्य बताया गया है, अतः मानव जीवन मूल्यों को बनाये रखने के लिए स्वच्छता की आवश्यकता है।**

प्रश्न 413. पुनः चक्रवण को परिभाषित कीजिए।

उत्तर– **कचरे को उपयोगी कच्चे माल के रूप में उपयोग करना और कचरे की मात्रा कम करना पुनः चक्रण कहलाता है।**

प्रश्न 414. शुष्क स्वच्छता का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

उत्तर– **शुष्क स्वच्छता से तात्पर्य शुष्क शौचालय, पेशाबघर आदि अतिरिक्त प्रयासों से है।**

प्रश्न 415. खुले में शौच मुक्त भारत में हासिल करने का लक्ष्य कब तक पूरा किया जाना प्रस्तावित है?

उत्तर– **खुले में शौच मुक्त भारत हासिल करने का लक्ष्य 2 अक्टूबर, 2019 तक पूरा किया जाना प्रस्तावित है।**

प्रश्न 416. घरेलू कचरा क्या होता है?

उत्तर– **घरेलू सामग्री का बचा अनुपयोगी सामान यथा–सब्जी व फलों के छिलके, अण्डों के खोल, बचा हुआ खाना, कागज, पैंकिंग सामग्री, डिब्बे आदि घरेलू कचरा कहलाता है।**

प्रश्न 417. खतरनाक कचरे कौनसे है?

उत्तर– **रासायनिक कचरा, रेडियो एक्टिव कचरा और अस्पतालों का कचरा आदि खतरनाक कचरे है।**

प्रश्न 418. वानस्पतिक खाद किसे कहते है?

उत्तर– **पेड़–पौधों की पत्तियों एवं पशुओं के मल–मूत्र (गोबर) आदि तथा विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों को गला कर तैयार किया गया खाद वनस्पति खाद कहलाता है।**

प्रश्न 419. राजीव आवास योजना क्या है?

उत्तर– **शहरों में स्लम वासियों को सम्पति का अधिकार प्रदान करने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसे राजीव आवास योजना के नाम से जाना जाता है।**

प्रश्न 420. स्वच्छ रहने की शिक्षा कब शुरू की जाती थी?

उत्तर– **प्राचीन शिक्षा पद्धति में यज्ञोपवीत संस्कार के बाद शिष्य को स्वच्छ रहने की शिक्षा शुरू की जाती थी।**

प्रश्न 421. प्रत्यक्ष लोकतंत्र से क्या आशय है?

उत्तर– **प्रत्यक्ष लोकतंत्र वह शासन है जिसमें जनता स्वयं प्रत्यक्ष रूप से राज्य की प्रभुत्व शक्ति का प्रयोग करती है।**

प्रश्न 422. प्रत्यक्ष लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था कैसे राज्यों में ही संभव है?

उत्तर– **प्रत्यक्ष लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था केवल छोटे तथा कम जनसंख्या वाले राज्यों में ही संभव है।**

प्रश्न 423. आधुनिक विश्व में प्रतिनिधि प्रजातंत्र के कौनसे दो रूप दिखाई पड़ते हैं?

उत्तर– **आधुनिक विश्व में प्रतिनिधि प्रजातंत्र के दो रूप– 1. संसदात्मक शासन और 2. अध्यक्षात्मक शासन–ही दिखाई पड़ते हैं।**

प्रश्न 424. ''विश्व में एक योग्य व्यक्ति के साथ लगभग नौ मूर्ख व्यक्ति होते हैं, सभी को समान राजनैतिक शक्ति देने का परिणाम मूर्खों के शासन की स्थापना होना है।'' यह कथन किसका है?

उत्तर– **कार्लाइल का।**

प्रश्न 425. लोकतंत्र में किस कारण से कला, साहित्य व संस्कृति का पतन होता है?

उत्तर– **लोकतंत्र में कलाकार तथा साहित्यकार को राज्याश्रय प्राप्त नहीं होने से कला, साहित्य व संस्कृति का पतन होता है।**

प्रश्न 426. लोकतंत्रीय शासन के कोई दो गुण लिखिये

उत्तर– **1. समानता व स्वतंत्रता का रक्षक 2. स्वतंत्र व निष्पक्ष न्यायपालिका की स्थापना।**

प्रश्न 427. लोकतंत्रीय शासन के कोई दो दोष लिखिये

उत्तर– **1. अयोग्यता का शासन 2. सार्वजनिक धन व समय का अपव्यय।**

प्रश्न 428. लोकतंत्र की सफलता की कोई दो आवश्यक शर्तें लिखिए।

उत्तर– **1. समाज में शांति व व्यवस्था का होना। 2. सुदृढ़ अर्थव्यवस्था का होना।**

प्रश्न 429. राजनीतिक लोकतंत्र के दो रूपों का उल्लेख कीजिए।

उत्तर– **1. लोकतांत्रिक राज्य 2. लोकतांत्रिक शासन**

प्रश्न 430. राजनीतिक लोकतंत्र को मार्क्सवादियों ने क्या कहना पसंद किया है?

उत्तर– **पूँजीवादी लोकतंत्र।**

प्रश्न 431. राजनीतिक लोकतंत्र से क्या आशय है?

उत्तर– **राजनीतिक लोकतंत्र की अवधारणा से आशय है कि राजनीतिक प्रभुसत्ता जनता की प्रभुसत्ता, द्वारा कानूनी प्रभुसत्ता पर नियंत्रण होना चाहिए।**

प्रश्न 432. लोकतंत्र के उदारवादी सिद्धांत के समर्थक किन्हीं दो विद्वानों के नाम लिखिये।

उत्तर– **1. जे.एस. गिल 2. टी.एच. ग्रीन**

प्रश्न 433. लोकतंत्र का कौनसा सिद्धांत समाज के संघात्मक स्वरूप में विश्वास करता है?

उत्तर– **लोकतंत्र का बहुलवादी सिद्धांत।**

प्रश्न 434. लोकतंत्र के बहुलवादी सिद्धांत के विकासकर्ता किन्हीं तीन विद्वानों के नाम लिखिए।

उत्तर– **एच. जे. लास्की 2. अर्नेस्ट बार्कर 3. जी.डी.एच. कोल।**

प्रश्न 435. लोकतत्र के किस सिद्धांत की सम्पूर्ण विचारधारा का केन्द्र अभिजन वर्ग है?

उत्तर– **लोकतंत्र के विशिष्ठ वर्गीय सिद्धांत की।**

प्रश्न 436 लोकतंत्र के विशिष्ट वर्गीय सिद्धांत के किन्हीं तीन प्रतिपादकों के नाम लिखिए।

उत्तर– **राबर्ट मिचेल्स, मोस्का तथा पैरेटो**

प्रश्न 437. भारतीय संसद के उच्च या द्वितीय सदन का नाम क्या है?

उत्तर– **राज्यसभा**

प्रश्न 438. वर्तमान में राज्य सभा के सदस्यों की संख्या कितनी है?

उत्तर– **वर्तमान में राज्यसभा के सदस्यों की संख्या 245 है।**

प्रश्न 439 राष्ट्रपति राज्यसभा में किन 12 व्यक्तियों को मनोनीत करता है?

उत्तर– **राष्ट्रपति कला, साहित्य, विज्ञान समाज सेवा या खेल क्षेत्र में विशेष ज्ञान या अनुभव प्राप्त 12 व्यक्तियों को राज्यसभा में मनोनीत करता है।**

प्रश्न 440. राज्यसभा के सदस्यों का कार्यकाल कितने वर्ष है?

उत्तर– **राज्य सभा के सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष का होता है।**

प्रश्न 441. संघीय परिषद् के सदस्यों की नियुक्ति किसके द्वारा और किसकी सिफारिश पर की जा सकती है?

उत्तर– **संघीय परिषद् के सदस्यों की नियुक्ति प्रधानमंत्री की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।**

प्रश्न 442. भारत के राष्ट्रपति की तुलना किस देश के संवैधानिक प्रधान से की जाती है?

उत्तर– **भारत के राष्ट्रपति की तुलना ब्रिटेन के संवैधानिक प्रधान से की जाती है।**

प्रश्न 443. सरकार के तीन प्रमुख अंगों के नाम लिखिए।

उत्तर– **1. व्यवस्थापिका 2. कार्यपालिका 3. न्यायपालिका**

प्रश्न 444. भारतीय संविधान में संघीय व्यवस्थापिका का क्या नाम दिया गया है?

उत्तर– **भारतीय संविधान में संघीय व्यवस्थापिका को 'संसद' नाम दिया गया है।**

प्रश्न 445. भारतीय संसद के प्रमुख अंग कौन–से है?

उत्तर– **भारतीय के प्रमुख तीन अंग है ये हैं – 1. लोक सभा 2. राज्यसभा 3. राष्ट्रपति**

प्रश्न 446. संसद के लोकप्रिय या निम्न सदन का क्या नाम है?

उत्तर– **संसद के लोकप्रिय या निम्न सदन का नाम लोकसभा है।**

प्रश्न 447. राष्ट्रपति लोकसभा में किन दो सदस्यों का मनोनयन कर सकता है?

उत्तर– **राष्ट्रपति आंग्ल–भारतीय वर्ग के दो सदस्यों का मनोनयन कर सकता है।**

प्रश्न 448. लोकसभा के सदस्यों का निर्वाचन किस आधार पर होता है?

उत्तर– **लोकसभा के सदस्यों का निर्वाचन प्रत्यक्ष रूप से और वयस्क मताधिकार के आधार पर होता है।**

प्रश्न 449. लोकसभा का सामान्य कार्यकाल कितना है?

उत्तर– **लोकसभा का सामान्य कार्यकाल 5 वर्ष है।**

प्रश्न 450. भारतीय संसद की सर्वाच्चता पर क्या सीमाएं हैं?

उत्तर– **1. संविधान की सर्वोच्चता 2. संघात्मक व्यवस्था**
**3. मौलिक अधिकार और नयायिक पुनर्विलोकन की व्यवस्था की सीमाएं है**

प्रश्न 451. भारतीय संघ की कार्यपालिका का प्रधान कौन है?

उत्तर– **भारतीय संघ की कार्यपालिका का प्रधान राष्ट्रपति हैं।**

प्रश्न 452. वह कौनसा विवाद है,जिसमें सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रपति को परामर्श देने से इंकार कर दिया?

उत्तर– **बाबरी मस्जिद बनाम राम मंदिर विवाद।**

प्रश्न 453. वर्तमान में सर्वोच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्त किस प्रक्रिया के अन्तर्गत की जाती है?

**उत्तर– वर्तमान में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति कौलोजियम प्रक्रिया के तहत की जाती है**

प्रश्न 454. सर्वाच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति कौन करता है?

**उत्तर– सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।**

प्रश्न 455. वर्तमान में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की कुल संख्या कितनी है?

**उत्तर– वर्तमान में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की कुल संख्या मुख्य न्यायाधीश सहित 31 है।**

प्रश्न 456. मौलिक अधिकारों की रक्षा हेतु सर्वोच्च न्यायालय कितने प्रकार का लेख जारी कर सकता है?

**उत्तर– मौलिक अधिकारों की रक्षा हेतु सर्वोच्च न्यायालय 5 प्रकार के लेख जारी कर सकता है तथा प्रमुख दो लेख है 1. बंदी प्रत्यक्षीकरण 2. परमादेश**

प्रश्न 457. मंत्रिमंडल की किन्हीं दो शक्तियों का उल्लेख कीजिए।

**उत्तर– राष्ट्रीय नीति निर्धारित करना, वैदेशिक समबन्धों का संचालन।**

प्रश्न 458. मंत्रियों की श्रेणियों के नाम लिखिए।

**उत्तर– मंत्रियों की तीन श्रेणियां होती है। 1. केबीनेट मंत्री 2. राज्यमंत्री 3. उपमंत्री**

प्रश्न 459. वर्तमान में संघ की मंत्रिपरिषद की कितनी संख्या है

**उत्तर– वर्तमान में संघ मंत्रिपरिषद् के सदस्यों की संख्या लोकसभा की कुल सदस्य संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती।**

प्रश्न 460. लोकसभा का नेता कौन होता है?

**उत्तर– प्रधानमंत्री लोकसभा का नेता होता है।**

प्रश्न 461. शासन का प्रमुख प्रवक्ता कौन होता है?

**उत्तर– प्रधानमंत्री शासन का प्रमुख प्रवक्ता होता है।**

प्रश्न 462. भारत की किस निधि पर राष्ट्रपति का नियंत्रण होता है?

**उत्तर– भारत की 'आकस्मिकता निधि' पर राष्ट्रपति का नियंत्रण होता है।**

प्रश्न 463. स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?

**उत्तर– डॉ. राजेन्द्र प्रसाद**

प्रश्न 464. राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के लिए न्यूनतम आयु कितनी निर्धारित की गई है?

**उत्तर– राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के लिए न्यूनतम आयु 35 वर्ष**

प्रश्न 465. राज्यपाल के पद पर नियुक्ति के लिए उसकी न्यूनतम आयु क्या निर्धारित की गई है?

**उत्तर– राज्यपाल के पद पर नियुक्ति के लिए व्यक्ति की न्यूनतम आयु 35 वर्ष निर्धारित की गई है।**

प्रश्न 466. राज्यपाल की कोई दो स्वविवेकी शक्तियों लिखिए।

**उत्तर– राज्यपाल की दो स्वविवेक शक्तियों ये हैं–**

**1. विधानमण्डल द्वारा पारित किसी विधेयक को पुनर्विचार हेतु लौटा देना।**

**2. विधानमण्डल द्वारा पारित किसी विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति हेतु भेजना।**

प्रश्न 467. निर्वाचक मण्डलों द्वारा विधानपरिषद् के सदस्यों का निर्वाचन किस निर्वाचन पद्धति के अनुसार होता है?

**उत्तर– निर्वाचक मण्डलों द्वारा विधानपरिषद् के सदस्यों का निर्वाचन आनुपातिक प्रतिनिधित्व की एकल संक्रमणीय मत पद्धति के अनुसार होता है।**

प्रश्न 468. राज्य विधानपरिषद् के निर्वाचित सदस्यों के निर्वाचक मण्डलों के नाम लिखिए।

**उत्तर– राज्य विधानपरिषद् के निर्वाचक मण्डल ये हैं– 1. स्थानीय संस्थाओं का निर्वाचक मण्उल 2. स्नातकों का निर्वाचक मण्उल 3. विधानसभा का निर्वाचक मण्डल 4. अध्यापकों का निर्वाचक मण्डल।**

प्रश्न 469. विधानपरिषद् के कितने सदस्यों को निर्वाचित किया जाता है?

उत्तर– **विधानपरिषद् के 5/6 सदस्यों को निर्वाचित किया जाता है।**

प्रश्न 470. राज्य विधानसभा का कार्यकाल कितना है?

उत्तर– **राज्य विधानसभा का सामान्य कार्यकाल 5 वर्ष है।**

प्रश्न 471. विधानसभा की सदस्यता के लिए व्यक्ति की नयूनतम आयु कितनी आवश्यक है?

उत्तर– **विधानसभा की सदस्यता के लिए उसकी आयु कम से कम 25 वर्ष होना आवश्यक है।**

प्रश्न 472. विधानसभा के सदस्यों के चुनाव के लिए कौनसी निर्वाचन पद्धति अपनायी गयी है?

उत्तर– **विधानसभा के सदस्यों चुनाव के लिए वयस्क मताधिकार और संयुक्त निर्वाचन की साधारण बहुमत पद्धति अपनायी गयी है**

प्रश्न 473. राज्यपाल विधानसभा में कब तथा किने सदस्य मनोनीत कर सकता है?

उत्तर– **निर्वाचन के बाद यदि विधानसभा में आंग्ल–भारतीय समुदाय को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलता है तो राज्यपाल उस समुदाय के एक सदस्य को विधानसभा में मनोनीत कर सकता है?**

प्रश्न 474. विधानपरिषद् धन विधेयक को अपने पास कितने समय तक रोक सकती है?

उत्तर– **विधानपरिषद् धन विधेयक को 14 दिन तक रोक सकती है।**

प्रश्न 475. द्विसदनात्मक व्यवस्थापिका वाले राज्यों में राज्य विधानमंडल के अंगों का उल्लेख कीजिए।

उत्तर– **द्विसदनात्मक व्यवस्थापिका वाले राज्यों में राज्य विधानमंडल के तीन अंग हैं।**
**1. राज्यपाल 2. विधानसभा 3. विधानपरिषद्**

प्रश्न 476. उच्च नयायालय का न्यायाधीश कितने वर्ष की आयु तक अपने पद पर रह सकता है?

उत्तर– **62 वर्ष की आयु तक।**

प्रश्न 477. भारत में सर्वप्रथम उच्च न्यायालय कब और कहाँ–कहाँ स्थापित में किये गये?

उत्तर– **भारत में सर्वप्रथम उच्च न्यायालय 1862 में कलकता, बॉम्बे और मद्रास में स्थापित किये गये।**

प्रश्न 478. मंत्रिमंडल की बैठकों के लिए एजेण्डा (कार्यसूची) किसके द्वारा तैयार किया जाता है?

उत्तर– **मंत्रिमंडल बैठकों के लिए 'एजेण्डा मुख्यमंत्री द्वारा तैयार किया जाता है?**

प्रश्न 479. राज्यपाल द्वारा किस व्यक्ति को ही मुख्यमंत्री पद पर नियुक्त किया जाता है?

उत्तर– **राज्यपाल के द्वारा विधानसभा में बहुमत दल के नेता को ही मुख्यमंत्री पर नियुक्त किया जाता है।**

प्रश्न 480. मंत्रिमंडल की कार्यवाही के दो प्रमुख नियम कौनसे हैं?

उत्तर– **मंत्रिमंडल की कार्यवाही के दो प्रमुख नियम ये हैं– 1. सामूहिक उत्तरदायित्व 2. गोपनीयता**

प्रश्न 481. राज्यों की मंत्रिपरिषद् में मंत्रियों की कितनी श्रेणियां होती हैं? उनके नाम लिखो।

उत्तर– **राज्यों की मंत्रिपरिषद् में मंत्रियों की तीन श्रेणी होती हैं।– कैबीनेट मंत्री, राज्यमंत्री, उपमंत्री**

प्रश्न 482. उच्च न्यायालय के गठन का प्रावधान सवंधिान के लिए किस अनुच्देद के अन्तर्गत किया गया है?

उत्तर– **उच्च न्यायालय के गठन का प्रावधान संविधान के अनुच्छेद– 214 के अन्तर्गत किया गया है।**

प्रश्न 483. उच्च न्यायालय का न्यायाधीश अपना त्यागपत्र किसे संबोधित कर देता है?

उत्तर– **उच्च न्यायालय का न्यायाधीश अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति को संबोधित कर देता है?**

प्रश्न 484. उपभोक्ता जागरूकता से आप क्या समझते है?

उत्तर– उपभोक्ता को उसके अधिकारों एवं कर्त्तव्यों से अवगत करना ही उपभोक्ता जागरूकता है।

प्रश्न 485. कोपरा क्या है?

उत्तर– **वर्ष 1986 में उपभोक्ताओं के हितों के लिए तथा अनुचित व्यवसाय शैली को सुधारने के लिए भारत सरकार द्वारा उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम, 1986 कानून बनाया गया जिसे कोपरा के नाम से जाना जाता है।**

प्रश्न 486. राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस कब मनाया जाता है?

उत्तर– **राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 24 दिसम्बर को मनाया जाता है।**

प्रश्न 487. राइट टू इन्फॉर्मेशन कानून लागू किया गया था?

उत्तर– **राइट टू इन्फॉर्मेशन कानून 2005 लागू किया गया था।**

प्रश्न 488. क्षतिपूर्ति निवारण का अधिकार से क्या आशय है?

उत्तर– **यदि एक उपभोक्ता को कोई नुकसान या क्षति पहुँचती है, तो क्षति की मात्रा के आधार पर उसे क्षतिपूर्ति पाने का अधिकार होता है।**

प्रश्न 489. उपभोक्ता अपनी एकजुटता का प्रदर्शन कैसे कर सकते हैं?

उत्तर– **उपभोक्ता अपनी एकजुटता का प्रदर्शन उपभोक्ता आन्दोलन द्वारा कर सकते हैं। उपभोक्ता की सक्रिय भागीदारी से ही उपभोक्ता आन्दोलन प्रभावी हो सकता है।**

प्रश्न 490. सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं के अधिकाधिक उपयोग को प्रोत्साहित करने का एक माध्यम लिखें।

उत्तर– **सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं के अधिकाधिक उपयोग को विभिन्न उत्प्रेरक योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित एवं अभिप्रेरित करना।**

प्रश्न 491. महाजनपद से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर– **छठी शताब्दी ई.पू. तक आते–आते जनपद महाजनपदो में बदल गए जिसे महाजनपद कहते हैं।**

प्रश्न 492. किस धर्म ग्रंथ में 16 महाजनपदों का उल्लेख है ?

उत्तर– **बौद्ध ग्रन्थ केक अंगतुर निकाय**

प्रश्न 493. राजस्थान में स्थित दो महाजनपदों के नाम बताइए।

उत्तर– **मत्स्य, सुरसेन**

प्रश्न 494. जांगल देश से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर– **महाजनपद काल में बीकानेर व जोधपुर क्षेत्र को जांगल देश कहा जाता है।**

प्रश्न 495. मेगस्थनीज कौन था ?

उत्तर– **यूनानी राजदूत।**

प्रश्न 496. चन्द्रगुप्त मौर्य के दक्षिण भारत पर आक्रमण की जानकारी किन ग्रंथों से मिलती है ?

उत्तर– **तमिल ग्रन्थ अहनानूर व मुरनानूर।**

प्रश्न 497. चन्द्रगुप्त मौर्य ने किससे जैन धर्म की दीक्षा ली ?

उत्तर– **भद्रबाहु**

प्रश्न 498. डामेकस कौन था ?

उत्तर– **सीरिया शासक एण्टियोकस का राजदूत।**

प्रश्न 499. कौटिल्य ने राज्य के सात अंग कौनसे बताए हैं ?

उत्तर– **राजा, अमात्य, जनपद, दुर्ग, कोष, सेना और मित्र।**

प्रश्न 500. सीसे की मुद्राएँ किस वंश ने चलाई ?

उत्तर– **सातवाहन वंश ने।**

## लघुतरात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. टांका क्या है ?**

**उत्तर–** यह पश्चिमी राजस्थान में परम्परागत जल संग्रहण एवं संरक्षरण का स्त्रोत जो कि प्रत्येक घर तथा खेत में भूमि में 5 से 6 मीटर गहरा गढ्ढा खोदकर बनाया जाता है। इसके ऊपरी भाग को पत्थरों अथवा स्थानीय उपलब्ध संसाधनों से ढक दिया जाता है इसमें घरों की छत तथा आगोर से आने वाले वर्षा जल का संग्रहण कर दिया जाता है। इसके आन्तरिक भाग में राख तथा बजरी का लेप कर दिया जाता है जो जल रिसाव व तली के कटाव को रोकता है।

**प्रश्न 2. मुख्यमंन्त्री जल स्वालम्बन योजना में किये जाने वाले चार कार्य लिखिए।**

**उत्तर–** मुख्यमंन्त्री जल स्वालम्बन योजना के चार कार्य के निम्नलिखित है–

1. भू–जल स्तर में वृद्धि व गुणवता में सुधार 2. जलग्रहण क्षेत्रों के उपचार जिसमें डीप कन्टीन्यूअस कन्टूर ट्रेन्चेज,स्ट्रेगर्ड, फार्म पोण्ड, मिनि परकोलेशन टेन्क, संकन गली पिट , खडीन, जोहड़, टांका निर्माण करना है। 3. श्रृंखलाबद्ध छोटे–छोटे एनिकट, मिट्टी के चेकडेम एवं जल संग्रहण ढाँचा, नाला स्थरीकरण के कार्य करना 4. स्थानीय स्तर पर जल का समुचित प्रबंधन किया जाना है।

**प्रश्न 3. जलस्वालम्बन की आवश्यकता क्यों है ?**

**उत्तर–** वर्तमान में भूमिगत जल का स्तर निरन्तर गिर रहा है, स्थानीय स्तर पर प्रचलित जल–स्त्रोतों की दुर्दशा हो गई है, बड़े बाँधों मं मिट्टी की गाद बढ़ गई तथा वर्षा की कमी से जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। साथ ही जनसंख्या वृद्धि से यह जल संकट और अधिक गम्भीर हो गया है। अतः इस संकट को दूर करने हेतु जल के समुचित प्रबन्धन हेतु जल स्वावलम्बन की आवश्यकता है।

**प्रश्न 4. झील संरक्षण से आप क्या समझते है ?**

**उत्तर–** झीलें राज्य में बहते हुए जल का संरक्षण करने में सर्वाधिक प्रचलित स्त्रोत रही है। इन झीलों का निर्माण स्थानीय शासकों, साहूकारों एवं बनजारों के द्वारा किया गया था। ये पेयजल के साथ–साथ सिंचाई के साधन के रूप में प्रचलित रही है। इन झीलों से नहरें निकाल कर समीप के भागों मे सिंचाई कार्य किया जाता था।

**प्रश्न 5. राजस्थान में सिंचाई व पेयजल की चार परियोजनाओं के नाम बताओं ?**

**उत्तर–** 1. चम्बलघाटी परियोजना 2. इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना

3. माही बजाज सागर परियोजना 4. बीसलपुर परियोजना

**प्रश्न 6. खड़ीन क्या है ? समझाइए।**

**उत्तर–** राजस्थान में परम्परागत जल संरक्षण का एक रूप है। खड़ीन वस्तुतः कृषि भूमि होती है जो जैसलमेर जिले में मध्यकाल में पालीवाल ब्राहमणो द्वारा अपनाई गई। जलसंरक्षण तथा जल प्रबंधन की ऐसी तकनीक जो कृषि तथा पेयजल के लिए सर्वाधिक उपयुक्त मानी गयी है।

**प्रश्न 7. जलप्रबन्धन के कोई चार लाभ लिखिए ?**

**उत्तर–** जलप्रबन्धन चार लाभ निम्नलिखित है–

1. वर्षा जल का सदुपयोग किया जा सकता है।

2. बढ़ती जनसंख्या की जल की माँग की पूर्ति में मदद मिलेगी।

3. इससे मानसून की अनिश्चितता एवं अनियमितता के कारण पड़ने वाले सूखे एवं अकाल से निपटनें में मदद मिलेगी।

4. जल की मांग व पूर्ति में सामजस्य स्थापित करती है।

**प्रश्न 8. भारत में कौनसी परियोजनाओं का संचालन राज्यों तथा केन्द्र सरकार के माध्यम से किया जाता है?**

**उत्तर–** केन्द्र सरकार द्वारा संचालित परियोजनाएँ– भाखड़ा नांगल, रिहन्द, कोसी, दामोदर, हीराकुण्ड, टिहरी आदि। राज्यों द्वारा संचालित परियोजनाएँ– चम्बल परियोजना (मध्यप्रदेश व राजस्थान), नागार्जुन सागर परियोजना (आन्ध्रप्रदेश ), सरदार सरोवर परियोजना (गुजरात, मध्यप्रदेश व राजस्थान ), मयूराक्षी या फरक्का परियोजना (प.बंग.), गण्डक परियोजना (बिहार व उत्तरप्रदेश), मच्छकुण्ड परियोजना (आन्ध्रप्रदेश व उड़ीसा ) आदि।

**प्रश्न 9. राजस्थान में जल संरक्षण तकनीक को क्यों अपनाया गया था ?**

**उत्तर–** राजस्थान का अधिकांश भाग मरूस्थलीय है एवं यहाँ वर्षा की कमी के कारण अकाल एवं सूखे की सम्भावना सदैव बनी रहती है। अतः पेयजल एवं सिंचाई हेतु राज्य में जल संरक्षण तकनीकों को अपनाया गया है। जल स्वावलम्बन के उद्देश्य से भारत सरकार ने जल क्रान्ति अभियान तथा राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन कार्यक्रम 2016 में आरम्भ किया।

**प्रश्न 10. इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना राजस्थान के लिए किस तरह एक वरदान साबित हुई हैं ?**

**उत्तर–** इन्दिरा गाँधी नहर से पश्चिमी राजस्थान का कायाकल्प हो गया है। इससे थार मरूस्थल में पेयजल एवं सिंचाई हेतु जल की आपूर्ति होने से व्यर्थ भूमि का उपयोग होने लगा है। इस नहर से 7 लिफ्ट निकाली गई हैं जिनसे 17.41 करोड़ हैक्टेयर भूमि पर सिंचाई होगी। अतः यह नहर थार रेगिस्थान के लिए वरदान है।

**प्रश्न 11. बीसलपुर परियोजना पर प्रकाश डालिए।**

**उत्तर–** यह बहुउद्देशीय जल परियोजना (सिंचाई व पेयजल) है। इस योजना में टोंक जिले के टोडारायसिंह कस्बे के पास बीसलपुर स्थान पर बनास नदी पर 574 मीटर लम्बा तथा 39.5 मीटर ऊँचा बांध बनाया गया है। इस बांध के दायें तथा बायें किनारे से दो नहरें निकाली गयी है। इस योजना के माध्यम से सवाईमाद्योपुर जिले को सिंचाई, जयपुर शहर तथा अजमेर, केकड़ी, सरवाड़, ब्यावर एवं रास्ते में आने वाले गाँवों को पेयजल आपूर्ति तथा टोंक जिले के 256 गाँवों में सिंचाई हेतु जल उपलब्ध करवाया जाएगा।

**प्रश्न 12. चम्बल घाटी परियोजना पर टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर–** यह राजस्थान एवं मध्यप्रदेश की संयुक्त परियोजना है। इस योजना के प्रथम चरण में मध्यप्रदेश में मन्दसौर जिले में गाँधी सागर बाँध, कोटा बैराज एवं नहरी प्रणाली का विकास किया गया । द्वितीय चरण में चित्तौड़गढ़ में राणा प्रताप सागर बाँध एवं तीसरे चरण में कोटा में जवाहर सागर पिकअप बाँध एवं विद्युत गृहों का निर्माण किया गया। कोटा बैराज से सिंचाई हेतु नहरें भी निकाली गई हैं।

**प्रश्न 13. बेरी या छोटी कुई क्या है ? प्रकाश डालिए।**

**उत्तर–** बेरी या छोटी कुई पश्चिमी राजस्थान में मुख्यतः बाड़मेर व जैसलमेर में तालाब तथा खड़ीन में आगोर भूमि में 5–6 मीटर गहरा गड्ढा खोदकर बनाई जाती है। इसका व्यास 2–3 फीट होता है तथा इसकी दीवारों को पत्थरों से बांधा जाता है। जिससे भूमिगत जल रिस कर आता रहे। इसका उपयोग ग्रीष्म ऋतु में वर्षा जल के सूखने के बाद किया जाता है। ये बेरियाँ बाड़मेर तथा जैसलमेर जिले में पाई जाती है।

**प्रश्न 14. पंचवर्षीय योजनाओं में बहुउद्देशीय जल परियोजनाओं पर बल देने का क्या लाभ हुआ है ?**

**उत्तर–** भारत में पंचवर्षीय योजनाओं में बहुउद्देशीय जल परियोजनाएँ आरम्भ की गई। इससे बाढ़ एवं सूखें की समस्या से बचाव हुआ है। देश में बिजली तथा पेयजल आपूर्ति में वृद्धि हुई है। इससे सिंचाई, मछली पालन एवं पर्यावरण संरक्षण में सहयोग मिला है।

**प्रश्न 15. माही बजाज सागर परियोजना पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर–** यह माही नदी पर बनी राजस्थान एवं गुजरात की संयुक्त परियोजना है। इससे राजस्थान के डूँगरपुर एवं बाँसवाड़ा के आदिवासी जिलों में सिंचाई एवं विद्युत सुविधाओं का विकास हुआ है। इस परियोजना में बाँसवाड़ा में माही बजाज सागर बाँध एवं गुजरात में कडाना बाँध बनाया गया है तथा विद्युत तन्त्र के विकास हेतु मुख्य बाँध पर दो विद्युत गृहों का निर्माण किया गया है।

**प्रश्न 16. राजस्थान में परम्परागत जल संरक्षण कें रूप में बावडी का उपयोग किस तरह होता है? किस शहर को 'सिटि ऑफ स्टेप वेल्स' कहा जाता है एवं क्यों?**

**उत्तर–** राजस्थान में बावड़ियों का निर्माण व उपयोग व्यक्तिगत अथवा सामाजिक होता है। बावड़िया राज्य के सभी जिलों में मिलती है बूंदी शहर को बावड़ियों की अधिकता के कारण सदैव सिटी ऑफ स्टैप वेल्स कहा जाता है।

**प्रश्न 17. जोहड़ किन स्थानों में जल संग्रहण का प्रमुख साधन है? सामान्यतः यह टाँके से किस तरह भिन्न है? यह किसका पेयजल साधन माना जाता है?**

**उत्तर–** शेखावाटी क्षेत्र तथा हरियाणा में वर्षा जलसंग्रहण का साधन है। इसका रूप सामान्यतः टांके के सामान ही है परन्तु इसका ऊपरी भाग टांके बड़ा तथा गोलाकार और खुला होता है जिसमें बहते हुए वर्षा जल को इसके आगोर के माध्यम से इकटठाा किया जाता है। ये जोहड़ पशुओं तथा मानव के लिए पेयजल का उत्तम स्त्रोत है।

**प्रश्न 18. दामोदर नदी घाटी परियोजना क्या है? इसे 'बंगाल का शोक' क्यों कहा जाता है?**

**उत्तर–** यह पश्चिमी बंगाल एवं झारखण्ड की संयुक्त परियोजना है। इस परियोंजना का उद्देश्य प.बंगाल व झारखण्ड में नदी घाटी का आर्थिक विकास कर लोगों के जीवन स्तर को सुधारना है इसे पश्चिमी बंगाल का शोक कहा जाता है क्योंकि यह नदी प.बंगाल में मार्ग परिवर्तन, अपरदन तथा बाढ़ के लिए कुख्यात थी।

**प्रश्न 19. हीराकुण्ड परियोजना पर संक्षिप्त लेख लिखिए।**

**उत्तर–** इस परियोजना को भारत सरकार ने उड़ीसा में महानदी पर सीापित किया है। इसमें सम्बलपुर से 14 किलोमीटर ऊपर की ओर हीराकुण्ड बाँध बनाया है। यह विश्व का सबसे लम्बा बाँध है जिसमें 810 करोड़ घन मीटर जल संचित होता है। इसके अतिरिक्त तिकरपाडा व नराजमे में भी दो अन्य बाँध बनाए गए है। इस योजना के तहत एक तरफ नहर प्रणाली को विकसित किया गया है, तो दूसरी तरफ विद्युत गृहों की भी स्थापना की गई है।

**प्रश्न 20. जाखम परियोजना आदिवासीयों के लिए वरदान साबित हुई स्पष्ट किजिए।**

**उत्तर–** इस योजना में चित्तौड़गढ़, उदयपुर व प्रतापगढ़ के आदिवासी क्षेत्रों का विकास करने हेतु एवं सिंचाई हेतु अनूपपुरा में जाखम नदी पर बाँध बनाया गया है तथा इससे 13 किमी. दूर नागरिया गाँव में पिकअप से नहर प्रणाली विकसित की गई है।

**प्रश्न 21. हरित क्रांति से क्या तात्पर्य है?**

**उत्तर–** भारत में हरित क्रान्ति के प्रभाव से गेहूँ की फसल के उत्पादन, उत्पादकता तथा उत्पादन क्षेत्र में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज हुई है।एम.स्वामिनाथन को भारत में हरित क्रातिं का जनक कहा जाता है।

**प्रश्न 22. रबी एवं खरीफ की फसलों में अन्तर बताइये।**

**उत्तर–** **रबी की फसल–** ऐसी फसलें जो अक्टूबर–नवम्बर में बोई जाती है तथा मार्च–अप्रैल में काटी जाती है। ऐसी फसलों में गेहूँ, चना, जौ, तिलहन (अलसी, सरसों) जीरा, धनिया, अफीम, इसबगोल की फसलें प्रमुख है। इसमें अधिकांश फसलें सिंचाई के विविध स्त्रोतों से उत्पादित होती है।

**खरीफ की फसल –** ऐसी फसलें जो जून–जुलाई में बोयी जाती है तथा अक्टूबर–नवम्बर में काटी जाती है। ऐसी फसलों में चावल, मक्का, बाजरा, मूँगफली, मूँग, उड़द, गन्ना, सोयाबीन, इत्यादि

प्रमुख है। ये फसलें मानसून से होने वाली वर्षा पर निर्भर होती है, परन्तु वर्तमान में कुछ भागों में सिंचाई के द्वारा भ बुआई की जाती है।

**प्रश्न 23. कपास उत्पादक के लिए आवश्यक चार भौगोलिक दशाएँ लिखिए तथा भारत में उत्पादन होने के बावजुद कपास का आयात क्यो किया जा रहा है।**

**उत्तर–** भारत मे कपास खरीफ की फसल है इस फसल के लिए तापमान 200 से 350 सेन्टीग्रेड के मध्य तथा वर्षा 80 से 150 सेन्टीमीटर गहरी तथा काली मिट्टी व चूने वे पोटास की मात्रा वाली भूमि उपयुक्त मानी जाती है। कपास का उत्पादन मांग से कम होने कारण तथा मांग की अधिकता के कारण अमेरिका, सूडान, केनिया, तथा मिश्र से आयात करता है।

**प्रश्न 24. भारत में कृषि विकास हेतु कोई तीन सुझाव दीजिए।**

**उत्तर–** (1) भारत में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार किया जाना चाहिए ताकि मानसून पर निर्भरता में कमी आए। (2) हमें कृषि के प्राचीन स्वरूप व उत्पादन का जीवन निर्वाह प्रयोजन बदलना चाहिए। हमें कृषि को व्यावसायिक रूप देना चाहिए। (3) कृषकों में अशिक्षा, गरीबी तथा ऋणग्रस्तता को दूर करना चाहिए।

**प्रश्न 25. राजस्थान कौनसी दाल उत्पादन के लिये अग्रणी माना जाता है? इसकी उपज किस प्रकार के भागों में होती है? दाल उत्पाद के लिये राजस्थान के कौन–कौनसे जिलें प्रमुख है?**

**उत्तर–** राजस्थान मूंग उत्पादन में अग्रणी माना जाता है। यहां पर मूंग का उत्पादन अर्द्ध शुष्क मरूस्थलीय भागों में जालोर, नागौर, जोधपुर व पाली में किया जाता है। इसी प्रकार राजस्थान में उड़द को हाड़ौती में कोटा, बून्दी, झालावाड़, तथा मेवाड़ में चित्तौड़, उदयपुर, भीलवाड़ा, तथा दक्षिण राजस्थान में बांसवाड़ा में बोया जाता है। मसूर की दाल को रबी की फसलों के साथ पूवी राजस्थान में अलवर, भरतपुर व धौलपुर में बोया जाता है।

**प्रश्न 26. तीय अर्थव्यवस्था में कृषि के योगदान को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर–** (1) देश की लगभग 55 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर है।

(2) देश के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान वर्ष 2015–16 में 2011–12 की कीमतों पर 15.35 प्रतिशत रहा।

(3) देश के विदेशी व्यापार में भी कृषि का योगदान महत्त्वपूर्ण है।

(4) कृषि से कई उद्योगों को कच्चे माल की आपूर्ति होती है।

(5) कृषि क्षेत्र की माँग से कई औद्योगिक उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध होता है।

**प्रश्न 27. बागानी फसल से क्या अभिप्रांय है ?**

**उत्तर–** ऐसी फसलें जिन्हें विशाल बागानों में उत्पादित किया जाता है तथा पेय व औद्योगिक कार्यों में उपयोग में लायी जाती है बागानी फसलें कहलाती हैं। इसमें चाय, कॉफी, रबड़, सिनकोना, गर्म मसाले आदि को शामिल किया जाता है।

प्रश्न 28. **चावल उत्पादन के लिए कौनसी भौगोलिक परिस्थिति की आवश्यकता होती है भारत मे मौसम के अनुसार चावल की कितनी फसल लि जा सकती है?**

**उत्तर–** चावल भारत की मुख्य खाद्यान्न फसलों में से एक है। यह फसल वर्षा ऋतु में देश के अधिकांश भागों में बोई जाती है। इस कारण यह खरीफ की मुख्य फसल है। भारत में चावल की पैदावार उष्ण कटिबंधीय भागों में जहां पर तापमान 190 से 270 सेन्टीग्रेड तथा वर्षा 75 से 200 सेन्टीमीटर के मध्य होती हो, उन भागों में की जाती है, इस फसल के उत्पादन के लिए नदी घाटी क्षेत्रों की चिकनी दोमट तथा कछारी मिट्टी उपयुक्त मानी जाती है। भारत में मौसम के अनुसार वर्ष भर में चावल की तीन फसलों अमन (मानसून कालीन), ओस (शीत कालीन), बोरो (ग्रीष्म कालीन) को पैदा किया जाता है।

**प्रश्न 29. भारत में कृषि फसलों को उपयोग के आधार पर उसका वर्गीकरण कीजिए।**

**उत्तर–** इस आधार पर फसलों को चार भागों में बाँटा है–

(1) खाद्यान्न फसलें– चावल, गेहूँ, मक्का, ज्वार, बाजार, जौ, दालें आदि फसलें जिनका उपयोग भोजन के रूप में किया जाता है।

(2) व्यावसायिक या औद्योगिक फसलें– ऐसी फसलें जिनका उपयोग व्यावसायिक कार्यो के लिए या उद्योग में कच्चे माल के रूप में किया जाता है, व्यावसायिक या औद्योगिक फसलें कहलाती हैं, जैसे–गन्ना, कपास, जूट, तम्बाकू, तिलहन आदि।

(3) बागानी फसलें– ऐसी फसलें जिन्हें विशाल बागानों में उत्पादित किया जाता है, बागानी फसलें कही जाती है, जैसे– चाय, कॉफी, रबड़ सिनकोना, गर्म मसाले आदि।

(4) उद्यान फसलें – इनमें फल, सब्जियाँ आदि को सम्मिलित किया जाता है।

**प्रश्न 30. तिलहन की फसलों में सरसों का योगदान बताइए।**

**उत्तर–** देश की कुल तिलहन फसल का 35 प्रतिशत भाग सरसों से प्राप्त होता है। देश की 85 प्रतिशत सरसों उत्तरी भारत में होती है। भारत में सर्वाधिक सरसों उत्पादन करने वाले राज्य क्रमशः राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात एवं पंजाब व हरियाणा है।

**प्रश्न 31. 'राजस्थान खनिजों का अजायबघर है।' स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर–** राजस्थान को खनिजों का अजायबघर कहा जाता है। राजस्थान में 79 प्रकार के खनिज जिसमें 44 प्रकार के बड़े तथा 23 प्रकार के लघु तथा 12 गौड खनिज पाये जाते है। खनिजों की उपलब्धता की दृष्टि से राजस्थान देश में मध्यप्रदेश तथा छतीसगढ के बाद तीसरा बडा राज्य है जो देश का 22 प्रतिशत है। राजस्थान के कुछ नगर या कस्बे खनिजों के कारण ही प्रसिद्ध है जैसे तांबानगरी(खेतड़ी) व संगमरमर नगरी (मकराना) राजस्थान में कुछ ऐसे खनिज है जिसमें हमें लगभग एकाधिकार प्राप्त है, जैसे संगमरमर, सीसा, जस्ताा, चांदी, तांबा, बोलस्टोनाइट, जास्पर, फलोराइट, जिप्सम, मार्बल, ऐस्बेस्टास, राकफास्फेंट, चांदी , टंगस्टन तथा तामड़ा।

**प्रश्न 32. ऊर्जा खनिज किसे कहते हैं? इन्हें कितने भागों में विभाजित किया गया है?**

**उत्तर–** ऊर्जा खनिज– ऐसे खनिज जो ऊष्मा या ऊर्जा प्रदान करते है उन्हें ऊर्जा खनिज कहते हैं। ये दो प्रकार के है– (1) ईधन खनिज– इन्हें ईधन के रूप में प्रयोग में लाया जाता है जैसे–कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस आदि।

(2) अणु शक्ति खनिज– इसमें यूरेनियम, थोरियम, बेरिलियमा, इल्मेनाइट आदि आते है।

**प्रश्न 33. राजस्थान में पेट्रोलियम पदार्थ के भण्डार किन जिलों में हैं?**

**उत्तर–** राजस्थान में पेट्रोलियम पदार्थ क भण्डार बीकानेर, बाड़मेर, जैसलमेर तथा गंगानगर जिलों में 12 ब्लॉक, बीकानेर–नागौर ब्लॉक, बीकानेर–गंगानगर ब्लॉक में संचित भण्डार हैं। गुडामालानी तथा सांचौर ब्लाक में विदेशी कम्पनी केयर्न इण्डिया के द्वारा 91 कुंए खोदे गए है, जिसमें 12 कुओं में से 2005 से व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो चुका है।

**प्रश्न 34. राजस्थान में जिप्सम प्राप्ति क्षेत्र कौनसे हैं?**

**उत्तर–** राजस्थान में जिप्सम प्राप्ति की दृष्टि से नागौर जिला सबसे महत्त्वपूर्ण है। यहाँ गोठ मांगलोद जिप्सम प्राप्ति हेतु प्रसिद्ध है। इसके अतिरिक्त राजस्थान में जिप्सम जामसर व लूणकरणसर (बीकानेर) तथा मोहनगढ़ व नाचना (जैसलमेर ) में भी प्राप्त होता है।

**प्रश्न 35. राजस्थान को किन खनिजों के उत्पादन में एकाधिकार प्राप्त है?**

**उत्तर–** राजस्थान में कई ऐसे खनिज पाए जाते हैं जिनके उत्पादन में राजस्थान को एकाधिकार प्राप्त है। इन खनिजों में प्रमुख खनिज संगमरमर, सीसा, जस्ता, चाँदी, ताँबा, बोलस्टोनाइट, जास्पर, फ्लोराइड, जिप्सम, मार्बल, ऐस्बेस्टास, रॉक फास्फेट टंगस्टन, तामड़ा आदि है।

**प्रश्न 36. उद्योग किसे कहते है?**

**उत्तर–** कृषि एवं खनन क्रियाओं के द्वारा प्राप्त किए गए पदार्थो को रासायनिक तथा भौतिक गुणों को मानव के उपयोग के लिए बहुआयामी रूप में परिवर्तन करने की क्रिया को उद्योग कहते हैं, जैसे–कपास के द्वारा सूती वस्त्र का निर्माण करना।

**प्रश्न 37. उद्योगों के कोई दो महत्व बताइये?**

**उत्तर–** (1) उद्योगों से अर्थव्यवस्था में रोजगार का सृजन होता है। इससे बेरोजगारी दूर होती है।

(2) उद्योगों के उत्पादन से व्यापार तथा सम्बन्धित आर्थिक घटकों का विकास होता है। इससे अर्थव्यवस्था को गति मिलती है।

**प्रश्न 38. भारत में कागज उद्योग का विकास पर संक्षिप्त वर्णन कीजिए ?**

**उत्तर–** भारत में कागज उद्योग एक प्राचीन कुटीर उद्योग है। इसमें कृषि तथा पेड़ों के अवशिष्ट से लुग्दी बनाकर कागज तैयार किया जाता है। भारत में 70 प्रतिशत कागज गन्ने की खोई से बनता है। भारत में आधुनिक रूप का पहला कारखाना श्रीरामपुर में स्थापित किया गया। इसके पश्चात् मद्रास एवं हुगली में भी इकाइयाँ स्थापित की गई परन्तु वे सफल नहीं रहीं। पहली भारतीय मिल 1879ई. में लखनऊ में इण्डियन पेपर मिल के नाम से स्थापित हुई। इसके बाद 1881 ई. में टीटागढ़ पेपर मिल की स्थापना हुई। वर्तमान में देश में लगभग 800 छोटे–बड़े कागज के कारखाने हैं जिनमें 128 लाख टन का उत्पादन हो रहा है। देश में उत्पादित माल का 65 प्रतिशत भाग अखबारी कागल तथा शेष अन्य कार्यो के लिए उत्पादन किया जाता है। देश में अखबारी कागज का उत्पादन नेपानगर मध्यप्रदेश में किया जाता है तथा नोट छापने के कागज का सरकारी कारखाना होसंगाबाद में है। भारत में निम्न राज्यों में कागज उद्योग का विकास हुआ है–

(1) पं. बंगाल– टीटागढ़, रानीगंज, त्रिवेणी, कोलकाता।

(2) महाराष्ट्र– मुम्बई, पूना, चन्द्रपुर, खपोली, पिपरी, काम्पटी।

(3) उत्तरप्रदेश– लखनऊ, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, पंतनगर, बस्ती।

(4) मध्यप्रदेश– भोपाल, रीवा, होसंगाबाद, कमलाई।

(5) कर्नाटक– भद्रावती, बैंगलोर, रामनगर, कृष्णराजसागर।

(6) गुजरात– सूरत, वाणी, बड़ोदरा, राजकोट।

देश में स्थानीय माँग अधिक होने के कारण इसकी खपत देश में ही हो जाती है तथा इसका अन्य देशों से आयात भी करना पड़ता है।

**प्रश्न 39. राजस्थान में सीमेंट उद्योग के विकास पर संक्षिप्त वर्णन कीजिए ?**

**उत्तर–** राजस्थान में सीमेण्ट उत्पादन में राजस्थान राज्य प्रथम स्थान पर है। यहाँ निम्बाहेड़ा, चित्तौड़गढ़, कोटा, बून्दी, सवाई माधोपुर, उदयपुर, पाली, सिरोही में इकाइयाँ स्थापित हैं। राज्य में 16 बड़ी तथा 5 मध्यम तथा 130 निजी क्षेत्र की इकाइयाँ हैं। राजस्थान राज्य देश के कुल उत्पादन का 26 प्रतिशत भाग उत्पादन करता है। यहाँ 90 प्रतिशत पोर्टलैंड तथा 10 प्रतिशत सफेद सीमेण्ट का निर्माण किया जाता है।

**प्रश्न 40. राजस्थान में सीसा–जस्ता उद्योग क्षेत्र पर संक्षिप्त वर्णन कीजिए ?**

**उत्तर–** सीसे–जस्ते के सर्वाधिक भण्डार राजस्थान में होने के कारण यहाँ देश के लगभग 95 प्रतिशत सीसे–जस्ते का उत्पादन होता है। राजस्थान में यह उद्योग जावर, देबारी(उदयपुर), चन्देरिया (चित्तौड़), रायपुरा दरीबा तथा राजपुरा दरीबा में स्थापित है। इनके लिए कच्चा माल निकट स्थित स्थानों के अतिरिक्त मालपुर बनेड़ा, चौथ का बरवाड़ा, गुढा किशोरीदास से मँगवाया जाता है।

**प्रश्न 41. औद्योगिक प्रदूषण के चार हानिकारक प्रभाव लिखिए ?**

**उत्तर–** (1) नगरीकरण के बढ़ने से शहरों में वायु एवं जल प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ गया है।

(2) खतरनाक रसायनों के मिलने से देश की प्रमुख नदियों का जल काफी दूषित हो गया है।

(3) नदियों का दूषित जल समुद्र में मिलने से समुद्र के पारिस्थितिकी तन्त्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

(4) अम्लीय वर्षा के कारण मृदा की उर्वरकता निरन्तर कम होती जा रही है।

**प्रश्न 42. भारत में लौह इस्पात उद्योग के दो महत्व बताइये ?**

**उत्तर–** (1) लौह–इस्पात उद्योग से देश में अन्य अद्योगों एवं औद्योगीकरण को बल मिला है। अन्य उद्योगों का विकास इस पर ही आधारित है।

(2) सकल घरेलू उत्पाद में इस उद्योग का योगदान 2 प्रतिशत है तथा लगभग 6 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है।

**प्रश्न 43. राउरकेला इस्पात कारखाने पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ?**

**उत्तर–** इसकी स्थापना द्वितीय पंचवर्षीय योजना में जर्मनी के सहयोग से हुई थी। इस कारखाने को सुन्दरगढ़ एवं क्योंझर खानों से लौह–अयस्क प्राप्त होता है तथा झारिया व तलचर खानों से कोयला मिलता है। वर्तमान में इसकी उत्पादन क्षमता लगभग 11 लाख टन की है।

**प्रश्न 44. भिलाई इस्पात कारखाने पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ?**

**उत्तर–** भिलाई इस्पात कारखाने की स्थापना द्वितीय पंचवर्षीय योजना में हुई थी। इसकी स्थापना रूस के सहयोग से हुई थी। इस कारखाने को लौह–अयस्क डलली राजहरा की खानों से तथा कोयला कोरबा व करगली खानों से प्राप्त होता है। इस कारखाने की वर्तमान मे उत्पादन क्षमता 35 लाख टन की है।

**प्रश्न 45. टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी पर टिप्पणी लिखिए ?**

**उत्तर–** टाटा आयरन एण्ड स्अील कम्पनी की स्थापना 1907 में जमशेदजी टाटा द्वारा सांकची में की गई थी। इसे नोआमण्डी व गुरूमहिसानी खानों से लौह–अयस्क, झरिया व बोकारो से कोयला व क्योंझर की जोड़ा खानों से मैंगनीज प्राप्त हो रहा है। वर्तमान में इस इकाई की उत्पादन क्षमता 40 लाख टन की है।

**प्रश्न 46. महाराष्ट्र में सूती वस्त्र उद्योग के विकास पर प्रकाश डालिए ?**

**उत्तर–** महाराष्ट्र सूती वस्त्र उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। यहाँ सर्वाधिक मिलें मुम्बई में हैं। जिसे वस्त्र राजधानी कहा जाता है। इसके अतिरिक्त शोलापुर, अकोला, अमरावती, वर्धा, सतारा, कोल्हापुर, सांगली, जलगाँव व नागपुर में मिलें स्थापित है।

**प्रश्न 41. राजस्थान में सूती वस्त्र उद्योग के वितरण को स्पष्ट कीजिए ?**

**उत्तर–** राजस्थान में सूती वस्त्र उद्योग अभी नूतन अवस्था में है। राज्य में चम्बल व भाखड़ा नांगल परियोजनाओं से सस्ती विद्युत तथा हाड़ौती के पठारी तथा सिंचित घग्घर के मैदान में कपास का उत्पादन होने से भीलवाड़ा, उदयपुर, कोटा, गंगानगर, पाली में सूती वस्त्र मिलें हैं। राज्य में देश का लगभग 4 प्रतिशत उत्पादन होता है, यहाँ मुख्यतः सूटिंग व शर्टिंग का कपड़ा बनाया जाता है।

**प्रश्न 42. राजस्थान में जनसंख्या नियन्त्रण हेतु किए गए तीन सरकारी प्रयास बताइए।**

**उत्तर–**
1. जनसंख्या नियन्त्रण हेतु विभिन्न गतिविधियाँ एवं योजनाएँ चलाना।
2. लोगों को विभिन्न जन–स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रमों की जानकारी देना।
3. योग्य दम्पत्तियों को उनकी इच्छानुसार परिवार कल्याण की आवश्यक सेवाएँ उपलब्ध करवाकर परिवार सीमित करने हेतु शिक्षित करना।

**प्रश्न 43. बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं योजना क्यों चलाई गई ?**

**उत्तर–** महिला सशक्तीकरण एवं बेटियों के अधिकारों कों सुनिश्चित करने के लिए 2015 से यह योजना प्रारम्भ की गई। इस योजना का मुख्य उद्देश्य – बेटियों को शिक्षा द्वारा सामाजिक–आर्थिक आधार पर आत्मनिर्भर बनाना है।

**प्रश्न 44. भारत में बढ़ते नगरीकरण से उत्पन्न होने वाली कोई चार समस्याएँ बताइए।**

**उत्तर–** भारत में बढते नगरीकरण से निम्नलिखित समस्याएँ उत्पन्न हो रही है–(1) देश के बढ़ते नगरीकरण से शहरों में जल एवं वायु प्रदूषण बढ़ रहा है जिससे अनेक खतरनाक बीमारियाँ बढ़ रही हैं।

**प्रश्न 45. राजस्थान में लिंगानुपात पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए?**

**उत्तर–** जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान का लिंगानुपात 926 था जबकि वर्ष 2001 में 921 था। राजस्थान में सर्वाधिक लिंगानुपात डूँगरपुर जिले का (990) है जबकि सबसे कम लिंगानुपात धौलपुर जिले (845) का है। राजसमन्द का लिंगानुपात भी 988 महिलाएँ प्रति हजार पुरूष है।

**प्रश्न 46. ग्रामीण से शहरी क्षेत्र की ओर जनसंख्या के प्रवास के प्रमुख कारण लिखिए?**

**उत्तर–** ग्रामीण से शहरी क्षेत्र की ओर जनसंख्या पलायन के निम्न कारण है– (1) शहरों की अधिक सुविधाओं के कारण लोगों का वहाँ पलायन हा रहा है।

(2) शहरों में शिक्षा एवं चिकित्सा की अधिक सुविधाओं के कारण गाँवों से लोग शहरों की ओर पलायन कर रहे है।

(3) उद्योगों की शहरों के निकट से स्थिति के कारण भी जनसंख्या का नगरों में पलायन हो रहा है।

**प्रश्न 47. जनसंख्या वृद्धि दर क्या है तथा भारत की जनसंख्या वृद्धि दर किस दशक से कम होने लगी और क्यों ?**

**उत्तर–** किसी वर्ष की मूल जनसंख्या में प्रत्येक 100 व्यक्तियों पर हुई व्यक्तियों की वृद्धि जनसंख्या वृद्धि दर कहलाती है। भारत में वर्ष 1981 के बाद वृद्धि दर में धीमी गति से कमी होने लगी क्योंकि इस दौरान जन्म–दर में तेजी से कमी आई है।

**प्रश्न 48. जनसंख्या वृद्धि दर को नियन्त्रित करने के उपाय लिखिए?**

**उत्तर–** जनसंख्या वृद्धि दर को नियन्त्रित करने के निम्न उपाय है–

(1) जन्म –दर में कमी करने का प्रयास करना चाहिए।

(2) परिवार नियोजन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार करना चाहिए।

**प्रश्न 49. राजस्थान में साक्षरता दर में वृद्धि किन कारणों से सम्भव हुई है?**

**उत्तर–** राजस्थान में सरकार द्वारा साक्षरता दर बढ़ाने हेतु अनेक कार्यक्रम चालाए गए हैं जैसे साक्षरता अभियान, प्रौढ़ शिक्षा, सतत् साक्षरता कार्यक्रम, बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान एवं प्रोत्साहन, निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा आदि । इन सभी कार्यक्रमों के कारण राज्य में साक्षरता दर में वृद्धि सम्भव हो पाई है।

**प्रश्न 50. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना क्या है?**

**उत्तर–** यह योजना 25 दिसम्बर, 2000 को घोषित की गई । इस योजना का उद्देश्य देश के सभी गाँवों को शहरों से जोड़ना है। इसके तहत 1991 की जनगणना के अनुसार 1000 तथा उससे अधिक आबादी वाले गाँवों को वर्ष 2003 तक तथा 500 से 1000 की जनसंख्या वाले गाँवों को 2007 तक सड़कों से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके अन्तर्गत जनजाति क्षेत्रों में 250 से अधिक आबादी वाले गाँवों को सड़कों से जोड़ने की योजना है।

**प्रश्न 51. भारत के प्रमुख अन्तराष्ट्रीय विमान पत्तन के नाम लिखिए?**

**उत्तर–** भारत में अन्तर्राष्ट्रीय विमान पत्तन निम्न हैं– जवाहर लाल नेहरू विमान पत्तन (सांताक्रूज हवाई अड्डा, मुम्बई), सुभाष चन्द्र बोस विमान पत्तन (दमदम हवाई अड्डा, कोलकाता), इन्दिरा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय विमान पत्तन, दिल्ली, मीनाम्बकम चेन्नई, तला तिरूअनन्तपुरम, बैंगलोर, हैदराबाद, अहमदाबाद, कोच्चि, कैलिकट, कोयम्बटुर, नागपुर, पुणे, जयपुर, लखनऊ, श्रीनगर, गोवा, अमृतसर, गुवाहटी तथा नेदुम्बसरी।

**प्रश्न 52. पाइप लाइन परिवहन के लाभ बताइये?**

**उत्तर–** पाइपलाइन परिवहन के निम्न लाभ है–

(1) पाइपलाइन बिछाने की प्रारम्भिक लागत अधिक अवश्य आती है किन्तु इसको चलाने की लागत न्युनतम होती है।

(2) वाहनान्तरण देरी तथा हानियाँ इसमें बिल्कुल नहीं होती है।

(3) पाइपलाइन परिवहन में समय पर माल का सुरक्षित परिवहन होता है।

**प्रश्न 53. राजस्थान रोड विजन 2025 क्या है ?**

उत्तर– राजस्थान में परिवहन साधनों का पर्याप्त विकास नहीं हो पाया है। यहाँ अभी भी कई गाँव सड़कों से जुड़े नहीं हैं। मार्गो का भी पर्याप्त विस्तार व विकास नहीं हो पाया है। अतः राजस्थान में सड़क तन्त्र की काया–पलट करने के लिए राजस्थान रोड विजन 2025 तैयार किया गया है। यथा–

(1) राजस्थान रोड विजन में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा इक्कीसवीं सदी क पहले 25 वर्षों में राज्य में सड़कों के विकास के लिए एक दीर्घावधि विजन तैयार किया गया है।

(2) राजस्थान रोड विजन में राज्य में सड़कों के विकास के साथ–साथ, सड़कों के रख–रखाव और सड़कों की गुणवत्ता पर बल दिया गया है।

(3) रोड विजन 2025 में पहले 15 वर्षो में राज्य के सभी गाँवों को सड़कों से जोड़ने तथा बाद के अलग 10 वर्षों में एक्सप्रेस वे फ्लाई ओवर, चार लेन के राजकीय मार्ग पर बल दिया गया है।

(4) इस विजन में धार्मिक महत्त्व के स्थलों, पर्यटन स्थलों, खनन एवं औद्योगिक क्षेत्रों के लिए भी नए सड़क मार्गो को विकसित करने पर बल दिया गया है।

**प्रश्न 54. राष्ट्रीय आय की गणना क्यों की जानी चाहिए ? कोई तीन कारण दीजिए।**

उत्तर– राष्ट्रीय आय की गणना निम्न दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है–

(1) राष्ट्रीय आय से देश की आर्थिक स्थिति तथा आर्थिक प्रगति का ज्ञान होता है।

(2) राष्ट्रीय आय के आधार पर हम विभिन्न राष्ट्रों की अर्थव्यवस्थाओं की तुलना कर सकते है।

(3) इससे अर्थव्यवस्था में विभिन्न क्षेत्रों के योगदान एवं उनके सापेक्षिक महत्त्व की जानकारी मिलती है।

**प्रश्न 55. सतत् विकास या धारणीय विकास या पोषणीय विकास से क्या अभिप्राय है ?**

उत्तर– सतत या धारणीय या पोषणीय विकास वह है जो भावी पीढ़ियों की आवश्यकताओं को सन्तुष्ट करने की क्षमता से समझौता किए बिना वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा करता है। इस प्रकार के विकास में प्राकृतिक संसाधनों का किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुँचाई जाती है बल्कि प्राकृतिक संसाधनों की निरन्तरता को बनाए रखते हुए आर्थिक विकास किया जाता है।

**प्रश्न 56. "भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में तृतीयक क्षेत्र कोई महत्त्वपूर्ण भूमिका नहीं निभा रहा है।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं?**

उत्तर– हम इस कथन से सहमत नहीं हैं क्योंकि वर्तमान में देश के सकल घरेलू उत्पाद में तृतीयक क्षेत्र का योगदान ही सबसे ज्यादा है तथा यह योगदान निरन्तर बढ़ता जा रहा है। इस क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में भी निरन्तर वृद्धि हो रही है। इसके अलावा प्राथमिक एवं द्वितीयक क्षेत्र के विकास में भी तृतीयक क्षेत्र का योगदान महत्त्वपूर्ण है।

**प्रश्न 57. समावेशी विकास पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए?**

उत्तर– समावेशी विकास का तात्पर्य यह है कि विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुँचना चाहिए। इसमें लिंग, भाषा, क्षेत्र, गरीबी, शारीरिक असमर्थता आदि के आधार पर किसी भी वर्ग को लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता है। समावेशी विकास की अवधारणा में समाज के वंचित वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने पर बल दिया जाता है। यह आय व अवसर की सतानता तथा समान मानवीय अधिकारों पर बल देने वाली अवधारणा है।

**प्रश्न 58. आर्थिक नियोजन के महत्त्वपूर्ण घटक कौनसे है?**

उत्तर– आर्थक नियोजन के निम्न तीन महत्त्वपूर्ण घटक हैं–

(1) इसमें प्राथमिकता क्रम में निर्धारित सुपरिभाषित लक्ष्य एवं उद्देश्य होते है।

(2) इसमें देश में उपलब्ध संसाधनों का अनुमान लगाया जाता है।

(3) नियोजन में उपलब्ध संसाधनों का विभिन्न लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु अनुकूलतम आवंटन तथा उपयोग किया जाता है।

**प्रश्न 59. नीति आयोग पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए?**

उत्तर– भारत में 1 जनवनी 2015 को योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग या बदलते भारत के लिए राष्ट्रीय संस्थान की स्थापना की गई। इसके अध्यक्ष प्रधानमन्त्री हैं तथा वर्तमान में इसके उपाध्यक्ष अरविन्द पनगड़िया हैं। नीति आयोग भारत सरकार के लिए रणनीतिक तथा दीर्घकालिक नीतियों और कार्यक्रमों के निर्माण के साथ–साथ तकनीकी सलाह प्रदान करने का कार्य रहा है। यह आयोग सहकारी संघवाद को बढ़ावा दे रहा है।

**प्रश्न 60. सकल घरेलू उत्पाद की गणना करते समय केवल अन्तिम वस्तुओं तथा सेवाओं को ही क्यों शामिल किया जाता है?**

उत्तर– सकल घरेलू उत्पाद की गणना करते समय केवल अन्तिम वस्तुओं तथा सेवाओं को ही शामिल किया जाता है क्योंकि इससे दोहरी गणना की सम्भावना नहीं रहती है। यदि मध्यवर्ती वस्तुओं को भी शामिल कर लिया जाए तो दोहरी गणना हो जाएगी तथा सकल घरेलू उत्पाद का सही ज्ञान नहीं हो पाएगा।

**प्रश्न 61. मानव विकास सूचकांक का महत्त्व बताइए?**

उत्तर– मानव विकास सूचकांक द्वारा देश के विकास के स्तर का संकेत मिलता है। इसके माध्यम से जीवन प्रत्याशा, साक्षरता एवं वास्तविक प्रति व्यक्ति आय की जानकारी मिलती है। मानव विकास सूचकांक यह बताता है कि विभिन्न देश मानव विकास की दिशा में कितने अग्रसर हैं अर्थात् यह विभिन्न देशों के आर्थिक एवं मानवीय विकास के तुलनात्मक अध्ययन में सहायक है।

**प्रश्न 62. बारहवीं योजना की अवधि क्या है? इस योजना में कौनसे लक्ष्य रखे गये?**

उत्तर– बारहवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि 1 अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2017 तक है। इस योजना का आधार अधिक तीव्र, समावेशी और धारणीय विकास रखा गया। इस योजना में 8 प्रतिशत विकास दर का संशोधित लक्ष्य रखा गया और साथ ही गरीबी निवारण, बेरोजगारी में कमी, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार आदि लक्ष्य निर्धारित किए गए।

**प्रश्न 63. आर्थिक विकास की अवधारणा, वृद्धि की अवधारणा से किस प्रकार अधिक व्यापक है?**

उत्तर– आर्थिक विकास की अवधारणा आर्थिक वृद्धि से व्यापक है। आर्थिक वृद्धि में समय के साथ राष्ट्रीय आय व प्रति व्यक्ति आय में मात्रात्मक वृद्धि होती है। जबकि आर्थिक विकास वह अवधारणा है जिसमें आर्थिक वृद्धि के साथ–साथ अर्थव्यवस्था की संरचना, सामाजिक दृष्टिकोण, सांस्कृतिक स्वरूप संस्थागत ढाँचे व उत्पादन तकनीक में अनुकूलतम परिवर्तन होता है। यह एक व्यापक एवं गुणात्मक अवधारणा ळें

**प्रश्न 64. भारतीय अर्थव्यवस्था के अविकसित स्वरूप को व्यक्त करने वाले लक्षण कौन–कौनसे हैं?**

उत्तर– भारतीय अर्थव्यवस्था के निम्न लक्षण इसके अविकसित स्वरूप को व्यक्त करत है–

(1) निम्न प्रति व्यक्ति आय (2) जीवन स्तर की निम्न गुणवत्ता (3) गरीबी की समस्या
(4) कृषि पर अत्यधिक निर्भरता (5) जनांकिकीय कारक (6) बेरोजगारी की समस्या
(7) पिछड़ी हुई तकनीक (8) निम्न मानवीय विकास (9) आय एवं क्षेत्रीय असमानताएँ
(10) कमजोर आधार संरचना आदि।

**प्रश्न 65. आर्थिक सुधारों की प्रक्रिया के दौरान निजीकरण हेतु उठाए गए कोई तीन कदम या प्रयास बताइए?**

उत्तर– (1) 1991 में औधोगिक नीति घोषित की जिसमें अनेक उद्योगों के लिए औद्योगिक लाइसेन्सिंग की अनिवार्यता को समाप्त किया गया।

(2) औद्योगिक नीति में सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आरक्षित उद्योगों की संख्या में कमी की गई।

(3) भारत सरकार द्वारा निजीकरण हेतु 1991–92 में विनिवेश कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया।

**प्रश्न 66. "वैश्वीकरण से उत्पादकों के बीच बढ़ी प्रतिस्पर्धा से उपभोक्ताओं को लाभ हुआ है।" इस कथन के पक्ष में कोई दो तर्क दीजिए।**

**उत्तर–** (1) इससे उपभोक्ता अब अच्छी गुणवत्ता की वस्तु कम कीमत पर खरीद सकते हैं।

(2) इससे लोगों के सामने वस्तुओं एवं सेवाओं के बेहतर विकल्पों में वृद्धि हुई है एवं उनके उपयोग में वृद्धि हुई है।

**प्रश्न 67. राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन पर टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर–** भारत सरकार ने 15 जुलाई 2015 को राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन प्रारम्भ किया। इस मिशन के मुखिया प्रधानमन्त्री हैं तथा इस मिशन का मुख्य उद्देश्य कौशल प्रदान करने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में कौशल विकास कर उन्हें अधिक उत्पादक एवं रोजगार योग्य बनाना है।

**प्रश्न 68. भारतीय अर्थव्यवस्था के पिछड़ेपन को व्यक्त करने वाली जनांकिकीय विशेषताओं को बताइये?**

**उत्तर–** देश के जनांकिकीय कारक भारतीय अर्थव्यवस्था के पिछड़ेपन को दर्शाते हैं। देश की जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ रही है तथा वृद्धि दर भी बहुत अधिक है। देश में जन्म–दर काफी ऊँची है। इसके अलावा देश में मातृ मृत्यु–दर, बाल मृत्यु–दर, शिशु मृत्यु–दर का स्तर भी काफी ऊँचा है।

**प्रश्न 69. अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्रों को स्पष्ट कीजिए? अथवा कृषि या सहायक क्षेत्र को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर–** प्राथमिक क्षेत्र मानव विकास की प्रारम्भिक अवस्था का घोतक है। इससे उन विधियों को शामिल किया जाता है जिनमें प्राकृतिक संसाधनों को उपयोग में लेकर उत्पादन किया जाता है। प्राकृतिक संसाधनों के प्रत्यक्ष उपयोग पर आधारित अनेक गतिविधियाँ है जैसे– कपास की खेती करना। यह एक मौसमी फसल है। कपास के पौधों की वृद्धि के लिए हम मुख्यतः प्राकृतिक कारकों, यथा–वर्षा, सूर्य के प्रकाश व जलवायु पर निर्भर है। अतः कपास एक प्राकृतिक उत्पाद है। इसी प्रकार डेयरी, खनन आदि में भी प्राकृतिक संसाधनों का उयोग करके किसी वस्तु का उत्पादन किया जाता है। इसी कारण इन्हें प्राथमिक क्षेत्र की गतिविधि कहा जाता है। प्राथमिक क्षेत्र को कृषि एवं सहायक क्षेत्र भी कहा जाता है।

**प्रश्न 70. मुद्रास्फीति से उत्पन्न होने वाली कोई चार हानियाँ बताइए?**

**उत्तर–** (1) मुद्रास्फीति के कारण व्यक्ति को वस्तुओं एवं सेवाओं के लिए पहले से अधिक कीमत अदा करनी पड़ती है।

(2) मुद्रास्फीति के कारण मुद्रा के मूल्यों में तेजी से गिरावट आती है।

(3) मुद्रास्फीति के कारण निश्चित वेतन व मजदूरी प्राप्त करने वाले वर्ग को हानि होती है।

(4) मुद्रास्फीति के कारण बचतकर्त्ता की बचत का मूल्य गिर जाता है।

**प्रश्न 71. मुद्रास्फीति को नियन्त्रित करने के उपाय बताइए?**

**उत्तर–** मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के प्रमुख उपाय निम्नलिखित है–

(1) केन्द्रीय बैंक मौद्रिक उपायों के द्वारा अर्थव्यवस्था में विभिन्न उपकरणों से मुद्रा एवं साख की मात्रा को नियन्त्रित करता है।

(2) सरकार राजकोषीय नीति द्वारा करों में वृद्धि करके, सार्वजनिक व्ययों में कमी करके व सार्वजनिक ऋणों में वृद्धि करके मुद्रास्फीति को नियन्त्रित करती है।

(3) सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा उचित मूल्य पर वस्तुएँ उपलब्ध करवाती है।

(4) सरकार माँग आधिक्य वाली वस्तुओं का आयात करती है।

(5) कृषि एवं उद्योग में निवेश बढ़ाकर समग्र पूर्ति में वृद्धि करके भी मुद्रास्फीति को नियंत्रित किया जा सकता है।

**प्रश्न 72. निरपेक्ष गरीबी से आप क्या समझते है?**

**उत्तर–** निरपेक्ष गरीबी में जीवन निर्वाह हेतु न्युनतम आवश्यकताओं का एक मानक स्तर तय किया जाता है जो न्यूनतम आवश्यकताओं के मानक स्तर को प्राप्त नहीं कर पाये है। अतः निरपेक्ष गरीबी वह स्थिति है जिसमें व्यक्ति अपने जीवन की न्यूनतम आवश्यकताओं को भी पूरा नहीं कर पाता है।

**प्रश्न 73. भारत में गरीबी निवारण हेतु अपानाए गए कोई चार उपाय बताइए?**

**उत्तर–** (1) भारत में मजदूरी, रोजगार एवं स्वरोजगार हेतु अनेक कार्यक्रम एवं योजनाएँ चलाई गई है।

(2) गरीबी रेखा से नीचे के लोगों की पहचान कर उन्हें आवश्यक वस्तुएँ उचित दर पर या मुक्त उपलब्ध करवाई जा रही है।

(3) स्वरोजगार के बढ़ाने हेतु देश में कौशल विकास कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है।

(4) महिलाओं एवं पिछड़े वर्गो के उत्पादन हेतु कई योजनाएँ चलाई जा रही है।

**प्रश्न 74. समान रिकॉल अवधि एवं मिश्रित रिकॉल अवधि क्या है?**

**उत्तर–** (1) समान रिकॉल अवधि में 30 दिन की अवधि के लिए उपभोग व्यय के समंक एकत्र किए जाते है। मिश्रित रिकॉल अवधि में खाद्यान तथा गैर खाद्यान्न वस्तुओं पर उपभोग व्यय के समंक एकत्रित करने के लिए दो अलग–अलग सन्दर्भ अवधियों (30 दिन तथा 365 दिन) का संयुक्त रूप से प्रयोग किया जाता है।

**प्रश्न 75. 'प्रोजेक्ट वित्तीय साक्षरता' क्या है?**

**उत्तर–** भारत रिजर्व बैंक ने वित्तीय शिक्षा प्रदान करने के लिए 'प्रोजेक्ट वित्तीय साक्षरता' प्रारम्भ किया है। इसका उद्देश्य विभिन्न लक्षित वर्गों को केन्द्रीय बैंक तथा सामान्य बैंकिंग अवधारणाओं के सम्बन्ध में सूचनाएँ प्रदान करना है।

**प्रश्न 76. मुद्रा के कोई दो प्रमुख कार्य लिखिए?**

**उत्तर–** (1) विनिमय का माध्यम– मुद्रा के माध्यम से विभिन्न वस्तुओं तथा सेवाओं का विनिमय अत्यन्त आसानी से किया जा सकता है।

(2) मूल्य का मापन– मुद्रा के द्वारा अर्थव्यवस्था में विभिन्न वस्तुओं एवं सेवाओं का मूल्य आसानी से किया जा सकता है अतः मुद्रा मूल्य के मापन का कार्य करती है।

**प्रश्न 77. वित्तीय मध्यस्थ किस प्रकार एक सेतु का कार्य करते है?**

**उत्तर–** वित्तीय मध्यस्थ बाजार में जमाकर्त्ता तथा उधार लेने वालों के बीच एक सेतु का कार्य करते है। ये संस्थान उन व्यक्तियों से धन प्राप्त करते है जो अपनी आय से कम खर्च करते हैं अर्थात् बचत करते हैं तथा उन व्यक्तिओं व संस्थाओं को साख उपलब्ध करवाते हैं जिन्हें उत्पादन या उपभोग हेतु धन की आवश्यकता होती है।

**प्रश्न 78. पत्र–मुद्रा के कोई तीन लाभ बताइए?**

**उत्तर–** (1) पत्र–मुद्रा का उत्पादन करने के लागत बहुत कम आती है अतः यह एक मितव्ययी प्रणाली है।

(2) अर्थव्यवस्था में बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए पत्र–मुद्रा की पूर्ति को आसानी से बढ़ाया जा सकता है।

(3) पत्र–मुद्रा का हस्तान्तरण अत्यन्त सुविधाजनक है।

**प्रश्न 79. चिटफण्ड पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए?**

**उत्तर–** वह कम्पनी जो चिट योजना का प्रबन्ध, संचालन व निर्देशन करती है चिटफण्ड कम्पनी कहलाती है। भारत में बचत प्रवृत्तियों को बढ़ावा देने तथा ऋण उपलब्ध करवाने की दृष्टि से चिटफण्ड कम्पनियों की विशिष्ट भूमिका है। ये भारत में चलन वाली विशेष बचत एवं ऋण योजना है।

**प्रश्न 80. बचत खाते एवं चालू खाते में दो अन्तर बताइए।**

**उत्तर–** बचत खाते एवं चालू खाते में दो अन्तर–

(1) बचत खाते में जमा कराई गई राशि पर ब्याज मिलता है जबकि चालू खाते में जमा करवाई गई राशि पर ब्याज नहीं मिलता है।

(2) बचत खाते से राशि निकालवाने पर कुछ प्रतिबन्ध होते है जबकि चालू खाते से राशि निकलवाने पर कोई प्रतिबन्ध नहीं होता।

**प्रश्न 81. ''मुद्रा विनिमय के कार्य को सरल बनाती है।'' स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर–** वस्तु विनिमय प्रणाली में आवश्यकताओं के दोहरे संयोग के अभाव की सबसे बड़ी समस्या थी। मुद्रा के आविष्कार से वस्तु विनिमय प्रणाली की इस समस्या का समाधान हो गया। मुद्रा के माध्यम से व्यक्ति अपने पास उपलब्ध वस्तुओं या सेवाओं को पहले मुद्रा में परिवर्तित कर लेता है तथा इस मुद्रा से वह अपनी आवश्यकता की वस्तुएँ एवं सेवाएँ बाजार से आसानी से क्रय कर लेता है।

**प्रश्न 82. देशी बैंकर के कोई चार कार्य लिखिए?**

**उत्तर–** (1) देशी बैंकर जनता से उनकी बचतें जमा के रूप में स्वीकार करते है।

(2) ये अपने ग्राहकों को सम्पत्ति गिरवी रखकर ऋण उपलब्ध करवाते हैं तथा साख अच्छी होने पर बिना गिरवी भी ऋण दे देते हैं।

(3) ये बैंकर एक स्थान से दूसरे स्थान तक कोषों का स्थानान्तरण करते हैं।

(4) देशी बैंकर बैकिंग कार्य के साथ–साथ अपना व्यवसाय भी चलाते है।

**प्रश्न 83. चन्द्रगुप्त मौर्य तथा यूनानी शासक सेल्यूकस के बीच हुए युद्ध का वर्णन दीजिए। इन दोनों के बीच सन्धि होने पर कौनसी शर्ते निर्धारित कीं ?**

**उत्तर–** 305 ई. पूर्व में चन्द्रगुप्त मौर्य ने यूनानी शासक सेल्यूकस निकेटर को पराजित किया। सेल्यूकस को चन्द्रगुप्त मौर्य से एक सन्धि करनी पड़ी जिसकी प्रमुख शर्ते निम्नलिखत थीं–

(1) सेल्यूकस ने चन्द्रगुप्त मौर्य को काबुल, कन्धार हिरात तथा बलूचिस्तान के प्रदेश दे दिये।

(2) सेल्यूकस ने अपनी पुत्री हेलन का विवाह चन्द्रगुप्त मौर्य से कर दिया।

(3) सेल्यूकस ने चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में मेगस्थनीज नामक अपना राजदूत भेजा।

**प्रश्न 84. छठी शताब्दी ई. पूर्व में विद्यमान गणराज्यों की शासन–प्रणाली का वर्णन कीजिए?**

**उत्तर–** छठी शताब्दी ई. पूर्व में विद्यमान गणराज्यों की राजसत्ता कुलीन परिवारों के हाथों में ही थी। इन परिवारों के प्रतिनिधि ही संथागार सभा के प्रमुखों के रूप में शासन का प्रबन्ध करते थे। संथागार गणराज्यों की सबसे बड़ी संस्था थी। राज्य की नीति के मौलिक नियमों का निर्धारण इसी सभा में होता था। विवादग्रस्त विषयों पर मतदान कराया जाता था। विशाल गणराज्यों में केन्द्रीय संथागार के अलावा प्रान्तीय संथागार भी होते थे।

**प्रश्न 85. बिन्दुसार पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर–** चन्द्रगुप्त मौर्य की मृत्यु के पश्चात् उसका पुत्र बिन्दुसार 298 ई. पूर्व में गद्दी पर बैठा। यूनानी लेखक उसे 'अमित्रोचेट्स' कहते थे। उसने सुदूरवर्ती दक्षिण भारतीय क्षेत्रों को भी जीत कर मगध–साम्राज्य में शामिल कर लिया। उसके शासनकाल में तक्षशिला में दो विद्रोह हुए जिसका दमन करने के लिए पहले अशोक तथा बाद में सुसीम को भेजा गया। उसके राजदरबार में डायमेकस नामक यूनानी राजदूत भेजा गया। इसके अतिरिक्त मिस्त्र के शासक ने डियानीसियस नामक मिस्त्री राजदूत को बिन्दुसार के दरबार में भेजा था।

**प्रश्न 86. पुष्यमित्र शुंग पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए?**

**उत्तर–** 185 ई. पूर्व में मौर्य वंश के अन्तिम शासक वृहद्रथ का वध करके पुष्यमित्र शुंग गद्दी पर बैठा। उसने शुंग वंश की स्थापना की। उसने अनेक विजयें प्राप्त कीं और अपने राज्यकाल में दो बार अश्वमेघ यज्ञ किया। पतंजलि अश्वमेघ यज्ञ में उसका पुरोहित था। पुष्यमित्र शुंग ने ब्राह्मण धर्म का पुनरूद्धार किया।

**प्रश्न 87. कलिंग युद्ध के क्या परिणाम हुए?**

**उत्तर–** (1) कलिंग युद्ध में एक लाख लोग मारे गए और $1\frac{1}{2}$लाख बन्दी बनाए गए। इस व्यापक नरसंहार से अशोक को प्रबल आघात पहुँचा। अतः उसने युद्ध की नीति का परित्याग कर दिया। अब उसने युद्ध घोष के स्थान पर धर्म–घोष की नीति अपनाई। (2) अशोक बौद्ध धर्म का अनुयायी बन गया। (3) इस युद्ध के बाद अशोक ने अपनी सम्पूर्ण शक्ति जन–कल्याण में लगा दी।

**प्रश्न 88. अशोक ने धम्म की क्रियान्विति के लिए क्या उपाय किये ?**

**उत्तर–** (1) अशोक ने धम्म यात्राएँ कीं जिनमें बौद्ध स्थानों की यात्रा तथा ब्राह्मणों श्रमणों व वृद्धों को स्वर्ण दान किया जाता था। (2) अशोक ने राज्य के अधिकारियों प्रादेशिकों, रज्जुक तथा युक्तों को प्रति पाँचवें वर्ष धर्म प्रचार हेतु राज्य का भ्रमण करने का प्रादेशिकों, रज्जुक तथा युक्तों को प्रति पाँचवें वर्ष धर्म प्रचार हेतु राज्य का भ्रमण करने का आदेश दिया। (3) अशोक ने धम्म के प्रसार के लिए धम्म महारात्र नियुक्त किये। (4) अशोक ने अभिलेखों के माध्यम से अपनी प्रजा को सम्बोधित किया। (5) अशोक ने अपने पुत्र महेन्द्र को बोधिवृक्ष का एक भाग देकर श्रीलंका भेजकर वहाँ बौद्ध धर्म का पदार्पण कराया।

**प्रश्न 89. हर्षवर्धन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर–** हर्षवर्धन वर्धन वंश के शासक प्रभाकर वर्धन का पुत्र था। हर्ष का जन्म 590 ई. में हुआ था। इसकी सैनिक शिक्षा में विशेष रूचि थी। यह शस्त्र चलाने में दक्ष था। हर्ष का साम्राज्य उत्तर में हिमालय पर्वत तक, दक्षिण में नर्मदा नदी के तट, पूर्व में गंजाम तथा पश्चिम में वल्लभी तक विस्तृत था। कन्नौज इस विशाल साम्राज्य की राजधानी थी। हर्ष राज्य व प्रशासन की जानकारी लेने के लिए राज्य में भ्रमण करता रहता था। हर्ष ने महाराजाधिराज की उपाधि धारण की। वह सूर्य की उपासना करता था। बाद में उसका झुकाव बौद्ध धर्म की महायान शाखा की ओर हो गया था। वह प्रति पाँचवें वर्ष प्रयाग में गंगा और यमुना के संगम पर एक महोत्सव का आयोजन कर जनता को दान आदि दिया करता था। हर्ष ने भारत में राजनीतिक एकता स्थापित करने का प्रयास किया। हर्ष स्वयं एक अच्छा साहित्यकार एवं विद्वानों का आश्रयदाता था। अनेक कठिनाइयों के होते हुए भी हर्ष ने न केवल अपने पैतृक राज्य की रक्षा की बल्कि उसे एक विशाल साम्राज्य में परिवर्तित किया।

**प्रश्न 90. चोल कला पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर–** चोलों ने पल्लवों की स्थापत्य कला को आगे बढ़ाया। चोलों की द्रविड़ मंदिर शैली की कुछ विशेषताँए थीं– वर्गाकार विमान, मण्डप, गोपुरम्, कलापूर्ण स्तम्भों से युक्त वृहद् सदन, सजावट के लिए पारम्परिक सिंह (चालि) ब्रैकेट तथा संयुक्त स्तम्भों आदि का होना।राजराज प्रथम का तंजौर का शिव मन्दिर (राजराजेश्वर मन्दिर), द्रविड़ शैली का एक शानदार नमुना है। दक्षिण भारत में नहरों की प्रणाली चोलों की देन है। चोल मंदिरों में चिदम्बरम् और तंजौर के मंदिर सर्वोकृष्ट हैं। चोल युग की नटराज शिव की काँसे की मूर्तियाँ भी सर्वोत्कृष्ट मानी जाती है। मंदिरों की गोपुरम् शैली का विकास इसी युग में हुआ।

**प्रश्न 91. बलबन ने लौह और रक्त की नीति के अनुकरण से दिल्ली सल्तनत को किस प्रकार सुदृढ़ बनाया ?**

**उत्तर–** बलबन तुर्किस्तान के इल्बरी कबीले से सम्बन्धित था। बलबन ने अपने शत्रुओं के प्रति लौह और रक्त की नीति अपनायी जिसमें पुरूषों को मार दिया जाता था और बच्चों व स्त्रियों को गुलाम बनाया जाता था। उसने मंगोलों का सामना करने के लिए एक सैन्य विभाग दीवाने आरिज का

पुनर्गठन किया। उसने कटेहर, दोआब तथा बंगाल के विद्रोहियों का सफलतापूर्वक दमन किया। बलबन तुर्क अमीरों के विद्रोह से परिचित था। इसी कारण उसने दरबार में कठोर अनुशासन बनाए रखा। कानून व्यवस्था की स्थिति को व्यवस्थित करना, चोरी व डाकुओं का दमन तथा राजपूत जमींदारों के शासन विरोधी विद्रोहों को कुचलना उसके प्रमुख कार्य थे।

**प्रश्न 92. शेरशाह के सुधार व निर्माण पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखीए।**

**उत्तर–** शेरशाह सूर साम्राज्य का संस्थापक था। इसका साम्राज्य पश्चिम में कन्नौज से लेकर पूर्व में असम की पहाडियों तक तथा उत्तर में हिमालय से लेकर दक्षिण में बंगाल की खाड़ी तक फैला हुआ था। शेरशाह के सुधार और निर्माण प्रसिद्ध हैं। इसने भूमि माप एंव लगान को व्यवस्थित कर गल्लाबख्शी या बंटाई, नश्क, मुक्ताई या कनकूत और नगदी या जब्ती प्रणाली प्रचलित की। चार बड़ी सड़कों एवं अनेक सरायों का निर्माण करवाया। उसकी सबसे लम्बी सड़क बंगाल के सोनार गाँव से लेकर पेशावर तक थी जिसका अस्तित्व आज भी है। यह सड़क 'ग्रांड ट्रंक रोड' के नाम से विश्व प्रसिद्ध है। मुद्रा ढुलाई में सुधार करते हुए इसने ताँबे का 380 ग्रेन का दाम चाँदी का 178 ग्रेन दाम का रूपया जारी किया।

**प्रश्न 93.** सड़क दुर्घटनाओं से बचने के कोई तीन उपाय बताइए।

**उत्तर–** 1. हमेशा सड़क पर चलते समय यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए।
2. सड़क पर कभी भी नशे में गाड़ी नहीं चलानी चाहिए। 3. कार चलाते समय सीट बैल्ट लगानी चाहिए तथा दो पहिया स्वचालित वाहन चालते समय हेल्मेट लगाना चाहिए।

**प्रश्न 94.** सड़क सुरक्षा के प्रति हमारे कोई तीन कर्त्तव्य बताइए।

**उत्तर–** 1. सड़क पर कोई दुर्घटना होने पर हमें घायलों की मदद करनी चाहिए। 2. हमें यातायात के नियमों एवं कानूनों का पालन करना चाहिए एवं दूसरों को भी इस बारे में प्रोत्साहित करना चाहिए। 3. हमें सड़क सुरक्षा सम्बन्धी चिह्नों का पूरा ज्ञान प्राप्त करना चाहिए एवं दूसरों को भी अवगत कराना चाहिए।

**प्रश्न 95.** ऐसी कोई तीन बातों का उल्लेख कीजिए जो हमें गाड़ी चलाते समय नहीं करना चाहिए।

**उत्तर–** 1. हमें कभी भी नशा करके या शराब पीते हुए गाड़ी नहीं चलानी चाहिए। 2. गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बातें नहीं करनी चाहिए। 3. गाड़ी चलाते समय हमें दूसरी ओर ध्यान बंटाने वाली चीजों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

**प्रश्न 96.** लोगों को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित किन उपकरणों की जानकारी होनी चाहिए।

**उत्तर–** लोगों को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित उपकरणों, जैसे –हेलमेट, सीट बेल्ट, गाड़ी की स्पीड नापने की मशीन, श्वास द्वारा शराब की मात्रा की जांच करने वाली मशीन, रेड स्पीड कैमरा, रिफ्लेक्टर तथा इन्टरसेप्टर के विषय में जानकारी होनी चाहिए।

**प्रश्न 97.** कोहरे में गाड़ी चलाते समय क्या सावधानियां आवश्यक हैं?

**उत्तर–** 1. कोहरे में हमेशा धीमी गति से गाड़ी चलानी चाहिए। 2. वाहनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखनी चाहिए। 3. अपने वाहन की हेडलाइट को ऑन तथा लो बीम मोड़ पर रखनी चाहिए।

**प्रश्न 98.** मानसून के समय सड़क सुरक्षा हेतु सुझाव दीजिए।

**उत्तर–** 1. सड़कों व गलियों में पानी के विकास की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए।
2. विद्युत के तारों को विद्युत कुचालक वस्तु से ढका जाना चाहिए।
3. सड़कों पर पड़े गड्ढों की मानसून से पूर्व मरम्मत करनी चाहिए।
4. सड़कों पर सही स्थानों पर गति अवरोधक लगाए जाने चाहिए।

**प्रश्न 99.** शहरों में वाहनों से ईंधन की खपत में बचत करने के उपाय बताइए।

**उत्तर–** 1. सार्वजनिक वाहनों का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए। 2. लाल बत्ती पर इंजिन बंद कर देना चाहिए 3. गाड़ी की उचित देखभाल की जानी चाहिए। 4. सीएनजी वाहनों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। 5. उपनगरीय रेल/मेट्रो का अधिकाधिक उपयोग किया जाना चाहिए।

**प्रश्न 100.** यदि आप शहर में पैदल चल रहे हैं तो किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

**उत्तर–** पैदल चलते समय हमें सड़क पर न चलकर फुटपाथ पर चलना चाहिए तथा सड़क को हमेशा जेब्रा क्रॉसिंग से ही पार करना चाहिए। सड़क पार करते समय लाइटों का ध्यान रखना चाहिए।

**प्रश्न 101.** सड़क सुरक्षा से आप क्या समझते हैं?

**उत्तर–** सड़क पर पैदल व किसी वाहन से यात्रा करते समय दुर्घटना के अवसरों में कमी लाने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मन्त्रालय भारत सरकार ने कई नीतियां, नियम और संकेत व प्रतीक बनाए हैं। इन नीतियों व नियमों का पालन करके सड़क पर यात्रा करना सड़क सुरक्षा कहा जाता है।

**प्रश्न 102.** यदि कोई व्यक्ति पहली बार सड़क पर वाहन चलाने जा रहा है तो उसे किस बात का ध्यान रखना चाहिए?

**उत्तर–** कोई व्यक्ति यदि पहली बार सड़क पर वाहन चलाने जा रहा है उसे पहले सरकार द्वारा बनाई गई नीतियों, नियमों और संकेतों व प्रतीकों की जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए तथा उसके पास लाइसेन्स भी होना चाहिए।

**प्रश्न 103.** सड़क दुर्घटना के सामान्य कारण बताइए।

**उत्तर–** सड़क दुर्घटना के समान्य कारण निम्न प्रकार हैं–

1. बहुत तेज गति से वाहन चलाना। 2. नशे में गाड़ी चलाना। 3. ड्राइवर का ध्यान बांटने वाली चीजों के कारण दुर्घटना होना 4. लाल बत्ती को लाँघना। 5. सीट बेल्ट और हेलमेट जैसे सुरक्षा साधनों की उपेक्षा। 6. लेन ड्राइविंग का पालन न करना। 7. गलत तरीके से ओवर टेक करना।

**प्रश्न 104.** सुरक्षित साइकिल चलाने हेतु कोई तीन सुझाव दीजिए।

**उत्तर–** 1. साइकिल को सुचारू स्थिति में रखना। उसे चलाने से पहले ब्रेक, टायर, हवा के दबाव, घण्टी, लाइट, चेन आदि की जांच करना।

**प्रश्न 105.** सड़क पर पहली बार वाहन चलाने के लिए जाने वाले को क्या जानकारी लेनी चाहिए?

**उत्तर–** कोई व्यक्ति, जो पहली बार सड़क पर वाहन चलाने के लिए जा रहा हो, उसे पहले सरकार द्वारा बनाई गई नीतियों, नियमों और संकेतों व प्रतीकों की जानकारी लेनी चाहिए, ताकि सड़क पर दुर्घटना के अवसर नहीं आएं।

**प्रश्न 106.** सड़क सुरक्षा' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

**उत्तर–** सड़क पर पैदल व किसी वाहन से यात्रा करते समय दुर्घटना के अवसरों में कमी लाने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार ने नीतियां, नियम और संकेत व प्रतीक बनाए हैं। इन नीतियों व नियमों का पालन करके सड़क पर यात्रा करना " सड़क सुरक्षा" कहा जा सकता है।

**प्रश्न 107.** कोहरे में गाड़ी चलाते समय क्या सावधानियां आवश्यक हैं?

**उत्तर–** 1. कोहरे में हमेशा धीमी गति से गाड़ी चलानी चाहिए। 2. वाहनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखनी चाहिए। 3. अपने वाहन की हैडलाइट को ऑन तथा लो बीम मोड पर रखनी चाहिए। 4. यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आप दूसरों को दिखाई दे रहे है। अपने वाहन के फॉग लैम्प और पांर्किंग लाइट ऑन रखनी चाहिए।

**प्रश्न 108.** यदि आप शहर में पैदल चल रहे हैं तो किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

**उत्तर–** पैदल चलते समय हमें सड़क पर न चल कर फुटपाथ पर चलना चाहिए तथा सड़क को हमेशा जेब्रा क्रॉसिंग से ही पार करना चाहिए। सड़क पार करते समय लाइटों का ध्यान रखना चाहिए।

**प्रश्न 109.** प्यरोलीसिस क्या है?

**उत्तर–** प्यरोलीसिस एक थर्मल प्रक्रिया है जिसमें कचरे का दहन ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में किया जाता है। ये तकनीक कम ऑक्सीजन या बिना ऑक्सीजन वाले क्षेत्रों में प्रयोग की जाती है। प्यरोलीसिस की विशेषता है कि वायु प्रदूषण किए बिना ऊर्जाका पुनःभरण किया जाता है। दहनीय और बिना दहनीय गैसों के मिश्रण से प्यरोलीसिस द्रव्य पैदा किया जाता है।

**प्रश्न 110.** ठोस कचरा प्रबंधन के कोई चार लाभ बताइए।

**उत्तर–** 1. ठोस कचरा प्रबंधन से रोग नियन्त्रित होंगे, जन स्वास्थ्य में सुधार होगा व श्रम करने की क्षमता बढेगी।

2. जहरीले पदार्थों की कम निकासी स`जल प्रदूषण नहीं होगा

3. इससे बिजली उत्पादन के लिए सस्ती ऊर्जा प्राप्त होगी।

4. इससे रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी जिससे लोगों की आय बढ़ेगी।

**प्रश्न 111.** पर्यावरण स्वच्छता में किसे शामिल किया जाता है?

**उत्तर–** पर्यावरणीय स्वच्छता में बीमारियों से सम्बन्धित पर्यावरण के कारकों के नियन्त्रण को शामिल किया जाता है। इसमें ठोस कचरा प्रबंधन, पानी और दूषित जल का उपचार, औद्योगिक कचरा और ध्वनि प्रदूषण नियन्त्रण आदि को शामिल किया जाता है।

**प्रश्न 112.** निर्मल भारत अभियान का उद्देश्य क्या था?

**उत्तर–** निर्मल भारत अभियान ग्रामीण स्वच्छता से सम्बन्धित था। इसका उद्देश्य सामुदायिक सन्तुष्टि दृष्टिकोण अपनाकर ग्रामीण भारत को निर्मल भारत में परिवर्तित करना और 2022 तक सभी ग्रामीण परिवारों को 100 प्रतिशत स्वच्छ करना था।

**प्रश्न 113.** ठोस कचरे का क्या आशय है?

**उत्तर–** ठोस कचरे का तात्पर्य घरों, कारखानों, उद्योगों, अस्पतालों एवं अन्य संस्थानों से निकलने वाले सूखे व गीले अनुपयोगी सामान व कूड़े से है। इससे सब्जी व फल के छिलके, बचा हुआ खाना, कागज, पैंकिग सामग्री, डिब्बे, आर्गेनिक व अनआर्गनिक पदार्थ, बैटरी, सेल, बल्ब, टूटे थर्मामीटर, विषैले पदार्थ, रेडियो एक्टिव पदार्थ आदि शामिल हैं।

**प्रश्न 114.** भस्मीकरण से आप क्या समझते हैं?

**उत्तर–** भस्मीकरण एक थर्मल प्रक्रिया है। कचरे का दहन ऑक्सीजन की उपस्थिति में किया जाता है। भस्मीकरण के बाद कचरा कार्बन डाईऑक्साइड, पानी की भाप तथा राख में बदल जाता है। इसका उपयोग बिजली बनाने के लिए ऊष्मा देने के लिए किया जाता है। भस्मीकरण ऊष्मा देने का अतिरिक्त साधन है। इससे परिवहन की लागत की जाती है तथा मीथेन गैस का उत्पादन कम किया जाता है।

**प्रश्न 115.** स्वच्छता का क्या अभिप्राय हैं?

**उत्तर–** हमारे आस–पास बीमारी फैलाने वाले कचरे या गंदगी में पारिवारिक व कारखानों का दूषित जल, मानव व पशुाओं का ठोस कचरा तथा कृषि सम्बन्धी कचरा शामिल है। इन सभी प्रकार के कचरे का निस्तारण कार्य स्वच्छता है।

**प्रश्न 116.** स्वच्छता में सम्मिलित कोई तीन बातें बताइए।

**उत्तर–** 1. स्वच्छता में मानव के मल–मूत्र, कचरे आदि का सुरक्षित संग्रहण, भण्डारण, उपचार, निस्तारण तथा पुनः प्रयोग शामिल है। 2. इसमें ठोस कचरे का पुनः प्रयोग और पुनः चक्रण का प्रबंधन शामिल है। 3. इसमें पारिवारिक दूषित जल की निकासी और निस्तारण और पुनः प्रयोग/पुनः चक्रण के उपाय शामिल हैं।

**प्रश्न 117.** दूषित जल व कचरा पर्यावरण में मानव स्वास्थ्य को कैसे दुष्प्रभावित करता है?

**उत्तर–** 1. इससे पीने का पानी दूषित होता है।

2. इससे खाद्य श्रृंखला दूषित होती है जैसे– फल, सब्जी, मछली आदि का दूषित होना।

3. नहाने एवं मनोरंजन स`जल दूषित होता है।

4. इससे मक्खियों एवं कीट बढ़ते हैं जो बीमारियां फैलाते हैं।

**प्रश्न 118.** सामुदायिक स्वच्छता का क्या अभिप्राय है?

**उत्तर–** सामुदायिक स्वच्छता का सम्बन्ध ग्रामीण लोगों की सहज व लापरवाही–पूर्ण तरीके से खुले में मल त्याग प्रक्रिया से है। सामुदायकि स्वच्छता के माध्यम से ग्रामीण लोगों को खुले में मल त्यागने से रोकने के लिए अनुदानित सुविधाओं से परिचित कराना है।

**प्रश्न 119** पारिस्थितिक स्वच्छता का क्या तात्पर्य हैं?

**उत्तर–** पारिस्थितिक स्वच्छता का तात्पर्य सुरक्षित कृषि उपायों और स्वच्छता के गहन सम्बन्ध से है। दूसरे शब्दों में पारिस्थितिक व्यवस्थाएं अतिरिक्त संसाधनो के सुरक्षित पुनःचक्रण से है। इसमें पौष्टिक आहार और जैविक फसलों की पैदावार में अनवीनकरण संसाधनों के प्रयोग को कम करना है।

**प्रश्न 120.** पुष्टिकारक स्वच्छता क्या है?

**उत्तर–** पुष्टिकारक स्वच्छता का क्षेत्र सम्पूर्ण स्वच्छता मूल्य श्रृंखला है जिसमें उपभोक्ता के अनुभव पर विष्ठा, मल–मूत्र और दूषित जल के परिवहन, उपचार, पुनः उपयोग या निस्तारण के तरीके शामिल हैं। इनसे पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा होती है।

**प्रश्न 121.** लोकतंत्र का समाजवादी सिद्धांत लोकतंत्र के किन अन्य दो सिद्धांतों के समन्वय से बना है?

**उत्तर–** लोकतंत्र का समाजवादी सिद्धांत लोकतंत्र के उदारवादी सिद्धांत तथा मार्क्सवादी सिद्धांत के समन्वय से बना है। यह उदारवादी लोकतंत्र निहित व्यक्ति की राजनीतिक स्वतंत्रता तथा मार्क्सवादी लोकतंत्र में निहित आर्थिक समानता के आदर्शों को एक साथ ही प्राप्त करना चाहता है।

**प्रश्न 122.** लोकतंत्र के मार्क्सवादी सिद्धांत द्वारा प्रतिपादित जनवादी लोकतंत्र किस प्रकार की शासन प्रणाली है और यह किस सिद्धांत के अनुसार कार्य करती है?

**उत्तर–** लोकतंत्र के मार्क्सवादी सिद्धांत द्वारा प्रतिपादित जनवादी लोकतंत्र सर्वहारा की तानाशाही वाली शासन प्रणाली है जो लोकतांत्रिक केन्द्रवाद के सिद्धांत के आधार पर कार्य करती है।

**प्रश्न 123.** राज्य शासन में मुख्यमंत्री की क्या स्थिति है?

**उत्तर–** 1. राज्य की मंत्रिपरिषद् के प्रधान को मुख्यमंत्री कहा जाता है। मुख्यमंत्री राज्य की कार्यपालिका का वास्तविक प्रधान है। अतः राज्य के प्रशासनिक ढँचे में उसे लगभग वही स्थिति प्राप्त है जो केन्द्र में प्रधानमंत्री की है।

**प्रश्न 124.** उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति किसके द्वारा और किस प्रकार की जाती है?

**उत्तर–** उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। राष्ट्रपति उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तथा राज्यपाल के परामर्श से करता है जबकि अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति वह उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश , उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तथा राज्यपाल के परामर्श से करता है।

**प्रश्न 125.** .राज्य का विधानमण्डल एक सदनात्मक हो या द्विसदनात्मक इसके निर्णय का अधिकार किसको है?

**उत्तर–** राज्य का विधानमण्डल एक सदनात्मक हो या द्विसदनात्मक, इस बात का निर्णय करने का अधिकार राज्य में निर्वाचित प्रतिनिधियों अर्थात् राज्य विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों तथा भारतीय संसद को ही है।

**प्रश्न 126** न्यायिक पुनर्रावलोकन से क्या तात्पर्य है?

**उत्तर–** सर्वोच्च न्यायाल द्वारा कार्यपालिका आदेशों तथा व्यवस्थापिका निर्मित कानूनों की वैद्याानिकता की जांच करना तथा संविधान विरूद्ध होने पर उन्हें अवैध घोषित करना ही न्यायिक पुनर्रावलोकन कहता है।

**प्रश्न 127.** मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए सर्वोच्च न्यायालय कौनसी रीट जारी करता है?

**उत्तर–** मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए सर्वोच्च न्यायालय 5 प्रकार की रीट जारी करता है?

1. बंदी प्रत्यक्षीकरण 2. परमादेश 3. प्रतिषेध 4. उत्प्रेषण 5. अधिकरण पृच्छा

# SECONDARY EXAMINATION, MODEL PAPER-01

## सामाजिक विज्ञान

**समयः 3.15 घण्टे** **पूर्णांकः 80**

1. ''मैं मुट्ठी भर बाजरे के लिए हिन्दुस्तान की सल्तनत खो देता।'' – ये शब्द किसने और कब कहे थे? 01
2. 'इलाहाबाद प्रशस्ति' का लेखक कौन था? वह किस शासक का दरबारी कवि था? 01
3. पल्लव वंश के दो शासकों के नाम बताइए। 01
4. 'थिंक टैंक' की संज्ञा किस भारतीय संगठन को दी गई व इसकी स्थापना कब की गई? 01
5. देश के प्रमुख चार महानगरों को आपस में जोड़ने वाले महाराजमार्ग का नाम लिखिए? 01
6. मुद्रास्फीति की गणना हेतु कौनसे सूचकांक उपयोग में लाए जाते है? 01
7. राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन का गठन कब किया गया? 01
8. सतत् विकास या समावेशी विकास से क्या तात्पर्य है? 01
9. किस क्षेत्र को 'कृषि एवं सहायक क्षेत्र' भी कहा जाता है? 01
10. मानव विकास सूचकांक के स्तर को मापने हेतु सूचकांक का निर्माण किसने किया? 01
11. जल स्वालम्बन अभियान कब प्रारम्भ किया गया इसके दो उद्देश्य लिखिए? 01
12. राज्यपाल की दो स्वविवेकिय शक्तियां लिखिए ? 02
13. गन्ना उत्पादन की भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए एवं गन्ने के उपयोग बताइये? 02
14. धात्विक व अधात्विक खनिज के चार अन्तर बताइये? 02
15. जनसंख्या वृद्धि वर्तमान विकराल रूप लेती जा रही है इसको नियंत्रित करने हेतु चार सुझाव दीजिए? 02
16. दुपहिया वाहन चालक को किन–किन नियमों का पालन करना चाहिये? मोटरवाहन अधिनियम कब लागु हुआ था? 02
17. स्वच्छ भारत मिशन कब प्रारम्भ किया गया इसका लक्ष्य क्या है? 02
18. बालिका शिक्षा को बढावा देने हेतु राजस्थान सरकार द्वारा कौन–कौन से प्रयास किये गये कोई चार प्रयास लिखिए? 02
19. धम्म महामात्रों के चार कार्य लिखिए? 02
20. अकबर एक राष्ट्रीय शासक था या नही तर्क सहित समझाइये ? 04
21. जर्मनी के एकीकरण में विस्मार्क का योगदान बताइये? 04
22. ''लोकतंत्र शासन व्यवस्था अन्य शासन व्यवस्थाओं से बेहतर है।'' उक्त कथन का औचित्य निर्धारित कीजिए? 04
23. वैश्वीकरण क्या है? भारत में इसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रभावों का उल्लेख कीजिए?

**अथवा**

बेरोजगारी क्या है? इसके विभिन्न प्रकार बताते हुए इसे दूर करने हेतु सुझाव दीजिए? 04

24. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के उद्देश्य बताते हुये? वर्तमान में विधिक जागरूकता बढी है? कथन को स्पष्ट कीजिए? 04
25. बैंक क्या है? बैंक के चार कार्य लिखिए तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विमुद्रिकरण किया गया इसके पक्ष व विपक्ष में अपने सुझाव दीजिए ? 04

26. उदारीकरण के अनेक लाभों के बावजूद भी किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है? 04

27. ''1857 का स्वतंत्रता संघर्ष भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम था'' कथन स्पष्ट करते हुए स्वरूप बताइये?

अथवा

राजस्थान मे प्रजा मण्डल आंदोलन के बारे में वर्णन करों? 06

28. सर्वोच्च न्यायालय प्रारम्भिक क्षेत्रा अधिकार व शक्तियों का वर्णन कीजिए?

अथवा

लोक सभा व राज्य सभा की शक्तियों का तुलनात्मक वर्णन कीजिए? 07

29. विधान सभा व विधान परिषद का तुलनात्मक वर्णन कीजिए?

अथवा

''राज्यपाल सोने के पिंजरे में बंद चिड़ीयां के समान है'' फिर भी राष्ट्रपति से अधिक कुछ शक्तियां प्राप्त है इस कथन को ध्यान मे रखते हुये राज्यपाल की स्वविवेकिय शक्तियां बताइये? 07

30. भारत के रेखा मानचित्र में निम्न लिखित को प्रदर्शित कीजिए?

(1) जवाहरलाल नेहरू अर्न्तराष्ट्रीय हवाई अण्डा (2) मुम्बई (3) पारादीप

(4) झालावाड़ (5) गैहूँ उत्पादक राज्य 05

# SECONDARY EXAMINATION, MODEL PAPER-02

## सामाजिक विज्ञान

**समयः 3.15 घण्टे** **पूर्णांकः 80**

1. हर्षवर्धन की दो साहित्यिक रचनाओं के नाम लिखिए? 01
2. हल्दीघाटी का युद्ध कब हुआ? 01
3. लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के प्रकार बताइए? 01
4. नीति आयोग का गठन कब किया गया ? 01
5. राजस्थान का सबसे महत्वपूर्ण व व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग कौनसा है? 01
6. राष्ट्रीय आय को परिभाषित कीजिए? 01
7. हिन्दु विकास दर क्या है? 01
8. भारत में गरीबी व बेरोजगारी का अनुमान कौनसा विभाग लगाता है? 01
9. तृतीयक क्षेत्र में शामिल होने वाली चार सेवाओं का नाम बताइये? 01
10. गरीबी निवारण के दो सुझाव दीजिए? 01
11. यदि राजस्थान में विद्यानपरिषद् की स्थापना करने को तो क्या विधि अपनाई जायेगी? 01
12. जाखम बांध पर संक्षिप्त टिपणी लिखिए? 02
13. कपास उत्पादन की भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए एवं कपास के उपयोग बताइये? 02
14. कोयले को काला सोना क्यो कहते है? 02
15. सूती वस्त्र उद्योग मुम्बई से अहमदाबाद की तरफ क्यों बढ़ रहा है? व्याख्या कीजिए। 02
16. सड़क दुर्घटना से बचाव के लिये उपायों का वर्णन कीजिय? 02
17. ठोस कचरा प्रबंधन कार्यक्रम के चार उद्देश्य के बारे में बताओं। 02
18. 2011 जनगणना के अनुसार राजस्थान की महिला साक्षरता दहनीय है कारण बताइये? 02
19. त्रिराष्ट्रीय गुट को समझाइए? 02
20. बलबन रक्त व लोह नीती बताइये ? 04
21. इटली के एकीकरण में कैवऊर का योगदान बताइये? 04
22. आपके मतानुसार ''लोकतंत्र एक उत्तरदायी, जिम्मेदार और वैध शासन है।''
    अपने मत के पक्ष में तीन तर्क दीजिए। 04
23. भारतीय अर्थव्यवस्था में बहुराष्ट्रीय कम्पनियां वैश्वीकरण की प्रक्रिया में किस प्रकार
    महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है? 04
24. (1) उपभोक्ता के अधिकारों के संरक्षण हेतु बनाए गए अधिनियमों के बारे में बताइए?
    (2) उपभोक्ताओं को दिए गए विभिनन अधिकारों के नाम लिखिए। 04
25. भुगतान संतुलन और व्यापार संतुलन में क्या अंतर है? समझाइए। 04
26. (1) सूचना का अधिकार कानून देश में कब लागू हुआ था?
    (2) 30 दिवस के अंदर सूचना नहीं मिलने पर क्या करना चाहिए? 04
27. भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन में उद्धार वादी, उग्रवादी नीतियां का तुलनात्मक वर्णन करों। 06

**अथवा**

राजस्थान के किसान आंदोलनों का वर्णन करों।

28. संसद के अंग कौनसे है? राज्य सभा व लोक सभा का तुलनात्मक वर्णन करों ?

**अथवा**

राष्ट्रपति की आपातकालिन शक्तियों का तुलनात्मक वर्णन करों? 07

29. विधान सभा गठन निर्वाचन व शक्तियों का वर्णन करो?

**अथवा**

मंत्री मण्डल व मंत्री परिषद् में अन्तर बताइए?मंत्री मण्डल के कार्यो का वर्णन कीजिए। 07

30. भारत के रेखा मानचित्र में निम्न लिखित को प्रदर्शित कीजिए?

(1) सुभाष चन्द्र बोस अर्न्तराष्ट्रीय हवाई अण्डा (2) अहमदाबाद (3) हल्दीयां

(4) भाखड़ा नागल डेम (5) कपास उत्पादक राज्य 05

## सामाजिक विज्ञान मॉडल प्रश्न पत्र–3

| | | |
|---|---|---|
| 1 | मेगस्थनीज किसके शासन काल में भारत आया ? | 01 |
| 2 | विश्व प्रसिद्व हल्दीघाटी का युद्व कब व किसके मध्य हुआ था ? | 01 |
| 3 | लोकतंत्र के  दो दोष बताइये ? | 01 |
| 4 | मुम्बई पत्तन के अधिक परिवहन को ध्यान में रखकर इसके सामने कौनसा पत्तन विकसीत किया गया ? | 01 |
| 5 | प्रति व्यक्ति आय की गणना का सूत्र लिखीए ? | 01 |
| 6 | मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए मौद्रिक उपाय किसके द्वारा लागू किये जाते हैं ? | 01 |
| 7 | निरपेक्ष गरीबी की अवधारणा को स्पष्ट किजीये ? | 01 |
| 8 | नीती आयोग की स्थापना का उद्देश्य बताइये ? | 01 |
| 9 | व्यापार चक्र का क्या अर्थ हैं ? | 01 |
| 10 | भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष उत्पन्न चुनौतियाँ कौनसी है ? | 01 |
| 11 | उच्च न्यायालय के न्यायधीशों की नियुक्ति हेतु कोई दो योग्यताएँ बताइये ? | 02 |
| 12 | बीसलपुर परियोजना के द्वारा किन स्थानों में पेयजल आपूर्ति के साथा सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हुआ है ? | 02 |
| 13 | चावल उत्पादन के लिए भौगोलिक दशाएँ क्या होनी चाहिए ? | 02 |
| 14 | मानव जीवन में स्वच्छता का क्या महत्व है ? | 02 |
| 15 | सूती वस्त्र उद्योग को भारत में आधुनीक उद्योगों की जननी क्यों कहा जाता है ? | 02 |
| 16 | भारत में लिंगानुपात कम होने के चार कारण बताइये ? | 02 |
| 17 | भारत के प्रमुख अन्तराष्ट्रीय हवाईअडडो के नाम बताइये ? | 02 |
| 18 | एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते एक वाहन चालक के वाहन चलाते समय क्या–क्या कर्तव्य हैं ? | 02 |
| 19 | अशोक के 'धम्म' का सार लिखीए ? | 02 |
| 20 | 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की जनसंख्या की स्थिती स्पष्ट कीजिए ? | 04 |
| 21 | यंग इटली को समझाइये ? | 04 |
| 22 | सत्ता के विकेन्द्रीकरण तथा स्थानीय स्वशासन से क्या तात्पर्य है ? | 04 |
| 23 | बहुराष्ट्रीय कंपनी की किन्हीं तीन विशेषताओं को समझाइये ? | 04 |
| 24 | विधिक जागरूकता हेतु क्या उपाय करने चाहिए ? (कोई दो) | 04 |
| 25 | वर्तमान में व्यापारिक बैंक ग्राहकों को अनेक सुविधाएँ प्रदान कर रहे हैं। व्यापारिक बैंकों के अन्य कार्य क्या है ? | 04 |
| 26 | मुल्य के मापक के रूप में मुद्रा के कार्य लिखीए ? | 04 |
| 27 | आंग्ल–मैसूर संघर्ष के बारे में वर्णन करो ?<br>अथवा<br>बिजौलिया किसान आन्दोलन पर निबन्ध लिखीए ? | 06 |
| 28 | संसद के कार्य व शक्तियाँ बताइये ?<br>अथवा<br>राष्ट्रपति की निर्वाचन प्रकिया को समझाइये ? | 07 |

29 विधानसभा व विधानपरिषद की शक्तियों का तुलनात्मक वर्णन किजीए ? 07

अथवा

उच्चन्यायालय की शक्तियों का वर्णन किजीए ?

30 भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखीत को प्रदर्शित किजीए ? 05

(अ) रावतभाटा (चितौडगढ)

(ब) भिलाई

(स) कर्नाटक (जनसंख्या)

(द) नागपुर

(च) पाराद्वीप

## सामाजिक विज्ञान मॉडल प्रश्न पत्र– 4

1 पल्लवकालीन महाबलीपूरम् नगर क्यों प्रसिद्व हैं ? 01

2 पानीपत का प्रथम युद्व कब व किसके मध्य हुआ ? 01

3 राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 की लम्बाई राजस्थान में कितनी है ? 01

4 कौनसा ऐसा देश है जिसमें संघीय स्तर पर संसदात्मक–अध्यक्षात्मक शासन प्रणालियों के मिश्रित रूप को अपनाया गया है ? 01

5 मानव विकास की अवधारणा कब मुखर हुई ? 01

6 किस अवधि को, भारतीय पंचवर्षीय योजनाओं में 'योजना अवकाश' कहा जाता है ? 01

7 समग्र माँग में वृद्धि के कारण होने वाली मुद्रा–स्फीति को क्या कहा जाता है ? 01

8 वर्तमान में नीति आयोग के अध्यक्ष कौन है ? 01

9 योजना आयोग का मुख्य कार्य क्या था ? 01

10 भारत में जीवन की निम्न गुणवत्ता का क्या कारण है ? 01

11 उच्च न्यायालय अभिलेख न्यायालय के रूप में काम करता है। स्पष्ट कीजिए ? 02

12 जोहड़ किन स्थानों में जल संग्रहण का प्रमुख साधन हैं ? सामान्यतः यह टाँके से किस तरह भिन्न है? यह किसका पेयजल साधन माना जाता है ? 02

13 राजस्थान कौनसी दाल उत्पादन के लिये अग्रणी माना जाता है ? इसकी उपज किस प्रकार के भागों में होती है ? दाल उत्पाद के लिये राजस्थान के कौन–कौनसे जिलें प्रमुख है ? 02

14 लोहे को आर्थिक उन्नति का बैरोमीटर क्यों कहा जाता है ? 02

15 गुजरात में सुती वस्त्र उद्योग की स्थापना के पाँच कारण बताइये ? 02

16 लिंगानुपात में अंतर दूर करने के लिए सरकार के द्वारा कौनसे उपाय अपनाये गये हैं ? 02

17 प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना क्या है ? 02

18 सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारण क्या है ? 02

19 शुष्क स्वच्छता व पर्यावरणीय स्वच्छता से क्या समझते है ? 02

20 चोल प्रशासन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ? 04

21 मुहम्मद तुगलक की पाँच योजनाओं के नाम लिखीए ? 04

22 वाटरलू का युद्व कब व किसके मध्य हुआ ? 04

23 भारतीय अर्थव्यवस्था में उदारीकरण के कोई दो प्रभाव लिखीए ? 04

24 ऐसे तीन तथ्यात्मक तर्क दीजिए जो भारत के लोकतंत्र के उज्जवल भविष्य को प्रकट करते हैं ? 04

25 वित्तीय साक्षरता का प्रोजेक्ट क्या है ? संक्षिप्त में विवरण दीजिए। 04

26 राजस्थान राज्य विधिक सेवा क्या भूमिका निभाती है ? 04

27 बक्सर युद्व के कारणों व परिणामों के बारे में एक टिप्पणी दीजिए ? 06

28 राष्ट्रपति की आपातकालीन शक्तियाँ क्या है ? 06

29 मान लिजीए आप विधानसभा अध्यक्ष है और आपको सदन के सदस्यगण हटाना चाहते हैं। इसके लिए उन्हें जिस विधि का अनुसरण करना होगा, उसे संक्षेप में समझाइए ? 06

अथवा

राज्यपाल की नियुक्ति के संबंध में जो परम्पराएँ व्यवहार में स्थापित हो गई है, उनका उल्लेख किजीए ?

30भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखीत को प्रदर्शित किजीए। 05

(1) पोरबन्दर (2) आन्ध्रप्रदेश (3) रावतभाटां (4) भाखड़ा नांगल परियोजना (5) चैन्नई

नमूना प्रश्न पत्र

माध्यमिक परीक्षा, 2018

**SECONDARY EXAMINATION, 2018**

सामाजिक विज्ञान

**SOCIAL SCIENCE**

समय : 3:15 धण्टे

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :–

GENERAL INSTRAUCTIONS TO THE EXAMINEES

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

Candidate must write frist hid/ her Roll on the question paper compulsory.

2.सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

All the questions are compulsory.

3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।

Write the answer to each question in the given answer sheet only.

4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

For question having more than one part, the answers to those parts are to be written togeather in continuity.

5. प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।

If there is any error/difference/contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi versions should be treated valid.

| प्रश्न संख्या | अंक प्रति प्रश्न | उत्तर की शब्द सीमा |
|---|---|---|
| 1—10 | 1 | 20 शब्द |
| 11—19 | 2 | 40 शब्द |
| 20—26 | 4 | 100 शब्द |
| 27,29 | 6 | 150 शब्द |
| 28 | 7 | 150 शब्द |

| Que. no. | Marks per Que. | Word Limit of ans. |
|---|---|---|
| 1—10 | 1 | 20 Word |
| 11—19 | 2 | 40 Word |
| 20—26 | 4 | 100 Word |
| 27,29 | 6 | 150 Word |
| 28 | 7 | 150 Word |

7. प्रश्न संख्या 30 मानचित्र कार्य से संबंधित है और 05 अंक का है।

Question no. 30 is related to map work carrying 5 marks.

8. प्रश्न संख्या 24,27,28 तथा 29 में आन्तरिक एकांतक विकल्प हैं।

There are internal choices in Q. No. 24,27,28 and Q.No 29.

---

1. पल्लवकालीन महाबलीपुरम् नगर क्यों प्रसिद्ध है ?

Why is **Mahabalipuram** of pallav era famous? 01

2. वर्तमान में अस्तित्व रखने वाली शेरशाह द्वारा निर्मित सर्वाधिक लम्बी सड़क का नाम लिखिए।

Write the name of the still alive longest road built by Shershah. 01

3. '' लोकतन्त्र जनता का, जनता के लिए तथा जनता के द्वारा शासन है'' यह कथन किस विद्वान का है ?

"Democracy is of the people's, for the people's & by the people's" which thinker has this statement ? 01

4. राजस्थान से उत्पाद निर्यात हेतु आप किस निकटतम बन्दरगाह का चयन करेंगे ?

Which nearest Port will you select for product export from Rajasthan ? 01

5. भारत में राष्ट्रीय आय की गणना कौनसी संस्था करती है ?

Which Institution calculate the National Income in India ? 01

6. ''**प्लान्ड इकॉनॉमी ऑफ इंडिया**'' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

Who is the author of **" Planned Economy of India"** ? 01

7. **नीति आयोग** के वर्तमान अध्यक्ष का नाम लिखिए।

Write the name of Present Chairman of **NITI AAYOG**. ? 01

8. मुद्रास्फीति किसे कहते हैं ?

What is Infalation ? 01

9. गरीबी के दुष्चक्र की परिकल्पना किसने प्रस्तुत की ?

Who present the hyphothesis of Vicious Cycle of Poverty ? 01

10. छिपी हुई बेरोजगारी किसे कहते हैं ?

What is disguised Unemployment ? 01

11. राज्य विधानसभा की दो वित्तीय शक्तियों को समझाईये।

Explain the two Financial Powers of the State Assembly. 1+1 = 02

12. राज्य में जल संरक्षण की चार विधियों के नाम लिखिए।

Write four Methods of Water Conservation in Rajasthan. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$ = 02

13. भारतीय कृषि को ऋतुओं के आधार पर कितने भागो में बांटा गया है ? उदाहरण सहित नाम लिखिए।

How many parts of Indian Agriculture are distributed on the basis of Seasons ?

Write name with Examplesl. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}\times3$= 02

14. ऊर्जा खनिज किसे कहते हैं ? भारत में पेट्रोलियम पदार्थ के भण्डार क्षैत्रों के नाम लिखिए।

What is Power Minerals ? Write the name of Petroleum fields in India. $\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}$ = 02

15. सूती वस्त्र उद्योग की स्थापना हेतु आप भारत के किन–किन राज्यों का चयन करेंगे ?

Which States of India will you choose for the establishment of cotton Textilles Industry ? 02

16. जनसंख्या वृद्धि किसे कहते हैं ? इसके कोई दो कारण लिखिए।

What is population growth ? Write its two reasons. $1+\frac{1}{2}\times2$ = 02

17. जल परिवहन किसी भी देश को सबसे सस्ता यातायात प्रदान करता है, क्यों ?

Why is water transport provides the cheapest traffic to any Country ? 02

18. सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु चार उपाय सुझाइए।

Give four suggestion to prevant road Accident. $\frac{1}{2}\times4$= 02

19. नगरपालिका अध्यक्ष के रूप में आपके द्वारा ठोस कचरा निस्तारण हेतु अपनाये जाने वाले किन्ही चार उपाय का उल्लेख कीजिए।

As a municipal Chairman, mention any four measures you can take to settle solid waste. $\frac{1}{2}\times4$= 02

20. अशोक के **'धम्म'** की अवधारणा लिखिए।

Write the concept of Ashoka's **'Dhamm'.** 04

21. महाराणा प्रताप द्वारा मुगलों के प्रतिरोध का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

Describe in brief about the struggle of Maharana Pratap with Mughal. 04

22. औद्योगिक क्रांति का प्रारम्भ सर्वप्रथम इंग्लैड में ही क्यों हुआ ? कोई चार कारण लिखिए।

Why did Industrial Revolution first Start in England only ? write any four reasons. $1\times4$= 04

23. लोकतन्त्र की सफलता के लिए आवश्यक परिस्थितियाँ कौन–कौन सी है ? (कोई चार)

Which conditions are essential for the successness of Democracy ? 1×4= 04

24. ''**भारतीय अर्थव्यवस्था एक विकासशील अर्थव्यवस्था है**''। कथन के पक्ष में चार तर्क दीजिए।

" Indian Economy is a developing Economy" give four arguments in favour of this Statement. 1×4= 04

अथवा OR

'' **भारतीय अर्थव्यवस्था एक अविकसित अर्थव्यवस्था है**''। कथन के पक्ष में चार तर्क दीजिए।

" Indian Economy is a undeveloped Economy" give four arguments in favour of this Statement. 1×4= 04

25. मुद्रा के किन्ही चार प्रमुख कार्यों का उल्लेख कीजिए।

Mention any four important functions of Money . 1×4= 04

26. विधिक जागरूकता लाने हेतु चार उपाय सुझाइए।

Suggest any four measures for Legal awareness . 1×4= 04

27. भारतीय राष्ट्रवादी आन्दोलन के दौरान 1919 से 1947 के मध्य की प्रमुख घटनाओं की विवेचना कीजिए।

Analysis the event of Indian nationalist movement between 1919 to 1947. 06

अथवा OR

20वीं सदी में राजस्थान के जनजातीय तथा किसान आन्दोलनों पर प्रकाश डालिए।

Focus on Trible & Peasant movements of 20th Century Rajasthan's. 2+4= 06

28. संसद के सदन कौन–कौन से है ? संसद की शक्तियों का वर्णन कीजिए।

Which are the houses of Parliament ? Describe the powers of Parliament. 2+5= 07

अथवा OR

लोकसभा का संगठन बताते हुए, इसके अध्यक्ष की शक्तियों का वर्णन कीजिए।

Describe the Organition of Loksabha & powers of its President. 2+5= 07

29. राज्यपाल के रूप में आप किन–किन शक्तियों का उपयोग करेंगे ?

Which powers will you use as a State Governor ? 1½×4 = 06

अथवा OR

मुख्यमंत्री के रूप में आप किन–किन शक्तियों का उपयोग करेंगे ?

Which powers will you use as a Chief Minister ? $1\frac{1}{2} \times 4 = 06$

30. दिए गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए :–

(अ) कोलकाता (ब) चम्बल घाटी परियोजना

(स) बाड़मेर (द) सेलम

(य) दिल्ली

Mark the following in the given outline Map of India :-

(A) Culcutta (B) Chambal Valley Project

(C) Barmer (D) Salem

(E) Delhi $1 \times 5 = 05$

# उत्तर तालिका – सामाजिक विज्ञान

| प्रश्न संख्या | अपेक्षित उत्तर | खंडवार अंक | अंक | पाठ्य पुस्तक की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पाँच रथ मंदिरों के कारण प्रसिद्ध, जिनमें चट्टानों को तराशकर मूर्तियां उत्त्कीर्ण की गई है। | – | 1 | 16 |
| 2. | ग्राण्ट टंक रोड़ | – | 1 | 25 |
| 3. | अब्राहम लिंकन | – | 1 | 72 |
| 4. | कांडला बन्दरगाह | – | 1 | 160 |
| 5. | केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO) | – | 1 | 165 |
| 6. | सर एम. विश्वेश्वरैया | – | 1 | 168 |
| 7. | प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी | | 1 | 169 |
| 8. | सामान्य कीमत स्तर में सतत् वृद्धि की स्थिति | | 1 | 180 |
| 9. | रेग्नर नर्क्से | | 1 | 184 |
| 10. | रोजगार में संलग्न व्यक्ति का कुल उत्पादन में योगदान शून्य या नगण्य होना, उसे वहां से हटाने पर भी उत्पादन की मात्रा में कमी न होना। | | 1 | 186 |
| 11. | 1. आय व्यय पर नियंत्रण<br>2. वार्षिक लेखा जोखा<br>3. संचित निधि (इनमें से काई दो) | 1+1 | 2 | 94 |
| 12. | (1) बावड़ी (2) तालाब (3) झीलें (4) नाड़ी (5) टांका (6) जोहड (7) बेरी या छोटी कुई (8) खड़ीन **कोई चार** | ½×4 | 2 | 107–109 |
| 13. | तीन भागो में –<br>1. खरीफ फसल – उदाहरण – मक्का, बाजरा, मूंग, सोयाबीन, उड़द, चावल, गन्ना (कोई एक)<br>2. रबी फसल – गेहूं, चना, जौ, तिलहन, जीरा, धनिया, अफीम, इसबगोल (कोई एक)<br>3. जायद फसल – तरबूज, खरबूजा, लौकी, ककडी, खीरा (कोई एक) | ½+½×3 | 2 | 113 |
| 14. | ऊर्जा खनिज – ऐसे प्राक्रतिक स्रोत जिसे मानव सूर्य जीवाश्म पदार्थ, परमाणु घटको से प्राप्त करता है।<br>भारत में पेट्रोलियम भण्डार क्षेत्र :–<br>1. ब्रह्मपुत्र घाटी (आसाम, सुरमा घाटी)<br>2. सुन्दर वन डेल्टा (पं. बंगाल)<br>3. उडीसा का पूर्वी तटीय भाग<br>4. राजस्थान<br>5. सौराष्ट्र<br>6. हिमालय का तराई क्षेत्र<br>7. मुम्बई बेसिन<br>8. गोदावरी बेसिन **(कोई तीन)** | ½+½×3 | 2 | 127 |
| 15. | महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, पं. बंगाल, राजस्थान (कोई चार) | ½×4 | 2 | 132,133 |
| 16. | किसी विशेष समयान्तराल में किसी देश/राज्य/ स्थान के निवासियों की संख्या में परिवर्तन कारण (1) जन्म दर अधिक (2) मृत्यु दर न्यून (3) प्रवास **(कोई चार)** | 1+½×2 | 2 | 142,143 |
| 17. | क्योकि जल परिवहन के निर्माण में परिवहन मार्गो का निर्माण नहीं करना पड़ता है और केवल जल परिवहन के साधनो से ही यातायात किया जाता है, अतः यह सबसे सस्ता है। | – | 2 | 158 |
| 18. | पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ संख्या 204 एवं 205 से चार सुझाव अपेक्षित | ½×4 | 2 | 204,204 |
| 19. | पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ संख्या 212 एवं 213 से चार सुझाव अपेक्षित | ½×4 | 2 | 212,213 |
| 20 | मनुष्य की नैतिक उन्नति हेतु प्रतिपादित आदर्श 'धम्म' कहलाया, जिसमें पाप धर्म से निवृति, विश्वकल्याण, दया, दान, सत्य, एवं कर्मशुद्धि, साधु स्वभाव रखना, कल्याणकारी कार्य करना, माता–पिता, गुरू के प्रति आदर आदि आदर्शो का समावेश किया गया। | – | 4 | 03 |
| 21. | महाराणा प्रताप द्वारा अकबर की अधीनता को स्वीकार नहीं किया गया। अकबर द्वारा भेजे गये चारो दल के प्रस्ताव को ठुकराना, हल्दीघाटी युद्ध (1576) फरवरी 1577 से नवम्बर 1579 तक तीन मुगल प्रयासों को | | 04 | 30,31 |

# उत्तर तालिका – सामाजिक विज्ञान

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | असफल कर दिवेर पर अधिकार कर लेना आदि प्रमुख घटनाएं प्रताप एवं मुगलों के बीच प्रतिरोध के दौरान हुई (अन्य संभावित उत्तर भी मान्य) | | | |
| 22. | 1. इंग्लैड का विस्तृत औपनिवेशक सामाज्य<br>2. लोहे, कोयले की खानो का पास–पास होना<br>3. उपभोग के अनुरूप उत्पादन<br>4. पूंजी की उपलब्धता<br>5. अनुकूल भौगोलिक स्थिति<br>6. फ्रासीसी क्रांति एवं युद्ध **(कोई चार)** | 1×4 | 04 | 60,61 |
| 23. | 1. शांति व व्यवस्था<br>2. आर्थिक समानता<br>3. शिक्षित व जागरूक जनता<br>4. सुदृढ़ राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था | 1×4 | 04 | 75 |
| 24. | 1. राष्ट्रीय आय तथा प्रति व्यक्ति आय में सतत् एवं तीव्र वृद्धि<br>2. अर्थव्यवस्था की संरचना में परिवर्तन<br>3. आर्थिक एवं सामाजिक आधार संरचना में सुधार<br>4. अन्य कारक **(संक्षिप्त वर्णन अपेक्षित)** | 1×4 | 04 | 173,174 |
| | अथवा<br>1. निम्न प्रति व्यक्ति आय<br>2. जीवन की निम्न गुणवत्ता<br>3. गरीबी की समस्या<br>4. कृषि पर अत्यधिक निर्भरता<br>5. जनांकिकीय कारक<br>6. बेरोजगारी की समस्या<br>7. पिछडी हुई तकनीक **(कोई चार)**<br>संक्षिप्त वर्णन अपेक्षित | 1×4 | 04 | 171,172 |
| 25. | 1. विनियम का माध्यम<br>2. मूल्य का मापक<br>3. विलम्बित भुगतानों की मापक<br>4. मूल्य का भण्डार<br>5. मुद्रा के अन्य कार्य तथा अर्थव्यवस्था में भूमिका<br>(कोई चार), संक्षिप्त विवरण अपेक्षित | 1×4 | 04 | 190,191 |
| 26. | पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ संख्या 201 से चार सुझाव अपेक्षित | 1×4 | 04 | 201 |
| 27. | 1919 से 1947 के मध्य प्रमुख घटनाऐं<br>1. रोलेट एक्ट –1919<br>2. जलियांबाला बांग हत्याकांड – 1919<br>3. असहयोग आन्दोलन – 1920<br>4. साइमन कमीशन – 1928<br>5. सविनय अवज्ञा आन्दोलन – 1930<br>6. व्यक्तिगत सत्याग्रह – 1940<br>7. भारत छोडो आन्दोलन – 1942<br>**(कोई भी तीन मान्य)** | 2×3 | 06 | 51,52 |
| | **अथवा**<br>20वीं सदी में राजस्थान के जनजातीय आन्दोलन<br>1. भगत आन्दोलन 1913<br>2. एकी आन्दोलन 1917<br>किसान आन्दोलन<br>1. बिजौलिया किसान आन्दोलन – भीलवाड़ा<br>2. सीकर किसान आन्दोलन 1922–1934<br>3. बेगू किसान आन्दोलन 1921<br>4. बरड किसान आन्दोलन 1922–1927<br>5. नीमूचाणा किसान आन्दोलन 1925<br>**(कोई भी दो मान्य) (वर्णन अपेक्षित)** | 1×2+2×2 | 06 | 53,54 |

# उत्तर तालिका – सामाजिक विज्ञान

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 28. | (अ) लोकसभा<br>(ब) राज्य सभा<br>1. विद्यार्थी शक्तियां<br>2. संविधान में संशोधन<br>3. वित्तीय शक्तियां<br>4. प्रशासनिक शक्तियां<br>5. निर्वाचन संबंधी शक्तियां<br>अथवा<br>लोकसभा का संगठन<br>1. सदस्य संख्या<br>2. निर्वाचन<br>3. योग्यताएं<br>4. कार्यकाल<br>5. अधिवेशन<br>(किन्ही दो की विवेचनाऐ)<br>अध्यक्ष का कार्य<br>1. बैठको की अध्यक्षता<br>2. सदन के नेता से परामर्श<br>3. समितियों का पदेन सभापति<br>4. धन विधेयक है या नहीं<br>5. संसद व राष्ट्रपति के बीच पत्र व्यवहार | 1×2+1×5 | 2+5= 7 | 79,80 |
| 29. | 1. कार्यपालिका की शक्तियां<br>2. विद्यार्थी शक्तियां<br>3. वित्तीय शक्तियां<br>4. न्यायिक शक्तियां<br>अथवा<br>1. मंत्रिपरिषद का निर्माण<br>2. मंत्रियों में कार्य का बटवारा<br>3. मंत्रिमंडल का कार्य संचालन<br>4. विधानसभा का नेता | 1½+1½<br>1½+1½<br><br><br><br><br><br>1½+1½<br>1½+1½ | 06<br><br><br><br><br><br><br>06 | 95<br><br><br><br><br><br><br>98 |
| 30 | कोलकात्ता (सूती वस्त्र – होजरी उद्योग)<br>चम्बल घाटी परियोजना (राजस्थान–मध्यप्रदेश)<br>बाडमेर (राजस्थान, कोयला + लिग्नाइट श्रेत्र)<br>सेलम (तमिलनाडु, लौह इस्पात उद्योग)<br>दिल्ली (अति जनसंख्या)<br>(रेखामानचित्र में (दर्शाइए) | 1×5 | 5 | 117<br>105<br>127<br>132<br>141 |